संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, गुरूवार, 13 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 162 पृष्ठ: 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



टीडीपी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बुके देकर स्वागत करते हुए नायडू।

# मोहन माझी की हुई 'ताजपोशी'

● मोहन माझी ने ली ओडिशा के सीएम पद की शपथ, पीएम मोदी-शाह समेत कई भाजपा नेता रहे मौजूद

**टीम एक्शन इंडिया**

**भुवनेश्वर:** ओडिशा में पहली बार भाजपा की सरकार बनी। क्योंझर से विधायक मोहन चरण माझी ने भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उनके साथ केवी सिंह देव और प्रभाती परिदा ने राज्य के उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसी के साथ ओडिशा में पहली बार एक सीएम, दो डिप्टी सीएम और 13 मंत्रियों की सरकार बनी। शपथ ग्रहण समारोह शाम 5 बजे शुरू हुआ। इस कार्यक्रम को भुवनेश्वर के जनता मैदान में आयोजित किया गया। ओडिशा के मुख्यमंत्री के तौर पर मोहन चरण मांझी के शपथ समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भुवनेश्वर पहुंचे। एयरपोर्ट पर ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास और स्वयं मोहन चरण मांझी ने पीएम मोदी का स्वागत किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल भी शपथ समारोह में मौजूद रहें। पूर्व सीएम नवीन पटनायक भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। बता दें कि माझी के नाम का एलान 11 जून को हुई विधायक दल की बैठक में किया गया। भाजपा ने वरिष्ठ पार्टी नेता राजनाथ सिंह और भूपेंद्र यादव को ओडिशा में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। सीएम चुने जाने के बाद माझी ने कहा कि वह मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए पुरी जाएंगे। बता दें कि मोहन माझी के अलावा 16 अन्य मंत्रियां ने भी शपथ ली। गणेश राम, संपंद स्वेन, प्रदीप बालासमंता, गोकुला नंद मलिक, सूर्यबंशी सुराज को मंत्री स्वतंत्र प्रभार की शपथ दिलाई गई। **घोटाला उजागर करने के लिए विस अध्यक्ष पर फेंक दी थी दाल:** 2023 में माझी तब सुर्खियों में आए थे जब उन्होंने 700 करोड़ रुपये के मिड डे मील घोटाले को उजागर करने के लिए अनूठे तरीके से विधानसभा में विरोध किया था। माझी ने तब एक कटोरी बिना पकी दाल स्पीकर की तरफ उछाल दी थी।

**भाजपा ने जताया भरोसा:** चार बार एक ही विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल करने वाले माझी पर इस बार भारतीय जनता पार्टी ने भरोसा जताया और उन्हें ओडिशा का 15वां मुख्यमंत्री नियुक्त किया है। आपको बता दें कि इस बार ओडिशा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में बीजू जनता दल के विजयरथ को रोका और बड़ी जीत दर्ज की। 147 में से 78 सीटों पर जीत हासिल कर भारतीय जनता पार्टी ओडिशा में सबसे बड़ा दल बनकर उभरी। पार्टी ने मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए बिना पीएम मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ा था।





## माझी का ऐसा रहा है सियासी सफर

**मोहन** चरण माझी का जन्म 1972 में ओडिशा में हुआ था। उनके पिता का नाम गुनाराम माझी है। उनकी शादी डॉ. प्रियंका मरांडी से हुई है और उनके दो बेटे हैं। मोहन चरण माझी ने अपना सियासी करियर एक सरपंच के रूप में शुरू किया था। उन्होंने यह जिम्मेदारी 1997 से 2000 के बीच संभाली। 1997 में उन्हें भाजपा ओडिशा आदिवासी मोर्चा के सचिव की जिम्मेदारी मिली। इसके अलावा मोहन स्थानीय स्तर पर युबज्योति क्लब, रायकला के अध्यक्ष, बाबा धबलेश्वर महादेव मंदिर समिति, रायकला के सदस्य और भाजपा ओडिशा एसटी मोर्चा के महासचिव जैसे पदों पर भी रहे।

**फुटबॉल खिलाड़ी रहे हैं मोहन:** हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में मोहन ने अपनी संपत्ति 1.97 करोड़ रुपये घोषित की थी। वह खुद को पेशे से किसान और समाजसेवक बताते हैं। शैक्षिक योग्यता की बात करें तो माझी स्नातक पेशेवर हैं। 1993 में सीएस कॉलेज चंपुआ से बीए किया है। इसके बाद मोहन ने 2011 में ढेंकनाल लॉ कॉलेज से एल.एल.बी. किया है। यात्रा और खेल का शौक रखने वाले मोहन रायकला, क्योंझर में राइजिंग स्टार क्लब के फुटबॉल खिलाड़ी रहे हैं।

## विधानसभा चुनाव में क्योंझर सीट से जीते

**आदिवासी** नेता मोहन माझी ने विधानसभा चुनाव में क्योंझर सीट से जीत हासिल की है। इस चुनाव में उन्होंने बीजू जनता दल की मीना माझी को 11,577 मतों से शिकस्त दी। 52 वर्षीय भाजपा नेता की विधानसभा चुनाव में यह चौथी जीत है। वह पहली बार 2000 में क्योंझर (एसटी) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के विधायक चुने गए थे। इसके बाद 2004, 2019 और अब 2024 में भी क्योंझर सीट से जीते हैं। माझी ओडिशा विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक भी रह चुके हैं।



आंध्र प्रदेश के सीएम नायडू और पवन कल्याण ने पीएम मोदी को भगवान की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया।

## आंध्र प्रदेश: चंद्रबाबू ने ली सीएम पद की शपथ





**टीम एक्शन इंडिया**

**विजयवाड़ा:** टीडीपी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। नायडू के साथ राज्य कैबिनेट के कई मंत्रियों ने भी शपथ ली। वहीं, जन सेना पार्टी के अध्यक्ष पवन कल्याण को उपमुख्यमंत्री बनाया गया। गौरतलब है, आंध्र प्रदेश विधानसभा में एनडीए ने एक तरफा जीत दर्ज की है। मंगलवार को तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने चंद्रबाबू नायडू को अपने विधायक दल नेता चुना था और उन्होंने चौथी बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इनके अलावा, पवन कल्याण, नायडू के बेटे नारा लोकेश और कई मंत्रियों को राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने शपथ दिलाई। गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर बधाई देते हुए कहा, 'मुख्यमंत्री नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण और अन्य सभी लोगों को बधाई, जिन्होंने आज पद की शपथ ली। मेरा दृढ़ विश्वास है कि एनडीए सरकार आंध्र प्रदेश राज्य को समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी, लोगों की आकांक्षाओं और आशाओं को पूरा करेगी।'

**जिम्मेवारी**

▶▶ टीम में डिप्टी सीएम पवन कल्याण समेत 24 मंत्री, पीएम मोदी समारोह में हुए शामिल

**शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद रहेंगे यह लोग:** बुधवार सुबह राज्यपाल ने 74 वर्षीय चंद्रबाबू नायडू को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत कई दिग्गज मौजूद रहे। वहीं, पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एन वी रमण और सुपरस्टार रजनीकांत और चिरंजीवी ने भी समारोह में हिस्सा लिया।

**जब पीएम ने लगाया गले:** वहीं सबसे देखने लायक दृश्य तब था, जब पीएम मोदी ने चंद्रबाबू नायडू के पद संभालने पर उन्हें गले लगाया और थपथपाया।

## जी7 शिखर सम्मेलन से पहले खालिस्तान समर्थकों का कायराना हरकत

**रोम: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की यात्रा से पहले खालिस्तान समर्थकों ने इटली में महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। मालूम हो कि 50वां जी-7 शिखर सम्मेलन इस बार इटली के अपुलिया में 13 से 15 जून तक आयोजित होने वाला है। वहीं, इटली के मिलान में कथित तौर पर खालिस्तानी समर्थकों द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने के मामले पर विदेश मंत्रालय का बयान सामने आया है। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि हमने इसकी रिपोर्ट देखी है और भारत ने इस मुद्दे को इटली के अधिकारियों के समक्ष उठाया है। मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरे कार्यकाल का कार्यभार संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा इटली की करने वाले हैं।

**आदर्श विचार**



"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"
-स्वामी विवेकानंद

## खुदरा महंगाई दर 12 महीने के निचले स्तर पर



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश की खुदरा मुद्रास्फीति मई में सालाना आधार पर घटकर 12 महीने के निचले स्तर 4.75 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह पिछले महीने यानी अप्रैल में 11 महीने के निचले स्तर 4.83 प्रतिशत थी। ' सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार खुदरा महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 2-6 फीसदी के सहिष्णुता दायरे में बना हुआ है। आंकड़ों के अनुसार क्रमिक आधार पर मुद्रास्फीति की दर मई में 0.48 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही। खाने-पीने की कीमतें कम हुईं: मई में खाद्य मुद्रास्फीति की दर अप्रैल के 8.75 प्रतिशत से घटकर मई में 8.62 प्रतिशत हो गई। हालांकि यह आंकड़ा मई 2023 की खाद्य महंगाई दर 3.3 प्रतिशत से अधिक है। ग्रामीण मुद्रास्फीति मई में घटकर 5.28 प्रतिशत रह गई, जो पहले 5.43 प्रतिशत थी। इस बीच, मई में शहरी मुद्रास्फीति की दर 4.15 प्रतिशत रही।

## तीसरे कार्यकाल में पहली विदेश यात्रा पर इटली जाएंगे प्रधानमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल की पहली विदेश यात्रा पर गुरुवार को इटली जाएंगे। यहां वे दुनिया की सात बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों के समूह जी7 की बैठक में भाग लेंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि जी7 शिखर सम्मेलन में भारत की नियमित भागीदारी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए नई दिल्ली के प्रयासों की बढ़ती मान्यता की ओर इशारा करती है। जी7 शिखर सम्मेलन 13 से 15 जून तक इटली के अपुलीया क्षेत्र में बोर्गो एग्नाज़िया के लक्जरी रिसॉर्ट में आयोजित किया जाएगा।

# कठुआ में मुठभेड़, दूसरा आतंकी भी ढेर

**टीम एक्शन इंडिया**

**हीरानगर/कठुआ:** जम्मू संभाग के जिला कठुआ की तहसील हीरानगर के गांव सैडा सोहल में बुधवार दूसरे दिन फिर आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने दूसरे आतंकी को भी ढेर कर दिया है। पुलिस, एसओजी, सीआरपीएफ, सेना के जवानों ने इलाके की घेराबंदी की हुई है। तलाशी अभियान चल रहा है। एडीजीपी जम्मू आनंद जैन ने यह जानकारी दी है। एडजीपी ने कहा कि हीरानगर में हुई मुठभेड़ में बहादुर जवानों ने दोनों आतंकी मार गिराए हैं। हालांकि ऑपरेशन अभी चल रहा है। इलाके में किसी अन्य आतंकी के छिपे होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। आसपास के इलाके में भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि ड्रोन से भी घटनास्थल पर नजर रखी जा रही थी। इसी दौरान आतंकी की मौजदूगी का पता चला। इसके बाद शुरू हुई गोलीबारी में आतंकवादी को मार गिराया गया। सुरक्षाकर्मी धीरे-धीरे घेरा और छोटा करते गए। खुद को घिरता हुए देख आतंकी ने सुबह दस बजे के करीब फिर गोलीबारी की। इसके जवाब में मुठभेड़ शुरू हुई। इस मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए हैं।



**जवान शहीद**

▶▶ पुलिस, एसओजी, सीआरपीएफ, सेना के जवानों ने इलाके की घेराबंदी की हुई है

**मारे गए आतंकी से भारी मात्रा में हथियार और एक लाख की नकदी बरामद:** सुरक्षा बलों ने चल रही मुठभेड़ स्थल के आसपास हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है।

# कुवैत के लेबर कैंप में भीषण आग, 45 की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**

**कुवैत सिटी:** दक्षिणी कुवैत के मंगफ शहर में बुधवार तड़के एक कंपनी के श्रमिक शिविर में भीषण आग लगने से 45 प्रवासी श्रमिकों की मौत हो गई और कम से कम 50 लोग झुलस हो गए। अधिकतर भारतीयों में से कुछ की हालत गंभीर है, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बेहतर चिकित्सा मुहैया कराने के लिए आश्वस्त किया है। कुवैत के दक्षिणी अहमदी गवर्नरेट के मंगफ क्षेत्र में स्थित छह मंजिला इमारत की रसोई के अंदर बुधवार सुबह करीब 4:00 बजे आग लग गई। संदेह है कि चौकीदार के कमरे में रखे गैस सिलेंडर से लगी थी। आग लगने के समय एक ही कंपनी के शिविर में लगभग 160 कर्मचारी थे। अधिकारियों को सुबह करीब छह बजे आग लगने की सूचना दी गई, जब ज्यादातर लोग सो रहे थे। गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसेफ अल-सबाह ने घटनास्थल का दौरा किया और इमारत के मालिक, चौकीदार और श्रमिकों के लिए जिम्मेदार कंपनी के मालिक को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। गृह मंत्री ने कुवैत नगर पालिका और मेनपॉवर के लिए सार्वजनिक प्राधिकरण को इसी तरह के उल्लंघनों के लिए तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसमें आवासीय भवनों में भीड़भाड़ रोकने और भविष्य की घटनाओं को रोकने के लिए सभी सुरक्षा आवश्यकताओं को सुनिश्चित करना शामिल है।

**50 झुलसे**

▶▶ कई भारतीयों समेत 45 प्रवासी श्रमिकों की मौत

▶▶ भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया

# जुलाई में आएगा पूर्ण बजट !

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट जुलाई के पहले या तीसरे सप्ताह में आ सकता है। पहले पूर्ण बजट में महिलाओं-किसानों और युवाओं के लिए सरकार खजाना खोल सकती है। युवाओं के लिए रोजगार बढ़ाने के नए उपाय बजट में दिखाई दे सकते हैं, तो महिलाओं को लखपति बनाने की भाजपा की योजना को आगे बढ़ाने के लिए सरकार भारी निवेश की घोषणा कर सकती है। केंद्र सरकार ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के इलाज के लिए बड़ी घोषणा भी कर सकती है। इसके लिए एक माह का सत्र बुलाया जा सकता है। चुनावी वर्ष होने के कारण फरवरी माह में सरकार ने अंतरिम बजट पेश किया था जिसमें किसी बड़ी घोषणा से दूरी बरती गई थी।



**रोजगार के मोर्चे पर सबसे अहम प्रयास:** केंद्र सरकार के लिए आने वाले वर्षों में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सबसे बड़ी चुनौती रहने वाला है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार एक बार फिर सड़क परिवहन, बंदरगाह, रेल, विभिन्न शहरों में मेट्रो, मोनोरेल और हवाई अड्डों के विकास को अपनी प्राथमिकता में रख सकती है। स्टार्टअप और स्किल इंडिया के कार्यक्रमों के जरिए विकास देना सरकार की प्राथमिकता रह सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, आयकर छूट की सीमा पहले ही काफी अधिक है, लिहाजा इसे और ज्यादा बढ़ने की संभावना नहीं है।

## 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा। इसके अलावा 264वीं राज्यसभा का सत्र 27 जून से प्रारंभ होगा। इस दौरान नव निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण, लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण और उस पर चर्चा की जाएगी। दोनों सदनों के सत्र तीन जुलाई तक चलेंगे। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इसकी जानकारी दी। संसदीय कार्य मंत्री ने बुधवार को बताया कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून को शुरू होगा, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे।

**शपथ ग्रहण**

▶▶ नव निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण, अध्यक्ष का चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा

## सिंधिया ने पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय की योजनाओं की समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम.सिंधिया ने आज बुधवार (12 जून) को पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) का कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान एक बैठक कर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री (डोनर) डा. मजूमदार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) के वरिष्ठ अधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया।

## हिंदुओं को चिन्हित कर उनकी हत्या की घटनाओं के पीछे पाक का हाथ : विहिप

**टीम एक्शन इंडिया**

**जौनपुर:** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) व बजरंग दल की ओर से संयुक्त रूप से बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जम्मू कश्मीर में हिंदू श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले को लेकर जमकर नारेबाजी की गई। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष विमल सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर विहिप जिला अध्यक्ष विमल सिंह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में 9 जून को हिंदू श्रद्धालुओं की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जिहादी आतंकवादियों द्वारा कायरतापूर्ण हमले में 10 निर्दोषों के मारे जाने से संपूर्ण भारत के लोग दुखी हैं।

**एडीआर रिपोर्ट** मोदी मंत्रिमंडल में सबसे युवा महिला मंत्री रक्षा खडसे हैं, मोदी मंत्रिमंडल में शामिल हुई रक्षा दूसरी सबसे युवा मंत्री हैं

# ऐसी है नई मंत्रिपरिषद: 99% करोड़पति तो 66% की आयु 51 से 70 साल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** 9 जून 2024 को नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने। नरेंद्र मोदी के साथ कुल 71 अन्य मंत्रियों ने भी इस दिन शपथ ली थी। इनमें से 30 कैबिनेट और पांच स्वतंत्र प्रभार के राज्य मंत्री और 36 राज्य मंत्री शामिल हैं। मोदी मंत्रिमंडल में सबसे युवा महिला मंत्री रक्षा खडसे हैं। मोदी मंत्रिमंडल में शामिल हुई रक्षा दूसरी सबसे युवा मंत्री हैं। वह 37 साल की हैं। उनसे पहले के. राम मोहन नायडू (36 वर्षीय) सबसे युवा मंत्री हैं। खडसे मात्र 26 साल की उम्र में पहली बार सांसद बनी थीं। वह राकांपा के नेता एकनाथ खडसे की बहू हैं। 2024 के आम चुनाव में उन्होंने शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के श्रीराम पाटिल को ढाई लाख से ज्यादा मतों से हराया।





**चंद्रशेखर पेम्मासानी मोदी 3.0 में सबसे अमीर मंत्री:** 5 हजार 700 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति वाले चंद्रशेखर पेम्मासानी मोदी 3.0 में सबसे अमीर मंत्री हैं। पेम्मासानी ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री और संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं। संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कुल 424.75 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। जनता दल (सेक्युलर) से भारी उद्योग मंत्री और इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी की कुल संपत्ति 217.23 करोड़ रुपये की है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुल 144.12 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की कुल संपत्ति 121.54 करोड़ रुपये है। महाराष्ट्र के मुंबई उत्तर से भाजपा के एक और मंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 110.95 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। नए मंत्रियों में से करीब 99 फीसदी करोड़पति हैं। विश्लेषण किए गए 71 मंत्रियों में से 70 ने खुद को करोड़पति बताया है।

**रिपोर्ट**

▶▶ नए मंत्रियों में से करीब 99 फीसदी करोड़पति हैं। विश्लेषण किए गए 71 मंत्रियों में से 70 ने खुद को करोड़पति बताया

# विधान सभा अध्यक्ष ने दिलाई नव निर्वाचित विधायकों को शपथ

## नव निर्वाचित छः सदस्यों ने विधान सभा सदस्य पद की शपथ ग्रहण की तथा मैं इन विधायकों को हार्दिक बधाई एवं शुभ कामनाएँ देता हूँ: पठानियां









**चमन शर्मा**

**शिमला** : हिमाचल प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने 12 जून, 2024 को पूर्वाह्न 1 बजे हिमाचल प्रदेश विधान सभा के पुस्तकालय कक्ष में एक विशेष समारोह के दौरान छः नव नियुक्त विधायकों को सदस्य पद की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में 18-धर्मशाला से सदस्य सुधीर शर्मा, 21 लाहौल एवं स्पिति से सुश्री अनुराधा राणा, 37-सुजानपुर से कैप्टन रणजीत सिंह, 39-बड़सर से इन्द्र दत्त लखनपाल, 42-गगरेट से राकेश कालिया तथा 45 -कुटलैहड़ से विवेक शर्मा विक्कू शामिल थे। शपथ समारोह के दौरान हि.प्र. के मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू, नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर, उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विधान सभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनी राम शांडिल, कृषि मंत्री हि. प्र.चन्द्र कुमार, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, राजस्व मंत्री श्री जगत सिंह नेगी, शिक्षा मंत्री हि. प्र. रोहित ठाकुरए संसदीय सचिवगण राज्य वन निगम के उपाध्यक्ष श्री केहर सिंह खाची पूर्व विधान सभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार व गंगू राम मुसाफिर, जिलाधीश शिमला अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक जिला शिमला संजीव गांधी तथा अन्य गण मान्य व्यक्ति मौजूद थे। विधान सभा सचिव यशपाल शर्मा ने अध्यक्ष की अनुमति लेने के उपरान्त कार्यवाही का संचालन किया। शपथ उपरान्त मीडिया से अनौपचारिक वार्ता करते हुए कुलदीप सिंह पठानियां ने कहा कि आज नव निर्वाचित छः माननीय सदस्यों ने विधान सभा सदस्य पद की शपथ ग्रहण की है तथा मैं इन सभी विधायकों को हार्दिक बधाई एवं शुभ कामनाएँ देता हूँ। पठानियां ने कहा कि मैं उम्मीद करता हूँ कि ये सभी अपना बहुमुल्य सहयोग मुझे देंगे तथा मैं इन्हें पूरा संरक्षण दूँगा। पठानियां ने कहा कि मैं अपेक्षा करता हूँ कि ये सभी अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की उपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे तथा समर्पण की भावना से जनहित में कार्य करेंगे तथा अपने क्षेत्र की समस्याओं का समाधान ढूँढने का प्रयास करेंगे।

**जिम्मेदारी**

▶▶ शपथ समारोह के दौरान सिंह सीएम, नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर, उप-मुख्यमंत्री मुकेश आदि मौजूद रहे



# खिसियानी बिल्ली खंभा नोंचे: कांग्रेस

### नेता प्रतिपक्ष जय राम का आजकल यही हाल हुआ है: नाचन कांग्रेस

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर** : गत राज्यसभा चुनाव के बाद से हिमाचल प्रदेश में आया राजनीतिक भूचाल अभी भी थमने का नाम नहीं ले रहा। आज भी नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर मुंगेरीलाल हसीन सपने ले रहे और प्रदेश की स्थाई सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार के गिरने के ख्वाब देख रहे हैं। कहते हैं खिसियानी बिल्ली खंभा नोंचे। कुछ ऐसा ही हाल है नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का। यह बात नाचन कांग्रेस के पदाधिकारियों ने प्रेस के साथ बातचीत में कही। नाचन कांग्रेस के प्रत्याशी रहे नरेश चौहान ब्लॉक अध्यक्ष उपेंद्र ठाकुर इंटक जिला अध्यक्ष मुरारी लाल आचार्य यद्दोपती प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सुरेंद्र शर्मा एडवोकेट हेम सिंह ठाकुर हेम सिंह सैनी फतेह सिंह शिवानी चौहान राधा शर्मा उमा शर्मा आदि ने नेता प्रतिपक्ष के उस बयान को हास्य पद बताया जिसमें नेता प्रतिपक्ष ने कहा है सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकार बचाई है मगर अभी खतरा टला नहीं है। इन लोगों ने कहा अभी हाल ही में हुए उपचुनाव में भाजपा ने कांग्रेस से खरीदे हुए विधायकों को चुनाव में उतरा था जिम दो को छोडकर चार लोगों का राजनीतिक भविष्य तबाह हो गया है।अब जुलाई माह में होने वाले उपचुनाव में जो आजाद प्रत्याशी थे भाजपा की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर त्यागपत्र तो दे दिया था। मगर अब उप चुनावों में उनका जीतना नामुमकिन लग रहा है उनका राजनीतिक भविष्य भी तबाह होने को है ये पूर्व विधायक जयराम व भाजपा को कभी माफ नहीं कर पाएंगे। कांग्रेसी पदाधिकारियों ने नेता प्रतिपक्ष को सलाह दी है कि प्रदेश सरकार की चिंता छोड़ो सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार तो पत्थर की तरह मजबूत है मगर केंद्र में मोदी सरकार आज गई कल गई के ऐसे बिंदु पर खड़ी है जहां कभी भी सरकार गिर सकती है और भाजपा मंत्री व प्रधानमंत्री के आगे कभी भी पूर्व लग सकता। इन लोगों ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को सलाह दी है कि ख्वाबों की दुनिया से बाहर निकल हकीकत की दुनिया में आए। अभी साढ़े तीन साल तक उनका दुबारा से मुख्यमंत्री बनने का सपना कभी पूरा नहीं होगा। प्रदेश मैं कांग्रेस सरकार पूरा 5 साल का कार्यकाल बखूबी निकलेगी और और अगले 5 साल भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। इन लोगोंने नेता प्रतिपक्ष पर तंज कसते हुए कहा है पांच बार के जीते हुए सांसद अनुराग ठाकुर को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल ना करना भविष्य में आपके लिए खतरे की घंटी बन सकता है।

**निशाने पर**

▶▶ नेता प्रतिपक्ष ने कहा है सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकार बचाई है मगर अभी खतरा टला नहीं है

## पुलिस ने 19 ग्रांम चिट्टा की बरामदगी

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी :पुलिस** थाना सदर मण्डी की टीम द्वारा एक होटल जो स्कोडी पुल के कमरा नम्बर 302 की तलाशी लेने पर छः व्यक्तियों के पास से चिा बरामद किया है। जिनके पास से चिा बरामद किया गया है उनकी पहचान सागरपूरी सपुत्र देवेन्द्र कुमार पुरी निवासी बार्ड नम्बर 6 मोह पुरिया उना हि.प्र.उम्र 33 साल, अनमोल ठाकुर सपुत्र हरी परोपकार सिंह निवासी मावा सिंधिया तहसील घमारी जिला उना हि.प्र. 21 साल, गौरवदत सपुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी मकान नम्बर 36 फेज-3 रक्कड कलौनी ऊना हि.प्र.उम्र 32 साल, मनीष सपुत्र धर्मेन्द्र निवासी गांव पंजेठी निवासी तलयाहड़ तहसील सदर जिला जवाहरनगर शनिदेव मन्दिर मण्डी जिला मण्डी हि.प्र.उम्र 24 साल के कब्जा से 19 ग्रांम हैरोइन, चिट्टा बरामद किया।

## यूरोकिड्स प्ले स्कूल में 'पूल पार्टी (वाटर प्ले) का आयोजन किया गया

**मनीष**

**सोलनः** स्कूल प्रशासन की ओर से बढ़ती हुई गर्मी के मौसम को देखते हुये इस तरह के अनुकूल कार्यक्रम का आयोजन किया, इस आयोजन के तहत स्कूल परिसर में वाटर पूल में सभी बच्चों को वाटर प्ले करवाया गया जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया । बाटर प्ले को लेकर बच्चे बहुत उत्साहित थे व पूल में बहुत ही मस्ती की व बहुत ही आनन्द उठाया।जविराज, आइतिक, अपवित, सोरिका, रिदित, वैदेही विरांशी नायखू, याषिका, जैमिस ,रिन, वान्या, अयांश गम्या, मितांश समदर्श अराध्या, नव्या, अधन्येश, साप्तिक, आरेहान, आयुष्मान



भाविन, शिवेन, साक्षी, अशिया आर्थनीर, परिणीति, नमन, सक्षम, अदिति भावित आदि नायरा, सभी बच्चों ने बढ्चद कार्यक्रम में हिस्सा लिया, स्कूल की प्रिंसिपल मिलेज सीमा बहल, डायरेक्टर मि.शोभित बहल व पूरा स्टाफ व कर्मचारी सब की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## 23 जून को हमीरपुर में आयोजित होगी स्विमिंग चैंपियनशिप: पूजा मिन्हास

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर** : स्विमिंग एसोसिएशन ऑफ जिला हमीरपुर द्वारा द्वितीय जिला स्तरीय स्विमिंग चैंपियनशिप का आयोजन 23 जून रविवार को ऑलमाइटी स्विमिंग पूल में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी 21 जून तक आवेदन कर सकते हैं। चैंपियनशिप में बतौर ऑब्जर्वर हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के राज्य महासचिव इशान अख्तर विशेष रूप से करेंगे शिरकत।प्रतियोगिता में मास्टर युवा वर्ग में 6 से 9 वर्ष सब जूनियर वर्ग में 10 से 13 वर्ष से जूनियर वर्ग में 14 से 18 सीनियर वर्ग में 19 वर्ष से अधिक वर्ष के लिए आयु




आयोजित करवाई जाएँगी। सभी वर्गों के लिए 50 मी फ्री स्टाइल 100 मीटर फ्री स्टाइल, 50 मीटर बैक स्ट्रोक, 100 मीटर फ्री, बैक स्ट्रोक, 50 मीटर बटरफ्लाई स्ट्रोक, 100 मी बटरफ्लाई स्ट्रोक एवं 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक इत्यादि, फ्री स्टाइल प्रतियोगिताएं करवाई जाएँगी। स्विमिंग एसोसिएशन ऑफ जिला हमीरपुर के जिला अध्यक्ष रविंद्र चौधरी एवं जिला उपाध्यक्ष से पूजा मिन्हास एवं जिला महासचिव नीलम शर्मा ने बताया कि हमीरपुर में पहली बार हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन एवं स्विमिंग एसोसिएशन ऑफ जिला हमीरपुर के बैनर तले स्विमिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है। चैंपियनशिप में बतौर ऑब्जर्वर हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के राज्य महासचिव इशान अख्तर विशेष रूप से शिरकत करेंगे।

### केंद्र में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने पर बधाई दी

## सिरमौर भाजपा नेताओं ने मोदी को दी बधाई

**एसपी जैरथ**

**नाहन :सिरमौर** रेणुका के वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण सिंह चौहान रेणुका मंडल भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य प्रताप सिंह तोमर प्रदेश भाजपा विशेष कार्यकारिणी सदस्य बलबीर सिंह ठाकुर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रामेश्वर शर्मा भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश चौहान भाजपा जिला प्रवक्ता मेलाराम शर्मा भाजपा जिला सचिव कुलदीप गतवाल ममता रिंनटा भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा कन्याल भाजपा एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष



रणवीर ठाकुर भाजपा एससी मोर्चा जिला महामंत्री शिवचंद चौहान भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कमल राज वर्मा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विनोद ठाकुर वेद ठाकुर सीताराम शर्मा विजेंद्र शर्मा भाजपा मंडल महामंत्री जयप्रकाश ठाकुर सुनील शर्मा दीप राम चौहान भाजपा मंडल सचिव सुनील गोसाईक पंडित श्रवण कुमार भाजपा एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष रंजीत ठाकुर भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज ठाकुर भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष निर्मला ठाकुर भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुरेश कपूर भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष जगदीश भरद्वाज भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष हंसराज चौहान भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ मंडल संयोजक कमल नयन चौहान के अतिरिक्त रेणुका मंडल के सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्र में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं जगत प्रकाश नड्डा को नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री बनने पर जहां पर उन्हें बधाई दी है वहीं पर इन सभी भाजपा नेताओं तथा कार्यकताओं ने जगत प्रकाश नड्डा को केंद्रीय मंत्री बनाए जाने के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष आभार प्रकट किया है इन नेताओं ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि जगत प्रकाश नड्डा की नियुक्ति से पूरे हिमाचल प्रदेश में खुशी की लहर दौड़ रही है इन नेताओं ने बताया कि जगत प्रकाश नड्डा ने पहले भी स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए हिमाचल प्रदेश को एम्स एवं तीन तीन मेडिकल कॉलेज आईआई एम जैसे बड़े-बड़े संस्थान मंत्री रहते हुए खुलवाए हैं हिमाचल के लोगों को उनसे और भी बहुत सारी उम्मीदें हैं।

## निर्दलीयों ने देवभूमि को किया शर्मसार : डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर** :शिमला से वापस आते हुए डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ने बयान जारी किया के निर्दलीय विधायकों न केवल अपनी विधायकी बेची बल्कि देवभूमि को भी शर्मसार करते हुए कलंकित किया। उनसे सिर्फ एक ही सवाल पूछा जाना चाहिए यह लोकतंत्र के भारत के 75 वर्ष के आजादी के इस इतिहास में आजाद विधायकों को क्यों इस्तीफा देना पड़ा।हमीरपुर के निर्दलीय कहते थे कि मुख्यमंत्री जी उनका काम नहीं करते तो अब यह बताएं कि आप वह किस मुंह से इलेक्शन लड ?ा चाहते हैं, क्योंकि प्रदेश में सरकार कांग्रेस की है, 38 विधायक 65 में से कांग्रेस के हैं, जो



कि अगले 3 साल के बाद फिर से और 5 साल रहेंगे और उनके मुख्यमंत्री भी यही ठाकुर सुखविंदर सिंह सुखु रहेंगे। तो आप व जनता को क्या जवाब देंगे आप जनता के पास किस मुंह से जाएंगे। यह बड़े सवाल हैं जो के निर्दलीयों को जवाब देना है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि उन्होंने इस्तीफा दिया।

## वाटर फीलिंग स्टेशन ने खस्ताहाल करडाली कालाअंब: त्रिलोकपुर सड़क

**एसपी जैरथ**

**नाहन** :एक ओर जहां औद्योगिक नगरी कालाअंब सरकार को करोड़ों का राजस्व दे रही है तो वहीं इस क्षेत्र में अव्यवस्थाओं का आलम उद्योगपतियों के लिए काला पानी बन गया है।कालाअंब-त्रिलोकपुर सडक पर रूचिरा पेपर मिल के समीप बने निजी वाटर फीलिंग स्टेशन पानी का बोर लोक निर्माण विभाग की सडक के लिए घातक साबित हो रहा है। आलम यह है कि इस स्टेशन पर टैंकरों की भराई के दौरान भारी मात्रा में



ओवरफ्लो होने वाले पानी ने सडक को भारी नुकसान पहुंच चुका है।इसके साथ ही अंदर की ओर जाने वाले संपर्क मार्ग पर भी ऐसा ही एक वाटर फीलिंग प्वाइंट है, जहां से प्रतिदिन लाखों गैलन पानी गर्मियों के दौरान जमीन से निकाला जा रहा है। इस पानी का इस्तेमाल व्यावसायिक तौर पर किया जा रहा है।अधिकतर फैक्टरियों में 400 से 600 रुपये प्रति टैंकर बेचा जा रहा है। इसकी एवज में सरकार को कितना राजस्व मिल रहा है, यह अपने आप में बड़ा सवाल है। इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि पानी सप्लाई में लगे टैंकर वाले ट्रैक्टरों की नंबर प्लेट ही गायब है। सूत्रों की मानें तो अधिकतर पानी के टैंकर हरियाणा से हिमाचल में प्रवेश कर रहे हैं।

## श्री साई अस्पताल प्रबंधन व स्टाफ ने डीसी कार्यालय के बाहर दिया धरना

**एसपी जैरथ**

**नाहन** :नाहन के निजी श्री साई अस्पताल प्रबंधन व स्टाफ ने आज डीसी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में रोष व्यक्त किया है। निजी अस्पताल प्रबंधन को हिमकेयर व आयुष्मान कार्ड धारकों के इलाज के पश्चात सरकार द्वारा की जाने वाली पेमेंट महीनों से लंबित होने के चलते भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

करोड़ रूपया निजी अस्पताल प्रबंधन का सरकार के पास हिमकेयर व आयुष्मान योजना का लंबित पड़ा है जिसके बाद निजी अस्पताल चलाने मुश्किल हुए हैं। डीसी कार्यालय नाहन के बाहर प्रदर्शन करने पहुंचे श्री साइ अस्पताल नाहन के स्टाफ सदस्यों ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि उनके यहां हिमकेयर व आयुष्मान कार्ड के तहत सैकड़ो रोगियों ने मुफ्त इलाज की सुविधा प्राप्त की। लेकिन सरकार द्वारा इस योजना के तहत निजी अस्पतालों को की जाने वाली पेमेंट महीनों से लंबित पड़ी है। करोड़ों रुपया निजी अस्पतालों का सरकार के पास लंबित है जिसके चलते उन्हें अपने वेतन के लाले पड़े हैं अस्पताल में अन्य कामकाज प्रभावित हो रहा है और सरकार है कि संबंधित धनराशि देने को लेकर मूक दर्शक बनी बैठी है।

## जिला स्तरीय स्काऊट्स एवं गाइड्स तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का समापन

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू** : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला काईस में भारत स्काउट्स और गाइड्स जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित पांच दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती लता ठाकुर, स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्य तथा शिविर की प्रबंधक सचिव कल्पना शर्मा



तथा भारत स्काऊट्स एवं गाइड्स कुल्लू के सचिव के.एल. राणा भी विशेष रूप से मौजूद रहे।समापन समारोह के दौरान प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया तथा समारोह के अंत में सभी प्रतिभागियों तथा स्टाफ के सदस्यों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

## उपनिदेशक कार्यालय से हो जेबीटी कैडर की प्रमोशन

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी** : प्रदेश राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा विभाग के उस फरमान का विरोध जताया है, जिसमें विभाग द्वारा निदेशक स्तर पर प्रमोशन करने का निर्णय किया गया है। संघ निदेशक प्रारंभिक शिक्षा के उस आदेश का विरोध करता है, जिसमें एचटी से सीएचटी और सीएचटी से बीईईओ प्रमोशन को निदेशक लेवल पर किया जाएगा। प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रदेश सरकार व विभाग मांग की है कि जेबीटी केडर की जो प्रमोशन उपनिदेशक कार्यालय से होती है उसको यथावत रखा जाए।क्योंकि इस केडर में जब भी पद रिक्त होते हैं उपनिदेशक द्वारा पैनल बनाकर समय-समय पर प्रमोशन का लाभ अध्यापकों को देते हैं लेकिन निदेशक कार्यालय में अध्यापकों का जो प्रमोशन चैनल है डगमगा जाएगा। क्योंकि निदेशक कार्यालय में काम बहुत होते हैं कई बार तो हमारे जो अध्यापक हैं वह एक महीने के लिए ही प्रमोट होते हैं तो वह लोग प्रमोशन से वंचित रह जाएंगे। इसलिए प्राथमिक शिक्षक संघ इसका कड़ा विरोध करता है की इन आदेशों को निरस्त किया जाए और जो पहले आदेश किए गए हैं उनको यथावत रखा जाए प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जगदीश शर्मा, मुख्य संरक्षक राम सिंह राव, महासचिव संजय पीसीए वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रताप ठाकुर, कोषाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा, संयुक्त सचिव राकेश पटियाल, महालेखाकार राजेश गुप्ता, मुख्य सलाहकार देशराज शर्मा, महिला विंग की अध्यक्षता अनुराधा, जिला शिमला के अध्यक्ष प्रमोद चौहान सहित सभी जिलों के प्रधानों ने इन आदेशों का कड़ा विरोध किया है ।

## 47वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव के सफल आयोजन हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा की

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू** : सूत्रधार कला संगम कुल्लू की आम सभा सूत्रधार भवन के सभागार में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में 47वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव के सफल आयोजन हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने बतलाया कि सूत्रधार कला संगम कुल्लू हर बार की भांति इस बार भी स्थानीय निजी व सरकारी पाठशालाओं की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन 18 जून से 21 जून 2024 तक कुल्लू के ऐतिहासिक लाल चन्द प्रार्थी कलाकेन्द्र कुल्लू में प्रतिदिन सायं 05 बजे से रात्रि 10 बजे तक लोकनृत्य, समूह नृत्य, प्रिंसेस सूत्रधार, समूहगान, लोक गीत, फिल्म गीत तथा फैंसी ड्रेस की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा तथा 19 व 20 जून को देवसदन कुल्लू के सभागार में सुबह 10



बजे से दोपहर 03 बजे तक लघुनाटक व वाद्यवृंद ऑर्केस्ट्रा की प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस चार दिवसीय सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव में अब तक कुल्लू जनपद के बजौरा से लेकर मनाली तक के लगभग 40 निजी व राजकीय विद्यालयों के लगभग 1500 विद्यार्थियों का भाग लेना आपेक्षित है। इन दिनों इस सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव को लेकर स्कूली छात्र-छात्राओं में भी भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और वो पूरी लगन से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने हेतु अभ्यास में जुटे हुए है। यह चार दिवसीय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम सभी कला प्रेमियों व आम जनमानस के स्वस्थ मनोरंजन हेतु निशुल्क रहेगा। इस 47वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव के भव्य व सफल आयोजन हेतु संस्था के सभी कलाकारों तथा सदस्यों ने जोरो शोरो से तैयारियां शुरू कर दी है। इस हेतु दो उपसमितियों का गठन किया गया, जिसमें बाह्य व्यवस्था प्रबन्धन समिति में अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोगिन्दर सिंह, भण्डार प्रभारी तिलक राज चौधरी, सचिव हितेश गोगी, कार्यकारिणी सदस्य विजय गोएल, सुदेश कुमार व भारत भूषण आचार्य तथा आंतरिक व्यवस्था प्रबन्धन समिति में वरिष्ठ उपाध्यक्ष यनिन्द्र कपूर की अध्यक्षता में सचिव प्रदीप कपूर, मोनिका सागर, यशोदा शर्मा, सीमा शर्मा व मंजुलता शर्मा, विशेष आमंत्रित सदस्य सुंदर श्याम महंत व पं. विद्या सागर, आमंत्रित सदस्य जीवन, सनी व संजय, प्रबन्धक उत्तम चन्द व सहयोगी पवन कुमार को शामिल किया गया। गौरतलब है कि अपने विगत 47 वर्षों के इतिहास में सूत्रधार कला संगम कुल्लू ने कला संस्कृति व समाज सेवा के क्षेत्र में अनेक आयामों को स्थापित किया है।

संस्था का मूल उदेश्य उभरती हुई युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, समाज सेवा तथा अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करना है। इसी उदेश्य की पूर्ति हेतु संस्था द्वारा वर्ष भर में अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहता है।बैठक में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन सहित वरिष्ठ उपाध्यक्ष यनिन्द्र कपूर, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोगिन्दर सिंह, भण्डार प्रभारी तिलक राज चौधरी, सचिव प्रदीप कपूर, मंजू लता शर्मा, यशोदा शर्मा व हितेश कुमार गोगी, लोकनृत्य प्रभारी सीमा शर्मा, कार्यकारिणी भारत भूषण आचार्य, विशेष आमंत्रित सदस्य सुंदर श्याम महंत व पं. विद्या सागर, आमंत्रित सदस्य जीवन, सनी व संजय, प्रबन्धक उत्तम चन्द, सहयोगी पवन कुमार सदस्य सुबोध सूद, सुरेश बौध, नीरज शर्मा, द्रोपदी, नेहा, ईशा, भास्कर, साहिल काचरू, दीप, शगुन, ट्विंकल, विजय, दिनेश, देशार्थ चन्देल, सुशिल व कनिका उपस्थित रहे।

## इस बार मिंजर मेले में व्यापारिक गतिविधियों की नीलामी में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**हामिद**

**चंबा :अंतरराष्ट्रीय** मिंजर मेला के दौरान आयोजित होने वाली व्यापारिक गतिविधियों के लिए अब चौगान नंबर एक, दो, तीन तथा चार को पिछली बार की तुलना में 5 प्रतिशत की बढ़ौतरी के साथ नीलाम किया जाएगा।इन चौगानों की नीलामी से अधिक राजस्व जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। इस संदर्भ में मिंजर मेला तहबाजारी उपसमिति की ओर से बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता करते हुए एसडीएम चम्बा अरुण कुमार की। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान आयोजित सदस्यों के सुझाव के दौरान यह फैसला लिया गया है कि इस बार पिछले वर्ष की नीलामी राशि से 5 : अधिक पर बोली शुरू की जाएगी।

# 14 बच्चों का प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में दाखिलाः मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह


चमन शर्मा

**शिमलाः** मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के माध्यम से अनाथ बच्चों की विश्व स्तरीय शिक्षा ग्रहण करने की अभिलाषा पूरी हो रही हैं। प्रदेश सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना राज्य के अनाथ बच्चों को कॉन्वेंट और अन्य प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में दाखिला दिलाने में मील पत्थर साबित हो रही है।मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि शिशु सुधार गृह की तीन अनाथ लड़कियों को कॉन्वेंट तारा हॉल स्कूल, शिमला में दाखिला मिल गया है और उनके लिए परिवहन सुविधा शीघ्र उपलब्ध करवा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, शिशु सुधार गृह के पांच बच्चों को

**दाखिला**

**तीन बच्चों को स्टार्ट-अप परियोजनाओं के लिए 6 लाख और दो अनाथ बच्चों को के लिए भूमि आवंटित की गई**

दयानंद पब्लिक स्कूल, शिमला जबकि चार अनाथ बच्चों को पाइनग्रोव स्कूल, सोलन और दो बच्चों को डीएवी स्कूल, सुंदरनगर, जिला मंडी में दाखिला दिलाया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उनकी पढ़ाई का पूरा खर्च वहन कर रही है। संबंधित विभाग को राज्य के अन्य प्रतिष्ठित शिक्षण



संस्थानों में और अधिक अनाथ बच्चों को दाखिला दिलाने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए गए हैं।वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अन्तर्गत बाल देखभाल संस्थानों सीसीआई में रहने वाले 1084 बच्चों को 1.02 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता से लाभान्वित किया गया है और 2719 लाभार्थियों को 4000 रुपये की प्रतिमाह पॉकेट मनी के रूप में 4.34 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। ये बच्चे हर्षोल्लास के साथ त्यौहार मनाएं, इसके लिए 1084 बच्चों को त्योहार भत्ते के रूप में 59.81 लाख रुपये, वस्त्र भत्ते के रूप में 54.20 लाख रुपये और पोषण आहार राशि के रूप में 32.52 लाख रुपये वितरित किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1061 अनाथ बच्चों को सामाजिक सुरक्षा के रूप में 1.99 करोड़ रुपये, 3121 लाभार्थियों को 4000 रुपये प्रति माह पॉकेट मनी के रूप में 16.89 करोड़ रुपये और त्योहार भत्ते के रूप में 1025 अनाथ बच्चों को 65.76 लाख रुपये की राशि शीघ्र ही वितरित की जाएगी, जिसके लिए सभी औपचारिकताएं पूरी करने की प्रक्रिया प्रगति पर है।इस योजना के अन्तर्गत 48 लाभार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए 15.52 लाख रुपये की वित्तीय सहायता, 17 बच्चों को व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए 7.02 लाख रुपये, एक बच्चे को कुशल विकास के लिए 17500 रुपये, तीन बच्चों को स्टार्ट-अप परियोजनाओं के लिए 6 लाख और दो अनाथ बच्चों को वर्ष 2023-24 के लिए भूमि आवंटित की गई है।

# नव-निर्वाचित विधायकों ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह से की भेंट



चमन शर्मा

**शिमलाः मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू से गत दिवस लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र से नव-निर्वाचित विधायक अनुराधा राणा तथा कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से नव-निर्वाचित विधायक विवेक शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल के साथ से भेंट की।मुख्यमंत्री ने विधानसभा उप.चुनाव जीतने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया की कि प्रदेश सरकार उनके विधानसभा क्षेत्रों के विकास के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि उप-चुनावों में मिली जीत यह दशार्ती है कि प्रदेश की जनता का राज्य सरकार की नीतियों और योजनाओं पर पूर्ण विश्वास है।अनुराधा राणा और विवेक शर्मा ने उप-चुनावों में उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा किए गए बहुमूल्य प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गो का कल्याण सुनिश्चित कर रही है और जन समर्थन से मिली जीत इस बात का प्रमाण है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वास्थ्य विभाग ने सर्पदंश के उपाय व बचाव की महत्वपूर्ण जानकारी की सांझा

खेमचंद शास्त्री

**मंडी :** एसडीएम सुन्दरनगर गिरीश समरा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में सर्पदंश के उपाय व बचाव को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। भीषण गर्मी के मौसम में सांप अपने बिलों से निकलकर बाहर आ जाते हैं तथा राह चलते किसी व्यक्ति को दंश मार देते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक गम्भीर समस्या है। सर्पदंश से बचाव के लिए लोगों का जागरूक होना जरूरी है।

**सांपों व सर्पदंश से बचने के उपाय**: एसडीएम ने बताया कि सर्पदंश अक्सर गांव में पानी से भरे खेतों मेंए घास काटते हुए, राह पर चलते हुए या लापरवाही से सांप पकड? की कोशिश करने पर हो सकता है। सांप से बचने के लिए घर के अंदर व बाहर विभिन्न उपाय किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि शयन कक्ष के आसपास अनाज का भंडार जमा ना करें, चूहों को न पलने दें, अंधेरे में टॉर्च का उपयोग करें, जूते को झाड़ कर पहने, जमीन पर ना सोएं, मच्छरदानी का प्रयोग करें, गद्दे को चारों ओर दबा लें, वस्तुएं एक जगह इकी ना रखें, घनी झाडि?ं में लंबे गम बूट डालकर चलें, घास काटने से पहले डंडे से घास को अच्छी तरह झाड़ लें, दरवाजे पर ज्यादा जगह ना छोड़े व दहलीज बना लें, सांप के काटने पर झाड़ फूंक में समय व्यर्थ ना गवाएं तथा मरीज को जल्दी से जल्दी अस्पताल पहुंचाएं।

**सांप काटने पर क्या करें**: एसडीएम ने बताया कि मरीज को धीरज दिलाएं, मरीज को स्थिर रखें, घाव को पानी से धोएं, घाव को साफ कपड़े से ढक दें, सारे आभूषण निकाल दें और कपड़े ढीलें कर दें क्योंकि सूजन हो सकती है। मरीज को हिलने डुलने ना दें, घाव के ऊपर या नीचे टूर्निकेट नहीं लगाएं रक्त प्रवाह को नहीं रोकें। मरीज को नजदीकी अस्पताल लें जाएं जहां पर विश-रोधी दवा उपलब्ध हो।उन्होंने कहा कि अधिकांश मौतें डर, सदमा और गलत या देर से इलाज मिलने के कारण होती है।

### राहुल द्रविड़, बुमराह और सूर्य कुमार ने यिप्पी के नवीनतम अभियान यिप्पी टॉस को लॉन्च किया

**शिमला**: आईटीसी लिमिटेड का एक प्रमुख इंस्टेंट नूडल और पास्ता ब्रांड सनफीस्ट यिप्पी एक नए अभियान के साथ वापस आ गया है जिसमें देश के सबसे पसंदीदा क्रिकेटर्स राहुल द्रविड़, जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव को दिखाया गया है।यह मजेदार अभियान टॉप क्रिकेटर्स की लोकप्रियता को एक मजेदार अंदाज में पेश करता है और यिप्पी! नूडल्स के यूनिक क्वालिटी के बारे में बताता है जो लंबे और नॉनस्टिकी हैं।हाल ही में लॉन्च किए गए टीवीसी में द्रविड़,बुमराह और स्काई को मजेदार अंदाज में दिखाया गया है जिसमें वे यिप्पी टॉस के साथ यिप्पी! नूडल्स का इस्तेमाल करके दोस्ताना नोकझोंक को मजेदार तरीके से सुलझाते हैं।यह लंबे और नॉन.स्टिकी नूडल्स के ब्रांड के मुख्य यूएसपी पर एक अभिनव नाटक है।इस अभियान में यिप्पी! को इंडियाज चॉइस के रूप में स्थान दिया गया है। कविता चतुवेर्दी,चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर,स्नैक्स,नूडल्स और पास्ता,फूड बिजनेस, आईटीसी लिमिटेड ने इस अभियान के बारे में बात करते हुए कहा भारत में क्रिकेट एक भावना है और इस खेल और यिप्पी! नूडल्स के स्वादिष्ट स्वाद को एक साथ लाने से हमारे ग्राहकों के साथ जुड़ने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है।यह अभियान हमारे ब्रांड की प्लेफुल एनर्जी और दोस्तों और परिवार के साथ यिप्पी! नूडल्स का आनंद लेने की खुशी का जश्न मनाता है।

### ग्लोबल फार्मास्युटिकल क्वालिटी समिट के 9 वें एडिशन का आयोजन 27-28 जून 2024 को

**शिमला**: इंडियन फार्मास्युटिकल अलायंस (आईपीए) 27-28 जून 2024 को मुंबई में नवें ग्लोबल फार्मास्युटिकल क्वालिटी समिट का आयोजन कर रहा है।इस समिट का थीम एडवांसमेंट इन मैन्युफैक्चरिंग एंड क्वालिटी / पेशेंट सेंट्रिसिटी रखा गया है।समिट के तहत आयोजित होने वाले विभिन्न सेशंस में फार्मास्युटिकल ऑपरेशन्स और मैन्यूफैक्चरिंग के अगले दशक के निर्माण के लिए टेक्नोलॉजी के प्रयोग पर चर्चा की जाएगी।नीलेश गुप्ता,चेयर,क्वालिटी फोरम आईपीए तथा मैनेजिंग डायरेक्टर लुपिन इस समिट का उद्घाटन करेंगे जिसमें सरकार और इंडस्ट्री से जुड़े स्टेक होल्डर्स के अलावा ग्लोबल एक्सपर्ट्स भी हिस्सा लेंगे। इसके बाद शेपिंग द नैक्स्ट डिकेड ऑफ इंडियन फार्मास्युटिकल मैन्यूफैक्चरिंग विषय पर रिपोर्ट जारी की जाएगी।

# शिक्षा मंत्री 14 जून को करेंगे सरनाहुली मेले का शुभारम्भ

खेमचंद शास्त्री

**मंडी :** खेमचंद शास्त्री। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 14 जून को महर्षि पराशर को समर्पित सरनाहुली मेले का शुभारम्भ करेंगे। मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम मंडी ओम कांत ठाकुर ने बताया कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 14 जून सरनाहुली मेले का शुभारम्भ करने के लिए महर्षि पराशर मंदिर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री मेले का शुभारम्भ करने के बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बागी कटौला के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगे। शिक्षा मंत्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला स्वार के नए भवन का उद्घाटन भी करेंगे। शिक्षा मंत्री बागी कटौला स्कूल भवन का, राजकीय वरिष्ठ



माध्यमिक पाठशाला दियोरी के स्कूल भवन का और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कठोग के स्कूल भवन का शिलान्यास करने के उपरांत जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री शिमला से दोपहर 2 बजे महर्षि पराशर मंदिर पहुंचेगे।

# समाज को बांटने बाला क्षत्रीय सभा का सदस्य नहीं: बलदेव

श्याम कुल्वी

**कुल्लू : समाज को बांटने बाला, समाज को ब**रगलाने बाला, समाज को तोडने बालाएव धन उगाही करने बाला न तो राजपूत सभा और न ही सदस्य व पदाधिकारी है। यह बात क्षत्रीय सभा के प्रदेश महामंत्री बलदेव ठाकुर ने यहां एक अनोपचारिक वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि पता चला है कि जितेंद्र राजपूत कुल्लू में लोगों के सामने आकर अपने आप को क्षत्रीय सभा व राजपूत सभा का पदाधिकारी बताता है और कथित तौर पर लोगों से पैसे एंटता है। पैसे ऐंठ कर लोगों को ठगने का काम करता है वह उनका यह काम करेगा। उन्होंने कहा कि यही नहीं

**कड़ा विरोध**

**जितेंद्र राजपूत लोगों के सामने आकर अपने आप को क्षत्रीय सभा व राजपूत सभा का पदाधिकारी बताता है**

उक्त व्यक्ति समाज को बांटने का कार्य कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि इस नाम का व्यक्ति व यह व्यक्ति न तो राजपूत सभा का और न ही क्षत्रीय सभा का कोई सदस्य हैं और न ही कोई पदाधिकारी है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक कुल्लु से मांग की हैं कि इस तरह के व्यक्ति पर तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए जो



समाज में गंदगी फैले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब उक्त व्यक्ति द्वारा मीडिया पर भी अनाप.शनाप बयानबाजी की जा रही है जो घोर निंदा का विषय है। मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और समाज, सरकार, प्रशासन के बीच सेतू का कार्य करता है। अपने फायदे के लिए किसी संगठन पर कीचड़ उछालना ठीक नहीं। उन्होंने कहा कि क्षत्रीय समाज को बांटता नहीं है बल्कि समाज को जोड़ता है, समाज की रक्षा करता है। यह जो दावे कर रहा है कि वह राजपूत संगठन या क्षत्रीय संगठन का व्यक्ति है तो इसे सिद्ध कर देना चाहिए और कहां से इसका पंजीकरण हुआ है वह बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्यक्ति समाज के लिए ठीक नहीं जो समाज का बंटबारा करने पर उतारू हो ऐसे व्यक्ति पर समय रहते अंकुश लगाना चाहिए ताकि समाज को किसी बड़े नुकसान से बचाया जा सके।

# पर्ची बनाने का इंतजार खत्म, टोकन मशीन स्थापित

खेमचंद शास्त्री

**मंडी :** जोनल अस्पताल मंडी में अब लोगों को घंटों लाइन में खड़े होकर पर्ची बनाने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। नागरिक सभा व हेल्प पोस्ट मण्डी की ओर से बुधवार को पर्ची काउंटर नबर 2 मैं टोकन सिस्टम की शुरूआत कर दी हैं। इसको लेकर नागरिक सभा द्वारा पर्ची काउंटर में मशीनरी भी इंस्टॉल कर दी हैं। नागरिक सभा के प्रवक्ता नीरज हांडा ने बताया कि फिलहाल 2 नंबर काउंटर से टोकन सिस्टम की शुरूआत की गई हैं उसके बाद काउंटर नबर 1 और 3 मैं भी मशीनरी इंस्टॉल की जाएगी, ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े। नागरिक सभा के प्रधान ओपी कपूर ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्रीय अस्पताल में पर्ची बनाने को लेकर लोगों



को समस्या आ रही थी जिसको लेकर आज से यहाँ टोकन सिस्टम शुरू कर दिया हैं।उन्होंने कहा कि इससे लोगों को अब लाईनों में खड़े होने की आवश्यकता नहीं हैंए जिसका जब नबर आएगा वह काउंटर के पास जाकर पर्ची बना सकता हैं।उन्होंने कहा कि इसके साथ ही उन्होंने सीएमओ व एमएस से बैठक कर अस्पताल की विभिन्न समस्याओं को उठाया हैं। उपायुक्त मंण्डी के ध्यान में भी कुछ मुद्दे रखे गए हैं।उन्होंने उम्मीद जताई हैं कि आगामी समय मे लोगों को यहाँ बहेतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी।

# नवबहार से रामचन्द्रा एवं शैलेट डे से यूएस क्लब सडक रहेगी बंद


चमन शर्मा

**शिमला :** जिला दण्डाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग कर आदेश जारी करते हुए बताया कि टायरिंग कार्य के चलते 13 जून से 17 जून, 2024 तक नवबहार से राम चन्द्रा चैक सडक तथा शैलेट डे से यूएस क्लब सडक बंद रहेगी। यह सडके आपातकालीन एवं न्यायधीशों के वाहनों को छोडकर अन्य सभी वाहनों के लिए प्रत्येक दिन प्रातः 11 बजे से सांय 4 बजे तक तथा रात्रि 10 बजे से प्रातः 5 बजे तक बंद रहेगी।

# कांग्रेस करती है आचार संहिता का उल्लंघनः देशराज शर्मा

विवेकानंद वशिष्ठ

**हमीरपुरः जिला** भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा, जिला महामंत्री राकेश ठाकुर, अजय रिंटू, उपाध्यक्ष विजयपाल सोहरु, बिना कपिल मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने मंगलवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करती आई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव हेतु चुनाव आयोग द्वारा अधिसूचना जारी हो चुकी है एवं तत्काल प्रभाव से आचार संहिता लागू हो चुकी है, लेकिन कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा 1500 रूपए के फॉर्म भरवाने का कार्य लगातार जारी है और पिछली तिथियों में अपने लोगों को फायदा करवाने हेतु फॉर्म भरवा कर स्वीकृतियां करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में चुनाव आयोग एवं संबंधित अधिकारी कड़ा संज्ञान लेते हुए इस कार्य को बंद करें। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनावों के साथ हिमाचल प्रदेश के 6 विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव भी संपन्न हुए हैं जिस दौरान भी कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं ने जमकर आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई।लगातार 1500 रूपए के फॉर्म भरकर जनता को लुभाने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि जब चुनाव आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है तो किसी भी प्रकार की लोक लुभावनी सरकारी योजनाएं जनता के



**अधिसूचना**

**हिमाचल प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव हेतु चुनाव आयोग द्वारा अधिसूचना जारी हो चुकी है**

बीच में नहीं लाई जा सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जितने भी ओच्छे हथकंडे अपना ले, लेकिन जनता उनके झांसे में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि इस उपचुनाव में भाजपा इसका कड़ा जवाब देने जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भोलीभाली अवश्य है लेकिन अनपढ़ बिल्कुल नहीं है। उन्होंने कहा कि 10 जुलाई को होने वाले तीन विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव के नतीजे 13 जुलाई को आएंगे, जिसमें कांग्रेस पार्टी को आईना दिखाया जाएगा।

# समन्वय समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन

अनिल

**किन्नौर :किन्नौर जिला** के रिकांग पिओ स्थित उपायुक्त सभागार में गत दिवस जिला के अग्रणी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक ऋण योजना के अन्तर्गत मार्च 2024 तक के परिणामों तथा उपलब्धियों की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय सलाहकार एवं समन्वय समिति तथा जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में कार्यरत सभी बैंकों द्वारा क्रियान्वित की जा रही सरकार की गरीबी उन्मूलन योजनाओं के अन्तर्गत हुई प्रगति तथा वार्षिक ऋण योजना 2023-




24 के अंतर्गत मार्च 2024 तक के लक्ष्यों तथा उपलब्धियों की समीक्षा की गई। इस दौरान बैंको से आशा जताई गई कि वे जिले के आर्थिक विकास में अपने दायित्वों को समझते हुए ज्यादा से ज्यादा ऋण प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को देंगे व लोगों के आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने में सहयोग करेंगे।बैठक का संचालन करते हुए तिलक राज डोगरा अग्रणी जिला प्रबंधक किन्नौर ने बताया कि जिला किन्नौर के ऋण वितरण में बैंकों का वार्षिक ऋण योजना 2023-24 01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक का लक्ष्य 47697.53 लाख रुपये था, जिसे मार्च तिमाही के अंत तक बैंकों ने 55148.54 लाख रुपये के ऋण वितरण करके 115.62 प्रतिशत की दर से अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की है।

इस अवसर पर चंद्रेश कुमार डीडीएम नाबार्ड, तिलक राज डोगरा अग्रणी जिला प्रबंधक किन्नौर, भरत राज आनंद आरबीआई शिमला अग्रणी जिला अधिकारी ऑनलाइन तथा अन्य विभागाध्यक्ष एवं बैंक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयोजित गतिविधियों का किया जाए ऑनलाइन संकलन

हामिद

**चंबा** : उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि जिला में स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विद्यालय स्तर पर आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यकलापों का ऑनलाइन संकलन किया जाए।वे उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समन्वय समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे।मुकेश रेपसवाल ने स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को विशेष प्राथमिकता रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय स्तर पर आयोजित की जाने वाली सभी गतिविधियों को और अधिक बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उपायुक्त ने प्रभारी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान को स्कूल स्तर पर आयोजित की जाने वाली



विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यकलापों को ऑनलाइन संकलन के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विभिन्न ग्यारह स्वास्थ्य मानक निर्धारित किए गए हैं।विद्यार्थियों में सभी संबंधित विषयों में जागरूकता लाने के लिए उपमंडल स्तर पर एसडीएम की निगरानी में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकों का आयोजन किया जाए।बैठक में प्रभारी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ने अवगत किया कि जिला के विभिन्न 487 माध्यमिक विद्यालय, उच्च विद्यालय और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 964 हेल्थ वेलनेस एम्बेसडर को प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में स्वास्थ्य मानकों के प्रति जागरूकता लाने को लेकर विद्यालय स्तर पर 3133 सत्र आयोजित कर 114436 छात्रों को विभिन्न गतिविधियों का हिस्सा बनाया गया है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जाने वाले विभिन्न टीकाकरण कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। इससे पहले मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विशाल महाजन ने उपायुक्त का स्वागत करते हुए अभियान से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का ब्यौरा रखा।बैठक में कार्यवाही का संचालन जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ

**निर्देश**

**कार्यान्वयन को लेकर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को विशेष प्राथमिकता रखने के निर्देश दिए**

जेएस भारद्वाज ने किया। बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य खंडों के अधिकारियों ने वर्चुअल रूप से हिस्सा लिया। उपनिदेशक एवं परियोजना अधिकारी ग्रामीण विकास अभिकरण डॉ जयवंती ठाकुर, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा ज्ञानचंद, प्रभारी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डॉ कविता बिजलवान, प्रभारी आईसीडीएस अमर सिंह वर्मा, जिला समन्वयक मनोज नाथ व अजय कुमार बैठक में उपस्थित रहे।

# हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने हमेशा झूठ की राजनीति की हैः सुधीर

चमन शर्मा

**शिमला**: भाजपा के नवनियुक्त विधायक सुधीर शर्मा और इंदर दत्त लखनपाल का विधानसभा पहुंचने पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और समस्त विधायक दल ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। जयराम ठाकुर और भाजपा के विधायकों ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके उपरांत दोनों विधायकों ने विधायक पद की शपथ ली।इस अवसर पर सुधीर शर्मा ने कहा की वारातम कांग्रेस सरकार लोक सभा चुनावों में बुरी तरह से हारी है और हमने खुद धर्मशाला में कांग्रेस को हराया है। हिमाचल प्रदेश में झूठ की राजनीति नहीं चलती और कांग्रेस ने हमेशा झूठ की राजनीति की है। उन्होंने कहा की यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है की देश के



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार बने और केंद्र सरकार ने मंत्री जगत प्रकाश नड्डा दूसरी बार बने है। सभी नेताओ और कार्यकताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं। सुधीर ने कहा की केंद्र ने मोदी 3.0 सरकार में भी वित्त मंत्रालय मिलने के तुरंत बाद निर्मला सीतारमण ने निर्णय लिया है कि राज्यों को जून 2024 के टैक्स हस्तांतरण के नियमित रिलीज अमाउंट के अलावा एक अतिरिक्त किस्त जारी की जाएगी, जो कि एक लाख 39 हजार 750 करोड़ रुपए है। राज्यों को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जारी किए गए इस अमाउंट के साथ 10 जून, 2024 तक कुल दो लाख 79 हजार 500 करोड़ रुपए राज्यों को टैक्स डिवोल्यूशन किए गए हैं।

# लोकसभा चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत सफल हुई : अनुराग ठाकुर

**चमन शर्मा**

**शिमलाः भाजपा के** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर का शिमला पार्टी ऑफिस पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने कहा लोकसभा चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत सफल हुई, जनता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ और हिमाचल से सभी चारों लोकसभा सीटें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डाली गई। यह प्रदेश भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की भूमि है। अनुराग ने कहा की जगत प्रकाश नड्डा को केंद्र सरकार ने बड़े मंत्रालो के साथ जिम्मेदारी मिली है, यह हिमाचल प्रदेश और हम सभी के लिए गर्व की बात है। इससे जनता में नई आशा भी खड़ी होती है, नड्डा को इस बड़ी जिम्मेदारी देने के लिए हम सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद करते हैं और जगत प्रकाश नड्डा को बधाई देते हैं। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने हिमाचल प्रदेश के लिए कभी भी कोई कमी नहीं रखी है, चाहे वह रेल, स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी का क्षेत्र हो।



पिछले 10 वर्षों में जो हिमाचल प्रदेश को मिला है वह आज तक कभी नहीं मिला और आने वाले 5 वर्षों में भी केंद्र सरकार हिमाचल के लिए कोई कमी नहीं रखेगी। हम चार सांसद लोकसभा के और तीन राज्य सभा के सातों मिलकर हिमाचल को नई बुलंदियों तक लेजाएगे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मैं भाजपा का कार्यकर्ता था, हूं और रहूंगा। मैं स्थाई कार्यकर्ता हूं, कार्यकर्ता की भूमिकाएं बदलती रहती है पर जिस भूमिका में आऊंगा उसमें उत्तम कार्य करुंगा। ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया गया पर आने वाले तीन उपचुनावों में हम बड़ी जीत हासिल करेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने भी अनुराग ठाकुर का प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया।

# आपदा प्रबंधन पर उपायुक्त किन्नौर ने ली बैठक, दिए दिशा-निर्देश

**सुझाव आमंत्रित**

**▶▶ अधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित किया गया और आपदा राहत कार्यों पर सुझाव आमंत्रित किए गए**



**अनिल**

**किन्नौरः जिला** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त किन्नौर डॉ अमित कुमार शर्मा ने आज यहां उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आगामी मॉनसून सीजन के मद्देनजर आपदा के संदर्भ में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने आई.टी.बी.पी, सेना, पुलिस, होमगार्ड, स्वास्थ्य विभागों के अधिकारियों को मॉनसून सीजन में सतर्क रहने के निर्देश दिए तथा सभी विभागों को आपदा प्लान तैयार करने को कहा ताकि आपदा के दौरान विशेषकर जनजातीय जिला किन्नौर में बादल फटना एवं भू-स्खलन के दौरान बचाव एवं राहत कार्यों में अतिव्यापी की समस्या उत्पन्न न हो और सभी विभागों में आपसी समन्वय स्थापित हो सके।उपायुक्त ने ग्रैफ , राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण व लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि वे जिला के संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में मशीनरी एवं मजदूर तैनात करें ताकि भू-स्खलन की स्थिति में तत्काल प्रभाव से राहत कार्यों को पूर्ण किया जा सके और बहुमूल्य जानों को बचाया जा सके। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित किया गया और आपदा राहत कार्यों पर सुझाव आमंत्रित किए गए और बताया कि आपदा प्रबंधन के तहत 14 जून, 2024 को मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

## यशपाल बने खरकड़ी स्कूल के अध्यापक अभिभावक संघ के प्रधान

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर** : श्री नयना देवी जी के साथ लगते गांव खरकड़ी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक का स्कूल प्रबंधन कमेटी का गठन किया गया। स्कूल प्रवक्ता राजीव कुमार ने बताया कि एसएमसी का चुनाव उप प्रधानाचार्य सुनीता देवी के अध्यक्षता में हुआ। जिसमें यशपाल को सभी अभिभावकों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना तथा सरोज कुमारी, बिट्टू राम, सीमा देवी, बबली देवी, सुरेंद्रा, यशोदा, राकेश कुमार, अमरो देवी, निशा देवी, कमला देवी, छोटू राम, सुषमा देवी, प्यारी देवी को कमेटी का सदस्य चुना गया। प्रधान ग्राम पंचायत खरकड़ी नंद किशोर को पदेन सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक में विद्यालय से अध्यापक एवं प्राध्यापक विजय राम, मनीषा कुमारी, चमन लाल, राजीव कुमार एवं कुमारी सुमन उपस्थिति रही।

# बाल श्रम की बुराइयों के प्रति जागरूक करने के लिए चाइल्ड लाइन की मुहिम

**आह्वान**

**▶▶ ब्बच्चों को जीवन में उच्च आदर्श एवं अपने लक्ष्य निर्धारण पर बल देने हेतु आह्वान किया**



**हामिद**

**चंबा** : बुधवार को संयुक्त टीम के द्वारा पैन इंडिया रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन कैंपेन ऑफ चाइल्ड एंड एडोलसेंट के अंतर्गत चंबा शहर व कसाकड़ा में दुकानों, ढाबों, होटलों इत्यादि का औचक निरीक्षण किया गया एवं लोगों को बालश्रम की बुराई के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ-साथ टीम द्वारा लोगों के साथ भी संवाद किया गया व बाल-मजदूरी बाल-विवाह एवं बाल-शोषण जैसी बुराई के संबंध में बच्चों को जागरूक किया गया। इस दौरान टीम में लेबर इंस्पेक्टर चंबा ऋषभ चौधरी, जिला बाल कल्याण समिति से निशा बहल, जिला बाल संरक्षण इकाई से विधि एवं परिवीक्षा अधिकारी माला शर्मा, जिला बाल संरक्षण इकाई से परामर्शदाता स्नेह शर्मा, चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक कपिल शर्मा, चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा से चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर विक्की जरयाल व अशोक कुमार, प्रेरणा दि इंसपिरेशन संस्था अध्यक्ष दीपक भाटिया, संस्था सदस्य पंडित हरि व अंजली सहित पुलिस कांस्टेबल कुमारी दीपिका, हेड कांस्टेबल बरकत राज व कांस्टेबल पवन कुमार उपस्थित रहे। इस दौरान दुकानदारों व ढाबा संचालकों को बताया गया कि वह छोटे बच्चों को दुकान तथा घर में काम पर ना रखें। इसके साथ-साथ लोगों को यह भी बताया गया की बाल-श्रम से जुड़ी किसी भी सूचना को जिला बाल संरक्षण इकाई चंबा, चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 व पुलिस की आपातकालीन सेवा 100, 112 नंबर पर दिया जा सकता है। बाल श्रम से जुड़ी किसी भी सूचना के संबंध में सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जाता है। यदि कोई माता-पिता अपने बच्चों को किसी के घर, दुकान, ढाबों, फैक्ट्रियों अथवा अन्य जगह पर बाल श्रम में धकेलते हैं या कोई नियोक्ता छोटे बच्चों को काम पर रखता है तो ऐसी स्थिति में माता-पिता व नियोक्ता दोनों के विरुद्ध कड़ी सजा एवं जुमार्ने का प्रावधान है। टीम द्वारा जनता से आवाहन किया कि यदि कहीं भी बालश्रम के कारण बच्चों के अधिकारों का हनन होता है तो इसकी सूचना देना सुनिश्चित करें तथा बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड? हेतु इस पुनीत कार्य में अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करें। इसके साथ.साथ टीम द्वारा डी.ए.वी. स्कूल हरदासपुरा में स्कूल प्रवंधन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विश्व बाल मजदूरी निषेध दिवस के उपलक्ष पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया गया जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंबा के सचिव एवं ए.सी.जे.एम. चंबा संदीप सिंह सिहाग एवं स्कूल प्रिंसिपल द्वारा बाल मजदूरी की बुराई के संबंध में बच्चों को जागृत किया और साथ ही बच्चों को जीवन में उच्च आदर्श एवं अपने लक्ष्य निर्धारण पर बल देने हेतु आवाहन किया। अभियान के दौरान कोई भी बच्चा बाल.मजदूरी करता हुआ नहीं पाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### 14 जून से चंबा प्रवास पर रहेंगे विधानसभा उपाध्यक्ष



**हामिद**

**चंबा** : विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार 14 जून से चंबा जिला के प्रवास पर रहेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया विधानसभा उपाध्यक्ष 14 जून को दोपहर बाद 3 बजे भलेई माता मंदिर पहुंचेंगे तथा उनका रात्रि ठहराव परिधि गृह चंबा में होगा।उन्होंने बताया कि विधानसभा उपाध्यक्ष 15 जून को सुबह 9 बजे भरमौर के लिए प्रस्थान करेंगे। वह भरमौर से दोपहर बाद 3 बजे चंबा-खज्जियार के लिए रवाना होंगे। उनका रात्रि ठहराव विश्राम गृह खज्जियार में रहेगा। 16 जून को वह खज्जियार में ठहराव करेंगे और जनहित के लिए विभिन्न स्थानों का प्रवास करेंगे तथा रात्रि ठहराव विश्राम गृह खज्जियार में रहेगा। विधानसभा उपाध्यक्ष 17 जून को चंडीगढ़ के लिए रवाना होंगे।

### मण्डी जिला में इन्दिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के लिए 1500-1500 रुपये देने की प्रक्रिया शुरू



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी** : इन्दिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा आदर्श आचार संहिता से पूर्व 16 मार्च तक योजना के अन्तर्गत प्राप्त समस्त आवेदन पत्रों को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस स्वीकृति के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही हेतु 1500 रुपये प्रतिमाह की दर से जिलेवार राशि का आवंटन भी कर दिया गया है।उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि जिला मंडी में इन्दिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत प्रदेश में आदर्श आचार संहिता से पूर्व 6019 आवेदन प्राप्त हुए थे। इन सभी 6019 आवेदनों को सरकार द्वारा मंजूर कर लिया गया है और इसके लिए कल्याण विभाग को 2,70,85,583 रु की राशि जिला मंडी हेतु प्राप्त भी हो गई है। उन्होंने ने बताया कि आचार संहिता लागू होने से पहले प्राप्त आवेदनों के दस्तावेजों की जांच तहसील कल्याण अधिकारियों द्वारा की जा रही है। जांच उपरांत 3187 मामले तहसील कल्याण अधिकारियों से प्राप्त हो चुके है और इन्हें स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि 2832 आवेदनों की जांच तहसील कल्याण अधिकारियों द्वारा आगामी एक दो दिनो मे पूर्ण कर ली जाएगी। जांच उपरांत इन आवेदनों को भी स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों को राशि का भुगतान करने की प्रक्रिया आरम्भ की जा चुकी है तथा आगामी दिनों में लाभार्थियों के खातों में 4500 रु प्रति लाभार्थी जमा हो जाएंगे।

### संजय कुमार बने भगेड़ स्कूल एसएमसी प्रधान

**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर** : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भगेड़ में प्रधानाचार्य राकेश मनकोटिया की अध्यक्षता में स्कूल प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी के गठन हेतु आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें संजय कुमार को लगातार दूसरी बार सर्वसम्मति से स्कूल प्रबंधन समिति का आगामी तीन वर्षों के लिए अध्यक्ष चुना गया। आमसभा में लगभग 70 अभिभावकों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य राकेश कुमार मनकोटिया ने अपने संबोधन में बताया कि एक सशक्त, सुदृढ़ और सक्षम एसएमसी किसी भी विद्यालय के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर पाठशाला के अध्यापक अशोक कुमार ने शिक्षा में एसएमसी की भूमिका तथा विज्ञान अध्यापिका पूजा शर्मा ने स्वास्थ्य शिक्षा में एसएमसी के योगदान पर अपने विचार रखे। चुनाव प्रभारी कुसुम चौहान, प्रवक्ता राजनीतिक शास्त्र की देखरेख में अध्यक्ष संजय कुमार के अतिरिक्त सुखराम, बलदेव दास, सनी कुमार, देवकी, वनिता देवी, अनु कुमारी, सरोज कुमारी, कमलेश, निर्मला देवी, संजीव कुमार, ताज मोहम्मद, राकेश कुमार, पाली राम तथा सुनीता देवी को कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बकरोआ की प्रधान कमलेश कुमारी तथा वार्ड सदस्य प्यारेलाल, प्रकाश चंद विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# भूस्खलन वाले स्थानों को चिन्हित करें: एसडीएम



**बैठक**

**▶▶ आपातकालीन स्थिति से निपटने व बचाव उपायों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया**

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी :मॉनसून** सीजन के दौरान किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने व बचाव के संबंध में करसोग उपमंडल ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। एसडीएम करसोग राजकुमार की अध्यक्षता में मॉनसून सीजन के दौरान आपातकालीन स्थिति से निपटने व बचाव उपायों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपमंडल स्तर के सभी विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस मौके पर एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय रहते सभी विभाग उनके विभागों के पास उपलब्ध संसाधनों की इंवेंटरी तैयार कर प्रशासन को भेज दे ताकि आपदा के दौरान, उपलब्ध इन संसाधनों का उचित प्रयोग कर, आपदा के समय लोगों के जानमाल की सुरक्षा संबंधी प्रभावी कदम उठाए जा सके। उन्होंने कहा कि सडकों के किनारें बनी नालियों की साफ.सफाई सुनिश्चित की जाए और ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों के माध्यम से बनी सडकों व रास्तों की साफ सफाई भी ब्लॉक कार्यालयों के माध्यम से सुनिश्चित की जाए।उन्होंने कहा कि भूस्खलन वाले स्थानों को चिन्हित किया जाए और वहां पर समय रहते आवश्यक मशीनरी इत्यादी तैनात कर ली जाए ताकि किसी भी आपतकालीन स्थिति से निपटा जा सके। उन्होंने खाद्य आपूर्ति विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील व दूरदराज के क्षेत्रों में 25 जून तक सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से राशन का भंडारण करना सुनिश्चित किया जाए ताकि उन क्षेत्रों के लोगों को परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने कहा कि मानसून में सभी अधिकारी अलर्ट पर रहें और अपने-अपने कर्तव्यों का उचित तरीके से निर्वहन करें।एसडीएम ने लोनिवि, जल शक्ति व विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जेसीबी मशीनें, डोजर व अन्य मशीनरी और आवश्यक उपकरणों इत्यादी की तैनाती समय रहते करे। उन्होंने कहा करसोग में उपमंडल स्तर पर 24 घंटे कार्यशील रहने वाला आपदा प्रबंधन कन्ट्रोल रूम भी शीघ्र ही कार्य करना शुरू कर देगा। जहां पर आपदा संबंधी किसी भी प्रकार की सूचना प्रदान की जा सकती है।

## महेंद्र पाल बने एसएमसी कल्लर के प्रधान

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर** : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कल्लर में आम सभा का आयोजन प्रधानाचार्य रोशन लाल शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इसमें नई विद्यालय प्रबन्धन समिति का गठन 2024-2027 के लिए किया गया। इसमें महेन्द्र पाल को सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष चुना गया। समिति में जय सिंह, देव राज, कर्मचन्द, राम कृष्ण, शीतला, रमन, ममता, मंजू, निशा, बिन्द्रा, पुष्पा, नीलम व कान्ता देवी को शामिल किया गया। इसके अतिरिक्त इस आम सभा में दीपक ठाकुर पंचायत उपप्रधान व बाबू राम, रमेश चन्द समिति के सलाहकार नामित किए गए।

# पार्षद रचना शर्मा के नेतृत्व में मोदी व नड्डा के पदभार ग्रहण पर जताई खुशी

**चमन शर्मा**

**शिमला** : भाजपा किसान मोर्चा हिमाचल प्रदेश की प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक व कसुम्पटी की पार्षद रचना शर्मा के नेतृत्व में कसुम्पटी में मोदी-तीन की पारी शुरू होने पर खुशी का इजहार किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नोएडा के शपथ ग्रहण के साथ स्वास्थ्य व रसायन उर्वरक मंत्री बनने पर खुशी का इजहार करते हुए हलवा वितरित किया गया, कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए केंद्र में भाजपा गठबंधन की सरकार बनने पर खुशी का इजहार किया। भाजपा नेत्री रचना शर्मा ने कहा कि विकसित भारत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व सशक्त भारत की ओर कदम बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में देश में मूल समस्याओं पर काम किया गया है और आने वाले समय में ऐतिहासिक कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि सबका विकास सबका साथ के नारे पर बीजेपी आगे बढ़ी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जनता ने शानदार समर्थन भाजपा को दिया है ।उन्होंने कहा कि जगत प्रकाश नड्डा को स्वास्थ्य एवं रसायन उर्वरक मंत्री बनाया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों मंत्रालय देश में विकास को आगे बढ़ाएंगे और हिमाचल प्रदेश में भी नए आयाम स्थापित करेंगे।



# श्रद्धालुओं की निर्मम हत्या को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर :जम्मू कश्मीर में वैष्णों देवी कटरा से शिव** खोडी जाते समय बीती 9 जून को हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर हुए हमले में मारे गए दस निर्दोष श्रद्धालुओं की हत्या के विरोध में हिंदु संगठन विश्व हिंदु परिषद, बजरंग दल के प्रतिनिधियों ने एडीसी बिलासपुर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया तथा इस मामले में दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की है। यह ज्ञापन विश्व हिंदू परिषद प्राण सह मंत्री अधिवक्ता तुषार डोगरा की अगुवाई में प्रेषित किया गया जबकि उनके साथ प्रांत उपाध्यक्ष विमल अंगिरस, विभाग अध्यक्ष इंद्र सिंह डोगरा, नगर अध्यक्ष नरेंद्र खन्ना, जिला सह मंत्री संजीव ढिल्लों, कश्मीर सिंह चंदेल ठाकुर, अधिवक्ता नंदलाल ठाकुर, रेखा शर्मा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रेस को जारी बयान में तुषार डोगरा ने कहा कि क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों द्वारा यह कायराना हमला किया गया है। जिसमें 10 निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्री मारे गए हैं। संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना है इस क्रूरतम दुष्कृत्य से पूरा देश आहत है और तीव्र आक्रोश में है। उन्होंने कहा कि जम्मू काश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है, धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है, लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है, हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। देश के नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है। बजरंग दल इस कायराना कृत्य की तीव्र निंदा करते हुए आपसे निवेदन करता है,

इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने का केंद्र सरकार को निर्देश दें तथा इस प्रकार के तत्वों को सरंक्षण देने वाले आंतरिक व विदेशी तत्वों का भी कठोरता से समुचित इलाज हो, ऐसा केन्द्र सरकार से सुनिश्चित कराने का आग्रह करें।



# लोस चुनाव: 10 मंत्री एवं सीएम अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में चुनाव हारे: बिंदल

**चमन शर्मा**

**शिमलाः भाजपा** कोर ग्रुप की बैठक का आयोजन पार्टी मुख्यालय दीप कमल चक्कर शिमला में हुआ, बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल द्वारा की गई। कोर ग्रुप की इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सत्ती, सुरेश कश्यप, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार, पूर्व मंत्री राजीव सहजल, विधायक रणधीर शर्मा, त्रिलोक जमवाल, राकेश जमवाल, महामंत्री डॉ सिकंदर कुमार, बिहारी लाल शर्मा और त्रिलोक कपूर उपस्थित रहें।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने बताया की कोर ग्रुप के माध्यम से सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को लोकसभा की चारों संसदीय सीटें बड़े एवं आरामदायक मार्जिन से जीतने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बैठक में 2-3 अतिमहत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा हुई, इन लोकसभा चुनावों में भाजपा ने 61 विधानसभा क्षेत्र में बड़ी लीड दर्ज की है, लोक सभा चुनावों में वर्तमान प्रदेश सरकार के 12 मंत्रियों में से 10 मंत्री एवं मुख्यमंत्री अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में चुनाव हारे है। यह एक बहुत महत्वपूर्ण विषय है जिसके लिए सभी नेताओं एवं कार्यकताओं को बधाई।उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार तीसरी बार केंद्र में बनी है यह देश और हिमाचल वासियों के लिए गौरव का विषय है।

इसी के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नेता का राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाते कार्यकाल सुपर सफल रहा है और उसके उपरांत उनका केंद्र सरकार में दो बड़े महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेवारी मिली है जिसका उन्होंने कल कार्यभार भी संभाल लिया है, इसके लिए उनको विशेष रूप से बधाई एवं शुभकामनाएं। बिंदल ने बताया की बैठक में आने वाले तीन उपचुनावों को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई एवं आगामी संगठनात्मक गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। बैठक में चार लोकसभा की चुनावी जीत और दो उपचुनाव में जीत को लेकर भी चर्चा हुई। अब भाजपा के विधायकों की संख्या 25 से बढकर 27 हो गई है, इसी प्रकार राज्यसभा के सदस्यों की संख्या 2 से 3 हो गई है और लोकसभा सदस्यों की संख्या 3 से 4 हो गई है। बैठक में जीत के सिलसिले, लोक सभा चुनाव, 4 उपचुनावों में हार और आने वाले 3 उपचुनावों के जीतने पर मंथन हुआ। उन्होंने कहा की टिकट आवंटन पर फैसला केंद्र नेतृत्व तय करेगा।

# भाजपा नेता जगत प्रकाश नड्डा के दूसरी बार केंद्रीय कैबिनेट मंत्री बनने पर दी बधाई

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर** : किसान मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य रोशन ठाकुर ने कहा कि जगत प्रकाश नड्डा के मोदी केबीनेट में स्वास्थ्य मंत्रालय मिलने से बिलासपुर का नाम पूरे देश में रोशन हुआ है। नड्डा ने छात्र राजनीति से निकल कर राष्ट्रीय राजनीति में स्थान बनाया है। वे बिलासपुर में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिलासपुर को एम्स और हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज का तोहफा देने वाले नड्डा अब और भी तोहफे बिलासपुर को देंगे। बिलासपुर के लिए पर्यटन की दृष्टि से ड्रीम प्रोजेक्ट 1400 करोड रुपए के मंदिरों की पुनर्स्थापना और झील के निर्माण की संभावनाएं भी बढ़ी हैं। उन्होंने ने कहा कि रसायन और उर्वरक मंत्रालय मिलने से यह आस जगी है कि वर्षों से बंद पड़े नंगल फर्टिलाइजर लिमिटेड में फिर से उत्पादन शुरू होगा। क्योंकि इसमें केन खाद का निर्माण होता था जो कि किसानों के लिए बहुत अच्छी थी और उसके लिए रॉ मटेरियल बिलासपुर के बंदला से जाता था। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में लोकसभा की चारों सीटें भाजपा ने जीती और 68 विधान सभा क्षेत्र में से 61 पर भाजपा की लीड रही। यह निश्चित है कि आने वाले तीन उपचुनाव भी भाजपा ही जीतेगी। रोशन ने कहा कि बिलासपुर के प्राचीन ऐतिहासिक भांजवानी पुल का टेंडर हो चुका है 101 करोड़ रुपए की लागत से इस पुल का निर्माण होगा यह भी जगत प्रकाश नड्डा की ही देन है। उन्होंने हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर को पांचवीं बार जीत की भी शुभकामनाएं दीं।



## न्यूज़ फ्लैश

### लाखों श्रद्धालु सरकार के खर्चे पर करेंगे तीर्थ स्थलों के दर्शन : हरविन्द्र



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के जरिए प्रदेश के लाखों श्रद्धालु धीरे-धीरे निशुल्क रूप से देश के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों के दर्शन करेंगे। इसके लिए प्रदेशभर से अब तक 6 एसी वोल्वो बसे प्रदेश सरकार की तरफ से रवाना की जा चुकी हैं और सैकड़ों यात्री अयोध्या सहित अन्य तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर चुके हैं। इस अनोखी योजना से श्रद्धालुओं की आस्था को भी सम्मान मिल रहा है।

विधायक हरविन्द्र कल्याण बुधवार को करनाल डॉ मंगलसैन ऑडोटोरियम के प्रागंण से सूचना जन सम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत दो एसी वोल्वो बसों को हरी झंडी देने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले विधायक हरविन्द्र कल्याण, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, सूचना जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त निदेशक गौरव गुप्ता ने वोल्वो बसों को करनाल से अयोध्या धाम तीर्थ यात्रा के लिए हरी झंडी देकर रवाना किया।

इस दौरान विधायक हरविन्द्र कल्याण ने बसों में बैठे श्रद्धालुओं से बातचीत की और तमाम व्यवस्थाओं का आंकलन भी किया। इससे पहले ऑडोटोरियम के हॉल में विधायक हरविन्द्र कल्याण व विधायक रामकुमार कश्यप ने सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के मुख्य पहलुओं को श्रद्धालुओं के साथ सांझा किया। इस दौरान श्रद्धालुओं को सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की ओर से एक-एक किट बैग भी उपलब्ध करवाया।

विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि चुनावों से पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल की ही पावन धारा पे मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा का आगाज किया था। इस योजना के तहत 1 लाख 80 हजार से कम आय वाले परिवारों के वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थो के निशुल्क दर्शन करवाएं जा रहे हं। अब तक 6 बसें प्रदेश सरकार की ओर से तीर्थो के लिए रवाना की जा चुकी हैं। इस योजना से श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पूरी गंभीरता के साथ सरकार की योजनाओं को तेजी के साथ आगे बढ़ा रहे है और प्रदेश को विकसित करने के साथ-साथ लोगों की आस्था का भी सम्मान कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में देश में तेजी के साथ विकास किया है। सरकार की योजनाओं से प्रदेश का हर वर्ग खुश नजर आ रहा है और आमजन को खुशहाल बनाने के लिए ही सरकार पूरा फोकस रखकर योजनाओं को अमलीजामा पहना रही है।

### 29 जुलाई से 3 अगस्त तक होगा विशेष लोक अदालत का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव डा. सविता कुमारी ने बताया कि इस विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय भारत द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त तक किया जा रहा है। इस विशेष लोक अदालत में, जो मामले सर्वोच्च न्यायालनय भारत में लंबित है और जिन मुकदमों में सरकार पार्टी है, ऐसे मुकदमें विशेष लोक अदालत में रखे जा सकते हैं।

# कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. विजय कौशिक को मिला चौथा वर्ल्ड रिकॉर्ड

## स्मार्ट एंड इकोनॉमिकल फार्मिंग की रचना कर बनाया अपना चौथा विश्व रिकॉर्ड

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र करनाल में कार्यरत वैज्ञानिक डॉ. विजय कौशिक ने चौथा वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उनको यह वर्ल्ड रिकॉर्ड स्मार्ट एंड इकोनॉमिकल फार्मिंग नामक पुस्तक की रचना के लिए मिला है, जिसमें उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए 101 तरीके. सुझाए हैं। इन सुझावों में फसल सुधार, कृषि उत्पाद की मार्केटिंग, सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभ आदि को विस्तार से समझाया गया है।




डॉ. कौशिक ने यह पुस्तक 2023 में तैयार की थी। पुस्तक की सॉफ्ट कॉपी के आधार पर इंफ्ल्यूएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने डॉ. कौशिक को वर्ल्ड रिकॉर्ड से नवाजा है। पुस्तक अभी पब्लिश होनी है। उनका पहला वर्ल्ड रिकॉर्ड 2021 में भारत रत्न अवार्डीज पर प्रथम काव्य संग्रह लिखकर अपना नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन में नाम दर्ज कराया। दूसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड सामाजिक कुरीतियों, रीति रिवाजों एवम् त्यौहारों पर प्रथम काव्य संग्रह लिखकर हॉर्वर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड्स लंदन तथा तीसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड कृषि आधारित 31 खाद्यान्न, दलहन, तिलहन तथा चारा फसलों पर काव्य संग्रह तैयार कर ब्रावो इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, यूनाइटेड अरब अमीरात प्राप्त किया।

डॉ. कौशिक ने अब तक कुल 23 साल की सेवाएँ दे चुके हैं, जिसमें हरियाणा सरकार के शिक्षा विभाग में 7 साल, अर्थ एवम् सांख्यिकीय विश्लेषण विभाग में 11 साल 6 महीने तथा हरियाणा कृषि विश्वविधालय हिसार में अब तक साढ़े चार साल की सेवाएं दी है। वह अब तक कुल 6 पुस्तकें लिख चुके हैं। इसके अतिरिक्त 40 रिसर्च पेपर्स राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जर्नल में, 40 लेख लीडिंग मैगजीन में छपवा चुके है। इन्होंने लगभग 20 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेकर लगभग 23 शोध पत्र प्रस्तुत किए, जिसमें उनको तीन बार बेस्ट पेपर प्रेजेंटेशन अवार्ड, एक बार बेस्ट पोस्टर प्रेजेंटेशन अवार्ड मिला।

## समाधान शिविर: 61 शिकायतों में से 34 का निपटारा




टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** आज यहां लघु सचिवालय में तीसरे दिन भी समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एसडीएम अनुभव मेहता ने की। शिविर में 61 शिकायतें आईं, जिनमें से 34 का मौके पर ही निपटारा किया गया।

राज्य सरकार के निर्देश पर हर कार्य दिवस पर यहां लघु सचिवालय में परिवार पहचान पत्र, प्रोपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्टरी, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नकशे की मंजूरी, पैंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों के निपटारे के लिये समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। आज इस शिविर में 61 शिकायतें आईं जिनमें से 34 का मौके पर ही निपटारा किया गया। सत्ताईस शिकायतें अभी लंबित हैं। इनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया।

## चुनाव कार्यो में लगे जेबीटी अध्यापकों का निपुण प्रशिक्षण हुआ आरंभ



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल में जिला शिक्षा विभाग द्वारा जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार के नेतृत्व में चुनाव कार्यो में लगे जेबीटी अध्यापकों का चार दिवसीय निपुण प्रशिक्षण कार्यशाला का आरंभ हुआ। उन्होंने बताया कि करनाल जिले के सभी खंडों से 105 अध्यापकों को निपुण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि अध्यापक शिक्षण कार्य में नए तौर तरीकों से शिक्षण कार्यों को प्रभावी बनाएं। प्रशिक्षण कार्यशाला की नोडल अधिकारी बीईओ सीमा मैदान ने प्रशिक्षण कार्यशाला में चल रही गतिविधियों को जांचा। उन्होंने कहा कि सभी अध्यापक समय पर उपस्थित होकर निपुण प्रशिक्षण ग्रहण करें। जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा ने सभी अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि छोटे-छोटे बच्चों का भविष्य अध्यापक पर ही निर्भर है।

## रविंद्र एंटी करप्शन इंडिया के इंटरनेशनल चीफ इंचार्ज नियुक्त

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं इंटरनैशनल प्रेजिडेंट राजेश गर्ग ने इंटरनैशनल टीम का विस्तार करते हुए समाजसेवी एवं तिरुपति बासमती एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के एमडी रविंद्र कुमार सिंगला को इंटरनेशनल चीफ इंचार्ज नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एंव अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश गर्ग ने रविंद्र कुमार सिंगला को तिरंगा वस्त्र पहनाकर एंव नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई।




नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि रविंद्र कुमार सिंगला एक विख्यात समाजसेवी है, जो कि समाजसेवा के कार्यों में तत्पर रहते हैं। रविंद्र कुमार सिंगला ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगे।

नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, अवाम में कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि हैं।

इस अवसर पर राजेश गर्ग ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा समाजसेवा के प्रकल्पों के अंतर्गत सरकारी स्कूल के जरुरतमंद विद्यार्थियों की हर प्रकार की मदद एवं लोगों की सहायता, गरीब कन्याओं की शादी में मदद करवाना आदि शामिल हैं।

## सिविल सर्जन ने आईएमए के प्राइवेट डाक्टर्स के साथ की मीटिंग

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** सिविल सर्जन डा. कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में आईएमए के प्राइवेट डाक्टरस की मीटिंग का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री का सपना भारत को टीबी मुक्त बनाने के लिए वर्ष 2025 का लक्ष्य है। टीबी एक संक्रामक रोग है, जो शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है, मगर मुख्यता यह फेफडों को प्रभावित करती है। यह संक्रमित व्यक्ति के खाँसने छीकने एवं थूकने से फैलती है। दो सप्ताह या इससे अधिक समय तक खाँसी, बलगम और बुखार, बलगम या थूक के साथ खून आना, छाती में दर्द की शिकायत, भूख कम लगना, वजन में लगातार गिरावट। अगर किसी भी व्यक्ति में उक्त लक्षण पाए जाएं तो उसे तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र जाकर बलगम की मुफ्त जाँच करवा लेनी चाहिए। एक टीबी का मरीज अगर ईलाज नहीं कराता तो वह 15-20 लोगों को टीबी कर सकता है।



सिविल सर्जन ने प्राइवेट डाक्टरस को नोटिफिकेशन व यूडीएसटी बढाने के निर्देश दिये तथा डिफ्रेंशियल टीबी केयर के बारे में बताया। यह भी बताया कि टीबी के मरीज को नोटिफाई न करना एक दण्डनीय अपराध है। यह भी अवगत करवाया कि भारत सरकार द्वारा टीबी की अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नम्बर 1800116666 जारी किया गया है, जिस पर कोई भी व्यक्ति मिसकॉल करके टीबी के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है।

**बैठक**

**नोटिफिकेशन व यूडीएसटी बढ़ाने के दिए निर्देश, टीबी के मरीज को नोटिफाई न करना एक दंडनीय अपराध**

उप सिविल सर्जन (टीबी) डा. सिम्मी कपूर द्वारा वर्ष 2023 के टारगैट व अचीवमैंटस के बारे में बताया गया। वर्ष 2023 में प्राइवेट डाक्टरस द्वारा टीबी नोटिफिकेशन के टारगैट का केवल 84 प्रतिशत ही अचीव किया गया, जो कि एक चिंताजनक विषय है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक मरीज की नोटिफिकेशन पर 500रुपए एवं आउटकम पर 500रुपए ऐज इन्सैन्टिव दिया जाता है। प्राइवेट अस्पताल से इलाज लेने वाले टीबी के मरीजों को सरकार द्वारा निक्षय पोषण योजना के तहत प्रत्येक माह टीबी मरीज के खाते में 500 रुपए दिये जाते हैं। मीटिंग में आईएमए प्रैसिडैंट, 27 प्राइवेट डाक्टरस यमैडिसन एवं चैस्ट स्पैस्लिस्ट डा. प्रदीप, चिकित्सा अधिकारी, जिला नागरिक हस्पताल तथा डीपीपीएम द्वारा भाग लिया गया एवं जिला करनाल को टीबी मुक्त करवाने एवं प्रत्येक टीबी मरीज को नोटिफाई करवाने का आश्वासन दिया।

## समर कैंप में कई गतिविधियों में भाग लेंगे बच्चे



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** कम्युनिटी सेंटर स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से सेक्टर-6 के कम्युनिटी सेंटर में बच्चों के लिए समर कैंप की शुरूआत की गई। निवर्तमान पार्षद मेघा भंडारी ने मुख्य रूप से पहुंचकर कैंप का शुभारंभ किया और बच्चों को इस कैंप में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

मेघा भंडारी ने कहा कि शारीरिक रूप से सक्रिय होने के अलावा आपका बच्चा समर कैंप में जीवन कौशल भी सीखेगा और विकसित करेगा। उसे नई चीजें सीखने को मिलेंगी, खुद से काम करना सीखने को मिलेगा, दूसरे कैंप-साथियों के साथ तालमेल बिठाने को मिलेगा और भी बहुत कुछ। ये सभी चीजें उसे भविष्य में एक स्वतंत्र और जिम्मेदार नागरिक बनाएंगी।

संस्था के अध्यक्ष पुनीत गुप्ता ने बताया कि समर कैंप का प्रथम चरण 1 से 10 जून तक सफलतापूर्वक समाप्त हो गया है। अब दूसरा चरण 11 से 20 जून तक चलेगा, जिसका समय सुबह 6 बजे से सुबह साढ़े 8 बजे तक और शाम को साढ़े 6 से 8 बजे तक रहेगा।

इस कैंप में लॉन टेनिस, रोलर स्केटिंग, फन एक्टिविटी सहित कई गतिविधियां कराई जाएंगी। यह गतिविधियां शाम के बैच में भी चलती रहती हैं।

## पीपीपी डाटा वेरिफिकेशन व अपडेशन के लिए शिविर 14 जून से : पिलानी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार नागरिक संसाधन सूचना विभाग की ओर से परिवार पहचान पत्र का डाटा वेरिफिकेशन और अपडेशन करने के लिए 14 से 22 जून तक खंड स्तर पर व नगरपालिका क्षेत्रों में विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे।



अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि असंध ब्लॉक के लिए बीडीपीओ कार्यालय तथा वहां की नगरपालिका के लिए एसडीएम कार्यालय, घरौंडा ब्लॉक के लिए बीडीपीओ कार्यालय व नगरपालिका के लिए वहीं के एसडीएम कार्यालय, इन्द्री ब्लॉक के लिए बीडीपीओ कार्यालय, नगरपालिका इन्द्री के लिए एसडीएम कार्यालय, नीलोखेड़ी ब्लॉक के लिए बीडीपीओ कार्यालय व नगरपालिका इन्द्री के लिए एसडीएम कार्यालय में शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार करनाल ब्लॉक के लिए बीडीपीओ कार्यालय व नगरपालिका के लिए अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में, तरावड़ी में नगरपालिका, निसिंग ब्लॉक के लिए बीडीपीओ कार्यालय व वहां की शहरीय क्षेत्र के लिए नगरपालिका कार्यालय, कुंजपुरा ब्लॉक के लिए बीडीपीओ कार्यालय, चिड़ाव ब्लॉक के लिए वहां के बीडीपीओ कार्यालय तथा मुनक ब्लॉक के लिए बीडीपीओ कार्यालय परिसर में कैंप आयोजित किए जाएगें।

## स्टार्टअप के लिए मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है : डॉ. सुरेश

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के बागवानी महाविद्यालय अंजनथली में कुलपति डॉ. सुरेश के मार्गदर्शन में एक व्यापक कैरियर मार्गदशन वार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता का नेतृत्व करते हुए छात्र कल्याण निदेशक प्रो. रंजन गुप्ता ने अपने स्वागत भाषण में अतिथि वक्ता डॉ. एसपी गोयल, कुलपति डॉ.एसके मल्होत्रा और उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को इस महत्वपूर्ण आयोजन का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद किया।



कुलपति डॉ. सुरेश ने बढ़ते स्टार्टअप उद्यमों में छात्रों से उत्साह के साथ अपनी करियर यात्रा शुरू करने का आग्रह किया। देश में स्टार्टअप और नए विचारों के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है, जिससे देश का आर्थिक विकास हो एवं बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उत्पन्न हों। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि नए स्टार्टअप शुरू करने से पहले एक अच्छा आइडिया सोच ले, बिजनेस प्लान बनाएं, मार्केट रिसर्च करें, संबंधित लोगों से बातचीत करें, अपने बिजनेस का एक अच्छा सा नाम खोजें, बिजनेस मॉडल बनाए, स्टार्टअप का रजिस्टर करें। क्योंकि ये सब बातें नए स्टार्टअप शुरू करने की आधारशीला के समान होती है। डॉ. एसपी गोयल ने अंतिम वर्ष के छात्रों को उनके करियर पथ पर आगे बढ? के लिए अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की। उन्होंने छात्रों को उनकी रुचि के क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी और आवश्यक तैयारी रणनीतियों के बारे में बताया। केंद्रित तैयारी के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने छात्रों को उत्साह के साथ कैरियर के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

## डेयरी प्लॉट हासिल करने के लिए निगम की ओर से संचालकों को आखिरी मौका

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** शहर में अनाधिकृत रूप से पशु डेयरी का संचालन कर रहे ऐसे लोग जिन्होंने अब तक पिंगली स्थित डेयरी शिफ्टिंग स्थल पर डेयरी प्लॉट के लिए आवेदन नहीं किया है, उन्हें 15 दिन का समय देकर नगर निगम ने आखिरी मौका दिया है, जिसमें कहा गया है कि यदि इस अवधि में भी डेयरी संचालक डेयरी प्लॉट के लिए आवेदन नहीं करेंगे, तो नगर निगम अधिनियम 1994 के प्रावधानों के तहत उनकी डेयरी सील व पशु जब्त करने जैसी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्लॉट लेने के लिए संचालकों को आवेदन के साथ 50 हजार रुपए की धरोहर राशि नगर निगम कार्यालय में जमा करवानी होगी। यह जानकारी नगर निगम के संयुक्त आयुक्त जसपाल सिंह गिल ने दी।



उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर से बाहर पिंगली में करीब 20 एकड़ भूमि पर डेयरी परियोजना विकसित की गई है। हालांकि परियोजना कई साल पहले लागू की गई थी, लेकिन डेयरी संचालकों की शिकायत थी कि वहां बिजली-पानी जैसी सुविधाएं मुहैया हों, तो डेयरी शैडो का निर्माण सम्भव होगा। डेयरी संचालकों की मांग पर नगर निगम ने गौर किया और वहां न केवल चौड़ी सडकें, बिजली, पानी, सीवरेज व बरसाती पानी निकासी की व्यवस्था की, बल्कि प्लॉटों की नींव भरने के बाद उसमें 3 फुट तक मिट्टी की भरपाई भी करवाई जा रही है। मुख्य द्वार पर एक बड़ा स्लाईडिंग गेट भी लगवाया जा चुका है।

**आवेदन नहीं किया**

**अब तक पिंगली स्थित डेयरी शिफ्टिंग स्थल पर डेयरी प्लॉट के लिए आवेदन नहीं किया है**

उन्होंने बताया कि उपरोक्त सुविधाओं का फायदा उठाकर काफी डेयरी संचालकों ने डेयरी निर्माण शुरू किया। उन्होंने बताया कि इस समय डेयरी शिफ्टिंग स्थल पर 26 डेयरियां स्थानांतरित हो चुकी हैं और 47 डेयरियां का निर्माण मुकम्मल हो गया है। उन्होंने बताया कि 23 डेयरियों का लेंटर डल चुका है तथा 38 की डीपीसी डल गई है। इसके अतिरिक्त 62 प्लॉटों में 3 फुट मिट्टी की भरपाई भी करवाई जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि भविष्य में चारे व अन्य पशुपालन से सम्बंधित दुकाने तथा पशु चिकित्सालय के निर्माण का प्रावधान भी परियोजना में शामिल है। इसके अतिरिक्त गोबर गैस प्लांट तथा चिलिंग प्लांट लगाए जाने की भी योजना है। उन्होंने कहा कि परियोजना स्थल पर डेयरी संचालकों को उनसे सम्बंधित हर सम्भव सुविधा नगर निगम की ओर से मुहैया करवाई जाएगी।

## विधायक कल्याण ने अधिकारियों के साथ किया यमुना बांध का दौरा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मानसून सत्र से पहले घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण ने बुधवार को नहरी विभाग के अधिकारियों के साथ यमुना बांध पर गाँव लालूपुरा, ढाकवाला मे चल रहे नये तटबंधो के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा कार्य में पूरी गुणवत्ता व तेजी से करने के निर्देश दिए तथा बाढ़ बचाव कार्य के लिए बनाई गई ड्राइंग व रूप रेखा को बारीकी से देखा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को तय समय सीमा में कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने विधायक कल्याण को भरोसा दिलाया कि मानसून सत्र से पहले तमाम कार्य पूर्ण कर लिए जायेंगे। गौरतलब है कि बीते वर्ष ज्यादा बरसात के कारण क्षेत्र के कई गाँव में बाँध टूटने की स्थिति बन गई थी। उस दौरान विधायक हरविंद्र कल्याण ने अधिकारीयों के साथ करीब 22 दिनों तक यमुना की पटरी पर ही अपना कैंप लगाया था तथा सरकार द्वारा पूरे करनाल जिले में कई स्थानों सदरपुर, लालूपुरा, ढाकवाला, खिराजपुर, जडौली, नबियाबाद तथा कलसौरा में नये तटबंध बनाने तथा पुराने तटबंधो की मुरम्मत के लिए 23 करोड़ रूपए की राशि मंजूर की गई थी, जिससे विभिन्न स्थानों पर बाढ़ बचाव कार्य चला हुआ है।



## संपादकीय

# अमन और सद्भाव सबसे बड़ी जरूरत

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरूआत हो चुकी है। शपथग्रहण के बाद अब मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा भी हो गया है, जिसमें कोई बड़ा फेरबदल नहीं हुआ है। गृह, रक्षा, विदेश, वित्त और रेल मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण विभाग अब भी उन्हीं मंत्रियों के पास हैं, जिनके पास पिछली बार थे। जबकि इस बार सरकार का गठन जिस तरह जदयू और तेदेपा के साथ मिलकर हुआ है, उसमें कयास लगाए जा रहे थे कि ये दल अपने लिए महत्वपूर्ण विभाग मांग सकते हैं। अब संभवतः लोकसभा अध्यक्ष को लेकर कोई बड़ा फैसला देखने मिले। लेकिन पुराने मंत्रियों को नयी सरकार में वही विभाग देकर नरेन्द्र मोदी ने यह संदेश देने की कोशिश शायद की है कि उनकी कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आने वाला है। जिस तरह पिछली दो सरकारें उन्होंने चलाईं, इस बार भी वैसे ही चलाएंगे। अपने इस मंसूबे में वे कितने कामयाब होते हैं और क्या उनके गठबंधन के बाकी साथी उनकी कार्यशैली को सहजता से स्वीकार करते हैं, यह आने वाले वक्त में पता चलेगा। लेकिन देश के जो मौजूदा हालात हैं, उन्हें देखकर प्रधानमंत्री को यह सलाह दी जा सकती है कि वे कम से कम अब घटनाओं और स्थितियों की उपेक्षा करने या अपनी राजनैतिक सुविधा-असुविधा से ऊपर उठकर आम जनत के हित को देखते हुए आवश्यकतानुसार कार्रवाई करें।

जिस दिन प्रधानमंत्री शपथ ले रहे थे, उसी दौरान जम्मू-कश्मीर में एक आतंकी हमला हुआ। वैष्णो देवी जा रहे श्रद्धालुओं को इस बार निशाने पर लिया गया। ऐसी किसी भी घटना की फौरन निंदा होनी चाहिए और मृतकों, घायलों की जाति, धर्म को न देखकर सभी के लिए संवेदना जताई जानी चाहिए। मगर कुछ लोगों ने इसमें भी राजनीति करने की कोशिश की। सोशल मीडिया पर इस घटना के बहाने घृणा फैलाने के प्रयास दिखने लगे। इधर मणिपुर में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने सोमवार को जिरीबाम जा रहे पुलिस काफिले पर घात लगाकर हमला किया। इसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। यह घटना मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के जिले के दौरे से ठीक पहले हुई है। अमूमन शांत रहने वाले जिरीबाम जिले में पिछले हफ्ते से तनाव बढ़ रहा है। इसलिए बीरेन सिंह वहां का दौरा करने वाले थे, तभी यह हमला हुआ। इसके बाद से मणिपुर में फिर से जातीय तनाव तेज होने की आशंका जतलाई जा रही है। वैसे भी एक साल से अधिक वक्त से मणिपुर अशांत है। कुकी और मैतेई समूहों के बीच हुए हिंसक संघर्ष में मानवता ने पूरी तरह से दम तोड़ दिया है। ऐसे में प्रधानमंत्री से सहज अपेक्षा थी कि वे कम से कम एक बार इस अशांत प्रदेश में जाते और अमन कायम करने की कोशिश करते। लेकिन श्री मोदी ने इस ओर निराश ही किया। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह भी स्थितियों को संभालने में नाकाम रहे हैं, फिर भी पद पर बने ही हुए हैं। एक बार आधे-अधूरे तरीके से इस्तीफे की पेशकश उन्होंने की, लेकिन इससे राज्य में शांति बहाली नहीं हुई। अब संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भी इस मामले में बड़ा बयान देते हुए एक तरह से नयी सरकार को नसीहत दी है। नागपुर में संघ के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि 'मणिपुर में शांति का इंतजार करते हुए एक साल हो गया है। पिछले 10 सालों से राज्य में शांति थी, लेकिन अचानक राज्य में फिर से बंदूक संस्कृति बढ़ गई।

# प्रश्नपत्र लीक होने की बढ़ती घटनाएं



-प्रियंका सौरभ

“ सख्त कानूनी ढांचा लीक में शामिल व्यक्तियों और अंगों के लिए कठोर दंड लागू कर सकता है। उदाहरण के लिए: सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित मौतों की रोकथाम) टिप, 2024, कारावास और भारी जुर्माने सहित कठोर दंड का प्रस्ताव करता है। परीक्षा कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण और सख्त जवाबदेही भी एक उपाय हो सकता है। उदाहरण के लिए: खतरे का पता लगाना और उन्हें रोकने के लिए नियमित ऑडिट करना और निगरानी प्रणाली लागू करना। प्रश्नपत्र लीक का छात्रों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पर पड़ता है इससे छात्रों में तनाव और चिंता में वृद्धि होती है। प्रश्नपत्र लीक होने से उत्पन्न असुविधा और अनियमितता छात्रों में तनाव और चिंता को काफी हद तक बढ़ा देती है, जिससे उनका मानसिक कल्याण और परीक्षा प्रदर्शन प्रभावित होता है ”

**यह दुर्भा**ग्य की बात है कि शिक्षा क्षेत्र की कई समस्याओं के समाधान की कोई राह नहीं दिख रही है। इन्हीं में से एक है प्रश्नपत्र लीक होने की समस्या। शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां किसी न किसी प्रतियोगी या नियमित परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सुर्खियों में न रहता हो। प्रश्नपत्र लीक होने की निरंतर घटनाएं प्रतियोगी परीक्षाओं की वास्तविकता को कमजोर करती हैं और छात्रों के लिए काफी तनाव का कारण बनती हैं। इस मुद्दे को सुलझाने के लिए एक उत्कृष्ट दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें बेहतर सुरक्षा प्रोटोकॉल, प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना, सख्त कानूनी उपाय और प्रभावित छात्रों के लिए व्यापक समर्थन शामिल है। इन उपायों को लागू करके, हम परीक्षा प्रणाली में विश्वास बहाल कर सकते हैं और सभी छात्रों के लिए एक निष्पक्ष और उचित प्रक्रिया सुनिश्चित कर सकते हैं। जब किसी प्रतियोगी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होता है तो परीक्षार्थियों के साथ परिजनों के भी सपने भी चकनाचूर होते हैं। ऐसी घटनाओं से एक उन्नत, समृद्ध, सुशिक्षित एवं सशक्त राष्ट्र एवं समाज बनने-बनाने का हमारा सामूहिक स्वप्न और मनोबल टूटता है। इससे युवाओं के भीतर व्यवस्था के प्रति असंतोष एवं निराशा की स्थायी भावना घर करती है, शासन का प्रभाव कम होता है और व्यवस्था से आमजन का मोहभंग होता है। नौजवानों के लिए प्रतियोगी परीक्षाएं न केवल उज्ज्वल भविष्य का, अपितु कई बार अस्तित्व का भी प्रश्न बन जाती हैं। इसके साथ ही सरकार की विश्वसनीयता संकट में पड़ती है। प्रश्नपत्र लीक करवाने के मामले में कई बार बड़े-बड़े कोचिंग केंद्रों एवं संचालकों की भी संलिप्तता पाई जाती है। नकल आज एक देशव्यापी कारोबार बनता जा रहा है, जिसके कई लाभार्थी और अंशधारक हैं। राजनेता से लेकर अधिकारी तक, प्रश्नपत्र निमार्ता से लेकर समन्वयक तक, परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्थाओं और आयोगों से लेकर परीक्षा केंद्रों तक की संदिग्ध भूमिका या मिलीभगत से इन्कार नहीं किया जा सकता। प्रश्नपत्र लीक की लगातार घटनाएं भारत की शिक्षा प्रणाली में एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बन गई हैं। उदाहरण के लिए, अकेले प्रश्नपत्र लीक के 70 से अधिक मामले 2023 में सामने आए, जिससे बीसीएस , मेडिकल प्रवेश परीक्षा और राज्य भर्ती परीक्षाओं सहित विभिन्न




प्रतियोगी परीक्षाएं प्रभावित हुईं । इन लीक ने छात्रों में अत्यधिक तनाव और चिंता पैदा कर दी है , जिससे उनकी तैयारी और आत्मविश्वास का स्तर बाधित हुआ है। प्रश्नपत्र लीक होने में मैनुअल हैंडलिंग और सुरक्षा चूक प्रमुख कारण है। प्रश्नपत्रों की छपाई और वितरण की पारंपरिक विधि में कई टचपॉइंट शामिल होते हैं, जहां सुरक्षा से समझौता किया जा सकता है। उदाहरण के लिएः 2020 में, मैनुअल हैंडलिंग गलती के कारण बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के दौरान एक महत्वपूर्ण गलती हुई। संगठित अपराध में संलिप्तता से आपराधिक गिरोह परीक्षा प्रणाली की कमजोरियों का लाभ बढ़ते आर्थिक लाभ कमाते हैं। उदाहरण के लिएः राजस्थान में, कई परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया गया, जिससे करोड़ों का अवैध राजस्व अर्जित हुआ। तकनीकी कमजोरियाँ बताती है कि खराब सुरक्षा वाले डिजिटल सिस्टम को हैक किया जा सकता है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक लीक हो सकता है। उदाहरण के लिएः मेडिकल प्रवेश परीक्षा के प्रश्नपत्र हैक किए गए ईमेल पोस्ट के माध्यम से लीक हो गए, जिससे व्यापक वितरण हुआ। परीक्षा अधिकारी या कर्मचारी कभी-कभी वित्तीय लाभ के लिए पेपर लीक करने के लिए बाहरी पक्ष के साथ सहयोग करते हैं। उदाहरण के लिएः 2023 में राज्य भर्ती परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र लीक करने में शामिल होने के लिए कई अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया था। प्रश्नपत्र लीक रोकने के लिए आज हमें उन्नत सुरक्षा प्रोटोकॉल की महती आवश्यकता है। भौतिक उपयोगकताओं के लिए छेड़छाड़-रोधी ट्रैकिंग और सुरक्षित परिवहन सुविधाओं का उपयोग करना जरुरी है। उदाहरण के लिएः केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डेटाबेस डिजिटल संसाधनों का उपयोग शुरू किया है, जो केवल परीक्षा परिणामों पर अधिकृत कर्मियों के लिए आसान हैं। सुरक्षित प्रश्नपत्र प्रबंधन और वितरण के लिए ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का उपयोग करना फायदेमंद हो सकता है। उदाहरण के लिएः एडुब्लॉक प्रोब्लॉक का उपयोग कर-के यह सुनिश्चित करता है कि प्रश्नपत्र सुरक्षित रूप से चिपका हुआ हो और केवल परीक्षा केंद्र पर ही डिक्रिप्ट किया गया हो , जिससे लीक होने का जोखिम काफी कम हो जाता है। सख्त कानूनी ढांचा लीक में शामिल व्यक्तियों और अंगों के लिए कठोर दंड लागू कर सकता है। उदाहरण के लिएः सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित मौतों की रोकथाम) टिप , 2024, कारावास और भारी जुमार्ने सहित कठोर दंड का प्रस्ताव करता है। परीक्षा कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण और सख्त जवाबदेही भी एक उपाय हो सकता है। उदाहरण के लिएः खतरे का पता लगाना और उन्हें रोकने के लिए नियमित ऑडिट करना और निगरानी प्रणाली लागू करना। प्रश्नपत्र लीक का छात्रों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पर पड़ता है इससे छात्रों में तनाव और चिंता में वृद्धि होती है। प्रश्नपत्र लीक होने से उत्पन्न असुविधा और अनियमितता छात्रों में तनाव और चिंता को काफी हद तक बढ़ा देती है, जिससे उनका मानसिक कल्याण और परीक्षा प्रदर्शन प्रभावित होता है। जिन छात्रों ने कड़ी मेहनत की है, उन्हें लग सकता है कि उनकी उपलब्धियों को कम आंका गया है, जिससे शिक्षा प्रणाली और उनकी अपनी क्षमता में आत्मविश्वास की कमी हो सकती है। पेपर लीक की बार-बार होने वाली घटनाएं छात्रों को हक कर सकती हैं, जिससे उन्हें अपने भविष्य की संभावनाओं और योग्यता-आधारित सफलता के मूल्य के बारे में मोहभंग होने लगता है।बिहार में राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षाओं के कई लीक के बाद, कई छात्र निराश महसूस करने लगे और शिक्षा प्रणाली की निष्पक्षता में विश्वास खो दिया। छात्रों की शैक्षणिक योजनाएं परीक्षा में बैठने की आवश्यकता से बाधित होती हैं , जिससे अतिरिक्त तनाव और तार्किक प्रतिभा पैदा होती है। प्रश्न-पत्र लीक होने सेकण्डरी विश्वास और परीक्षा में विश्वास की हानि होती है, जिससे छात्रों और सेवाओं में अविश्वास पैदा होता है। छात्रों पर इस मनोवैज्ञानिक प्रभाव को कम करने के लिए परामर्श और सहायता सेवाएं समय की मांग है । लीक से प्रभावित छात्रों को मनोवैज्ञानिक सहायता और परामर्श प्रदान करना अत्यंत जरुरी है। उदाहरण के लिएः परीक्षा के समय में छात्रों को तनाव और चिंता से निपटने में मदद करने के लिए हेल्पलाइन और परामर्श केंद्र स्थापित करना। भविष्य में लीक को रोकने के लिए किए गए प्रयासों के बारे में संशोधित संचार बनाए रखें। छात्रों और उपभोक्ताओं को विश्वास को फिर से बनाने के लिए बेहतर सुरक्षा उपायों और मुफ्त योजनाओं के बारे में सूचित करना। वैकल्पिक परीक्षा कार्यक्रम से बीमारियों को कम करने के लिए मजबूत सुरक्षा उपायों के साथ परीक्षाओं को जल्दी से दोबारा करवाना बहुत फायदेमंद है। छात्रों के लिए लंबे समय तक तनाव से बचने के लिए स्थानीय प्रश्न पत्र और पर्याप्त परीक्षा तिथियों की व्यवस्था करना। प्रश्नपत्र लीक होने की निरंतर घटनाएं प्रतियोगी परीक्षाओं की वास्तविकता को कमजोर करती हैं और छात्रों के लिए काफी तनाव का कारण बनती हैं।

चूंकि प्रश्नपत्र लीक होने की समस्या अनियंत्रित होती जा रही है, इसलिए केंद्र समेत विभिन्न राज्यों की सरकारों का यह प्रथम एवं सर्वोच्च दायित्व होना चाहिए कि वे प्रश्नपत्र लीक होने के प्रकरणों की पुनरावृत्ति न होने दें और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें।

## कविता

### 'अब की बार जनता ने ऐसा फैसला दिया...'

अब की बार जनता ने ऐसा फैसला दिया,
कर्णधारों को सोचने को मजबूर कर दिया।
लोकतन्त्र में भला अहंकार का क्या काम?
जिसने दिखाया उसको रास्ता दिखा दिया ।

जो कहते थे हमें नहीं चाहिए किसी का साथ,
हम तो जीत जाएंगे खुद अपने दम पर आप।
खिसियानी बिल्ली की तरह खम्बा नोच रहे हैं,
सब जानते हैं कितना क्या आया उनके हाथ?

भले कुछ लोग कमल से ही खिल गए हैं,
फिर भी कुछके चेहरे क्यों लटक गए हैं?
माना कुछ सुधार जरूर हुए थे उनके हाथों,
बाद में क्या वो रास्ते से ही भटक गए हैं ?

कुछ के न जाने क्यों बहुत बड़े फरमान थे?
जनता में ऊंचा ओहदा पाने के अरमान थे।
मेल से दहाई थे, अकेले लड़े सिफर हो गए,
घाट के रहे न घरके जैसे खाली मकान हो
गए।

डा. जय किशन

## चरित्र निर्माण राष्ट्रीयता का सूत्रधार

संजीव

चरित्र अथवा सच्चरित्रता को यदि हम परिभाषित करें, तो अच्छे आचरण, चाल चलन, स्वभाव, गुणधर्म, आदि इत्यादि को चरित्र तथा सचरित्रता का तात्पर्य अच्छा चाल चलन, अच्छा स्वभाव, अच्छे व्यवहार से है। मनुष्य समाज के बीच रहने वाला दोपाया है। अतः समाज के मध्य ऐसे गुणों का होना आवश्यक है, जिनके द्वारा व समाज में शांति पूर्वक रहते हुए देश की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। मनुष्य के खराब आचरण से समाज का वातावरण भी प्रदूषित, खराब होता है। दूसरी तरफ अच्छे राष्ट्रीय चरित्र फलादेश हमेशा प्रगति के पथ पर चलकर एक महान राष्ट्र की संज्ञा पाता है। काम, क्रोध,लोभ, मोह, संताप, निर्दयता और ऐसे अवगुण मनुष्य के सामाजिक जीवन में अशांति उत्पन्न करते हैं। ऐसा व्यक्ति सदैव दुराचारी ही माना जाता है जो अच्छे आचरण या अच्छे चरित्र का ना हो। दूसरी ओर इसके जरा विपरीत निष्ठा, ईमानदारी, लगन शीलता, संयम तथा परोपकार इत्यादि पालन करने वाला मनुष्य चरित्रवान और सच्चरित्र वाला कहलाता है। इसके अलावा उदारता, विनम्रता,सहिष्णुता, सत्यभाषण किसी राष्ट्र को चरित्रवान बनाता है।

हमारे देश के महान नेता बापू महात्मा गांधी ने कूटनीति की चमक को बड़ा नहीं समझा,बुद्धि विकास को बड़ा नहीं समझा, चरित्रिक बल को ही मान दिया है। आज हमें अधिक से अधिक इस बात पर विचार करना है कि चरित्र बल केवल एक व्यक्ति का नहीं समूचे देश का होना चाहिए। राष्ट्रीय चरित्र को अत्यधिक महत्व देने वाली पंक्तियां मूर्धन्य आलोचक आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा अंग्रेजी में लिखी गई पंक्तियां से हम सब भली भली भांति परिचित हैं,उसका हिंदी भावार्थ है, यदि धन गया तो कुछ भी नहीं गया, यदि स्वास्थ्य गया तो थोड़ा गया, और यदि चरित्र चला गया तो सब कुछ चला गया। उनके इस कथन से चरित्र का महत्व स्पष्ट परिलक्षित होता है। कर्म मानव की अभिव्यक्ति है, वैसे ही जीवन चरित्र की अभिव्यक्ति है। हारवर्ट स्पेंसर ने कहा कि किसी मनुष्य राष्ट्र की सबसे बड़ी आवश्यकता शिक्षा नहीं चरित्र है, और यही सबसे बड़ा उसका रक्षक है। चरित्रवान व्यक्ति ही अच्छा राष्ट्रीय चरित्र निर्माण कर सकता है। और अच्छा राष्ट्रीय चरित्र एक महान देश को जन्म देता है। जिसमें विश्व में शांति, सद्भावना एवं परस्पर सहयोग की भावना को बल मिलता है। चरित्रवान नेता पूरे देश को अच्छे से नेतृत्व देकर सही विकास और शिक्षा की ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। चरित्रहीन नेता देश को रसातल की ओर ले जाने में नहीं चूकता है। इसीलिए हमारा परम कर्तव्य बनता है कि हम देश के प्रतिनिधि के रूप में चरित्रवान नेताओं का ही चुनाव करें। राजनीति एक कठिन डगर है, जहां की पगडंडी बल खाकर आगे बढ़ती है। और इस प्रयास में हमें समाज में सदाचार को बढ़ाने की अत्यंत आवश्यकता है। भ्रष्टाचार कदाचार की संभावनाओं को खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए।

## विचार

### लगेगी आग तो आयेंगे घर कई जद में ...

निर्मल रानी

**विगत 6** जून को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर फिल्म अभिनेत्री व हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद कंगना रानौत के गाल पर वहां सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात सीआई एस एफ की महिला सिपाही कुलविंदर कौर ने थप्पड़ जड़ दिया। किसी भी सुरक्षा कर्मी द्वारा अति सुरक्षित स्थान पर ऐसा अभद्र व्यवहार किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय है। इस शर्मनाक घटना के बाद आरोपी महिला सिपाही कुलविंदर कौर को सीआईएसएफ ने तत्काल गिरफ़्तार कर उसे निलंबित भी कर दिया। इस घटना की पृष्ठभूमि यह है कि किसान आंदोलन के दौरान कंगना रानौत ने पंजाब के आंदोलनकारी किसानों को आतंकवादी तथा खालिस्तानी कहा था और यह भी कहा था कि किसान आंदोलन में शामिल प्रदर्शनकारी महिलाओं को सौ-सौ रुपये दे कर प्रदर्शन के लिये लाया गया था। खबरों के अनुसार किसानों के साथ शामिल महिला प्रदर्शनकारियों में महिला सिपाही कुलविंदर कौर की मां भी शामिल थी जो कंगना रानौत की 'महिलाओं को सौ-सौ रुपये लेकर प्रदर्शन करने' वाले बयान से बेहद आहत हुई थी। परिणाम स्वरूप उसी अपमानजनक बयान के बदले के रूप में यह अप्रत्याशित घटना सामने आई। किसान आंदोलन के दौरान ही कंगना ने ट्वीटर पर यह विवादित टिप्पणी भी की थी कि- 'कोई भी इसके बारे में बात नहीं कर रहा है क्योंकि वे किसान नहीं हैं, वे आतंकवादी हैं जो भारत को विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि चीन हमारे कमजोर टूटे हुए राष्ट्र पर कब्जा कर सके और इसे यूएसए की तरह एक चीनी उपनिवेश बना सके... बैठ जाओ मूर्ख, हम अपने देश को तुम बेवकूफों की तरह नहीं बेच रहे हैं।' हालांकि इस पोस्ट पर हुई आलोचना के बाद कंगना ने इस पोस्ट को भी हटा लिया था। निश्चित रूप से यदि सिपाही कुलविंदर कौर का कृत्य गलत है तो कंगना रानौत के ऐसे बयानों को भी सही नहीं ठहराया जा सकता। इस घटना के बाद कंगना रानौत द्वारा दिये गये एक और विवादित बयान ने इस मुद्दे पर चर्चा को और अधिक तूल दे दिया है जिसमे उन्होंने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर अपने साथ हुई घटना का विवरण देने के अंत में कहा कि हमें इस बात की चिंता है कि पंजाब में जो आतंकवाद व उग्रवाद बढ़ रहा है हम उससे कैसे निपटते हैं। ' उनके इस बयान के बाद किसान और भी कड़ी आपत्ति जता रहे हैं और कुलविंदर के समर्थन में एकजुट हो गए हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सहित अनेक नेताओं ने कहा है कि इस घटना को पंजाब में आतंकवाद व उग्रवाद फैलने से जोड़ना बिल्कुल गलत है और एक सांसद के नाते तो कंगना को ऐसी बात हरगिज नहीं करनी चाहिये। परन्तु कंगना के इस 'आतंकवाद ' वाले बयान ने देश में पिछले कुछ दिनों के भीतर हुई ऐसी घटनाओं की याद दिलाते हुये 'आतंकवाद' व उग्रवाद पर एक बहस जरूर छेड़ दी है। याद कीजिये अभी गत 18 मई को जब उत्तर-पूर्वी दिल्ली से लोकसभा के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार कन्हैया कुमार अपने निर्वाचन क्षेत्र के उस्मानपुर इलाके में चुनाव प्रचार कर रहे थे उस समय उन पर पहले कुछ लोगों ने स्याही फेंकी और फिर उनके गाल पर थप्पड़ जड़ दिया। मारने वाला व्यक्ति कन्हैया कुमार को टुकड़े टुकड़े गैंग का सदस्य बता रहा था।

कन्हैया कुमार के इन दो हमलावरों में दक्ष चौधरी नाम का वह व्यक्ति भी था जिसने पिछले दिनों फैजाबाद के चुनाव परिणामों से खिन्न होकर अयोध्या के लोगों को अपमानित किया था। यह लोग हिंदू रक्षा दल नमक किसी संगठन से जुड़े थे। इन्होंने इनके अनुसार ह्यराम को घर वापसी कराने वाली पार्टी (भाजपा ) को वोट ना देने पर अयोध्यावासियो को गालियां दीं थी। क्या इस तरह की सोच व ऐसे कृत्य को उग्रवाद व आतंकवाद से प्रेरित सोच कहना चाहिये ? इसी तरह 13 अक्टूबर, 2011 को प्रसिद्ध वकील प्रशांत भूषण पर सुप्रीम कोर्ट में उनके चैंबर में हमला किया गया था। उस दिन तीन लोग प्रशांत भूषण के चैंबर में घुस आए थे और उन्हें पीटना शुरू कर दिया। भूषण उस समय किसी टीवी चैनल को साक्षात्कार दे रहे थे।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादकः रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादकः पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

### नीट परीक्षा में चिट, छात्र हुए परेशान

सूर्यदीप कुशवाहा

**नीट यूजी प**रीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने माना कि परीक्षा की पवित्रता प्रभावित हुई है। असल में माँ गंगा के अलावा कुछ भी पवित्र नहीं हैं। ऐसा भोलाराम मानते हैं। नीट यूजी 2024 का रिजल्ट अचानक पांच जून को जारी हुआ था।इसके बाद से ही एनटीए पर आरोपों की झड़ी लगी है। आरोप लगने से क्या होता है जब आरोप को मानना ही नहीं है। जब कोई मानेगा तब न कुछ गलत कहा जाएगा। सच लुका-छिपी खेलता है। इस खेल का मेल नहीं है। भोलाराम बड़ी -बड़ी नौटंकी को पकड़ लेते हैं। लेकिन एजेंसियां सरकारी दकियानूसी में जकड़ी हैं। भोलाराम के नीट यूजी परीक्षा की सुचिता को लेकर कई सवाल हैं। ज्यादातर परीक्षा में स्कैम होने की जांच को आंच लग जाता है। भगवान भास्कर टेम्प्रेचर बढ़ाकर पकौड़े तल रहे हैं। भोलाराम को अपने जासूसी से अपच है। जिम्मेदार को कैसे यह बातें पच रहीं हैं। एक ही सेंटर से 6 टॉपर का मसला भी छात्रों को हैरान कर रहा है। उनका कहना है कि नीट का पेपर इस बार आसान जरूर था, मगर इतना भी नहीं कि 67 टॉपर्स निकल जाएं। ऊपर से एक ही सेंटर के 6 टॉपर हैरान करने वाले हैं, जबकि यह सेंटर हर स्टूडेंट का होमटाउन नहीं है। हमारे बाकि छात्र राम भरोसे हैं। इस बार तो रामभरोसे बहुमत भी नहीं है। छात्रों के मन में दहशत है। ऐसा डर कि कई छात्रों ने तो डॉक्टर बनने का सपना ही छोड़ देने की बात कहने लगे हैं। लेकिन क्यों? आखिर ऐसा क्यों हुआ है? यह यक्ष प्रश्न बन कर रह गए हैं। कठिन सवाल परीक्षा में बनाया जा रहा है कि आसान। भोलाराम के जमाने में तो ऐसा नहीं था. वरना वह भी आज प्रसिद्ध दिल के डॉक्टर होते। मोबाइलयुगीन बच्चे बड़े अच्छे हैं। कच्छे संभालने की उम्र उम्र में मोबाइल संभाल रहे हैं। रील देखकर रील को रियल लाइफ समझ रहे हैं। संसाधन का उपयोग कि दुरूपयोग कर रहे हैं। अभिभावक को पता नहीं है। जबरदस्ती का ज्ञान रील में धकेल रहे हैं।

प्राइवेट कॉलेज की फीस 1.5-2 करोड़ रुपये तक जाती है, तो माध्यम वर्गीय परिवार नहीं दे सकता इसलिए बार -बार नीट देता है। अगर ऐसा वास्तव में होगा तो कितना भयावह है।यह कैसा सिस्टम है, क्या तैयारी है?

### यह कैसी सीनाजोरी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**पेट्रोल** की बढ़ती कीमतों के बीच बाइक का चोरी होना लॉटरी लगने से कम थोड़ी न है। चोरी न होती तो उसकी आवभगत के लिए आए दिन पेट्रोल का चढ़ावा चढ़ाना पड़ता। कुछ चीजें खरीदने तक सवारी करने योग्य रहती हैं। बाद में पता ही नहीं चलता कि वह हम पर सवारी कर रही हैं या हम उन पर। आज को बाइक चोरी हुए आठ साल बीत गए। उम्मीद और शीशा कभी भी टूट सकता है। न जाने हम किस कांक्रिट के बने थे कि पिछले आठ साल से उसी के बारे में सोचते रहते। वह क्या है न कि कमाकर खरीदी गई ईंट फोकट के ताजमहल से कहीं अधिक कीमती होती है। धुंधली ही सही उसकी याद बनी रही। मानो यह घटना मस्तिष्क पटल पर पेंसिल से नहीं सीडी मार्कर से लिख दी गई हो। जो मिटने का नाम ही नहीं ले रही थी। फिर एक दिन बिन जड़ के पेड़ और बिन हाथों के ताली बजाने वाली खबर आई। डाकिया गुम हुई बाइक का एक चालान थमा गया। यह चालान ठीक वैसा ही था जैसे खाए कोई स्वाद बताए कोई। फिर भी एक बात की दाद देनी पड़ेगी कि आठ साल में केवल एक चालान! हो न हो चलाने वाले का हाथ एकदम साफ है। समझ नहीं आ रहा था कि चलाने वाले की तारीफ करूँ या जाकर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराऊँ। कुछ देर सोचा और पहुंच गया पुलिस थाने चालान लेकर। चालान देखकर पुलिस भौंचक्का रह गई। उन्होंने चीजों को लूटते, चोरी होते या फिर गायब होते हुए देखा है। मिलते हुए बहुत कम बार देखा है। बाइक चुराने वाले को पुलिस थाने में बुलाया गया। वैसे थाने में किसी को बुलाया नहीं जाता बल्कि पकड़कर या घसीटकर लाया जाता है। चूंकि चुराने वाला पुलिस वाला ही था, सो उसे बाइक के साथ बुलाया गया। थाने की चारदीवारी में अपनी बाइक को देख खुशी का ठिकाना न रहा। सोचा आज अपने साथ ले जाऊँगा। तभी जैसे लगा कि बाइक मुझसे कुछ कहना चाहती है। मैं हम दिल दे चुके सनम फिल्म के अजय देवगन की तरह ऐश्वर्या रूपी बाइक की बातें सुनने लगा। वह कहती रही जानते भी हो पेट्रोल की कीमत क्या है! क्या इतना महंगा पेट्रोल मुझ पर खर्च सकते हो? मैं उस पुलिस वाले के साथ बहुत खुश हूँ। उसके एक महीने की ऊपरी कमाई तुम्हारे साल भर की कमाई से कहीं अधिक है।

## न्यूज फ्लैश

### पालकवाह स्कूल में लक्ष्मी देवी बनी एसएमसी प्रधान

**राजन पुरी**

**ऊना** :राजकीय उच्च विद्यालय लोअर पालकवाह में स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया। बुधवार को हुई स्कूल प्रबंधन समिति बैठक में लगभग 35 अभिभावक उपस्थित हुए। बैठक में लक्ष्मी देवी को प्रबंधन समिति का प्रधान चुना गया है। जबकि अमनदीप शर्मा, सुमन कुमारी, सीमा देवी, अनुराधा, पूनम रानी और अशोक कुमार को प्रबंधन समिति का सदस्य बनाया है। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्याध्यापक राजेश कुमार, सरिता ठाकुर, अरविंद कुमार, ऊषा देवी, सीमा, मधुबाला व शतमजीव भी उपस्थित रहे। इस बैठक में लगभग 35 अभिभावक उपस्थित रहे।

### पंडोगा सडक हादसे में युवक की मौत, चार जख्मी

**राजन पुरी**

**ऊना** :पंजाब की सीमा से सटे जिला के गांव पंडोगा के वनखंडी में पेश आए सडक हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से दो लोगों को नाजुक हालात के चलते पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया है। मृतक युवक की पहचान पंडोगा निवासी 19 वर्षीय कुलविंदर सिंह पुत्र ज्ञान चंद के रूप में की गई है। पुलिस ने घटना के संबंध में केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। बुधवार सुबह मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक पंडोगा के रहने वाले पांच युवक भीषण गर्मी के चलते वनखंडी के वन क्षेत्र में रहने वाले जंगली जानवरों और पशुओं को पानी की सेवा पहुंचाने ट्रैक्टर के साथ पानी का टैंकर अटैच करके ले जा रहे थे। इसी दौरान वनखंडी क्षेत्र में वह हादसे का शिकार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत रीजनल अस्पताल ऊना पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने कुलविंदर सिंह को मृत घोषित कर दिया। जबकि इसके अतिरिक्त इसी हादसे में घायल हुए पंडोगा के 35 वर्षीय रणजीत सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह, 19 वर्षीय राहुल पुत्र सुरेंद्र कुमार, 30 वर्षीय सूरज पुत्र दिलबाग सिंह और 31 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र सूरम चंद का उपचार शुरू किया गया। लेकिन रणजीत और सूरज की लगातार बिगड़ती हालत के चलते चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें फौरन चंडीगढ़ के पीजीआई रेफर कर दिया। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस में इस घटना के संबंध में केस दर्ज कर लिया है।

### पति सहित ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड?ा का आरोप, मामला दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊना** :गगरेट उपमंडल के तहत एक गांव में रहने वाली विवाहित युवती ने अपने पति सहित ससुराल पक्ष के सात लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड?ा के आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत सौंपी है। जबकि पुलिस ने इस घटना को लेकर केस दर्ज करते हुए जांच भी शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि उसकी कुछ महीने की बेटी भी है, लेकिन उसका पति और ससुराल पक्ष के लोग न तो उसके भरण पोषण के लिए उसकी मदद करते हैं और न ही कभी उसका हाल-चाल पूछने की भी कोशिश की। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि उसकी शादी जनवरी 2023 को मुस्लिम रीति रिवाज के तहत बिलासपुर जिला के रहने वाले दिलदार खान चंदेल नाम के युवक से हुई थी। लेकिन शादी के कुछ महीने के बाद ही उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। महिला ने बताया कि ससुराल में रहते हुए उसके साथ दहेज को लेकर भी कई बार मारपीट की गई। महिला ने कहा कि उसे गर्भपात करवाने के लिए भी कई बार मजबूर किया गया। महिला ने कहा कि उसे उसके पति और ससुराल पक्ष से जान का खतरा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार भाटिया ने मामले की पुष्टि करते हैं कहा कि पुलिस ने इस घटना को लेकर के इस दर्ज कर लिया है।

### बालिका को तंग करने पर अज्ञात व्यक्ति पर मामला दर्ज


**राजन पुरी**

**ऊना** :जिला की एक नगर परिषद में रहने वाली 13 साल की बालिका को अज्ञात व्यक्ति द्वारा तंग करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बच्ची के पिता की शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बच्ची के पिता ने बताया कि एक अज्ञात कार चालक व्यक्ति अक्सर उनकी बेटी को रास्ते में रोक कर अपना मोबाइल नंबर पर्ची पर लिख कर देता है और उसे बार-बार अकेले में कॉल करने को कहता है। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी इन चीजों को अभी तक नजर अंदाज करती आई।

# शिमला में बैंक अधिकारियों का कारनामा, मृत खाताधारक के खाते से हड़पे 2 लाख

**कारनामा**

▶▶ मामला राजधानी शिमला के मॉल रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया में सामने आया है।



**चमन शर्मा**

**शिमला:** शिमला मे बैंक के दो अधिकारियों ने गजब का कारनामा करते हुए खाताधारक की मौत के 32 साल बाद खाते की सारी रकम निकाल ली। बैंक के प्रबंधक प्रशासन व सेवा और विशेष सहायक ने आपसी मिलीभगत से एक मृतक खाता धारक के निष्क्रिय खाते को सक्रिय कर दो लाख रुपए से अधिक की राशि हड़प ली। मामले का खुलासा तब हुआए जब बैंक के उद्यम धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन प्रणाली ने लेनदेन पर जांच बिठाई। मामला राजधानी शिमला के मॉल रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया में सामने आया है। दरअसल, बैंक के खाताधारक की मृत्यु 1992 में हो गई थी, उसका खाता लंबे समय तक लेन-देन न होने की वजह से निष्क्रिय हो गया था। बीते मार्च महीने में दोनों अधिकारियों ने जालसाजी कर उक्त खाते में जमा दो लाख आठ हजार की राशि निकाल ली। उनकी इस हरकत पर बैंक प्रबंधन भी दंग रह गया। पुलिस ने बैंक के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक की तहरीर पर आरोपी बैंक प्रबंधक प्रशासन व सेवा योगेश और विशेष सहायक विजय के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न आपराधिक धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। बैंक प्रबंधन ने दोनों आरोपी बैंक अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। शिमला में धोखाधड़ी की इस घटना ने बैंक के खाताधारकों को भी सकते में डाल दिया है। मामले के अनुसार दिनांक 11 मार्च 2024 को बैंक के उद्यम धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन प्रणाली ने बैंक के खाता धारक एसपी मदान के लेन-देन की वास्तविकता की जांच के लिए बैंक शाखा को एक मेल भेजा था। जांच में पाया गया खाता धारक का खाता काफी समय से निष्क्रिय था और उसमें दो लाख से अधिक की रकम थी। बैंक के दो अधिकारियों प्रबंधक प्रशासन व सेवा योगेश और विशेष सहायक विजय ने पहुंच देकर जान-बूझकर खाते को सक्रिय किया। आरोपियों ने बैंक अधिकारियों ने झूठे दस्तावेजों के आधार पर खाते से 2 लाख 8 हजार रुपए हड़प लिए। बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अंकुश रांगटा ने इस पूरे मामले की सदर थाने में शिकायत दर्ज करवाई है।

## योगा ओलंपियाड में बसदेहड़ा स्कूल के विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन



**राजन पुरी**

**ऊना** :राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसदेहड़ा के विद्यार्थियों ने योगा अंडर 19 प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया। राज्य स्तरीय योगा ओलंपियाड शिमला के बाल वरिष्ठ माध्यमि पाठशाला लाल सिंगी में खेली गई। बुधवार को विद्यालय लौटने पर टीम का भव्य स्वागत किया गया। टीम में मौजूद दीपक, अनमोल, नितिश और आर्यन को विद्यालय के प्रधानाचार्य कामना वैध ने शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही प्रधानाचार्य ने डीपई शमशेर सिंह व पीईटी कुलवंत स्त्रिह को भी बधाई दी। इस अवसर पर अध्यापिका अंजली, प्रिया, किरण, अनुराधा, सोनिया, आशा, प्रोमिला, सरिता, नीलम व अध्यापक पंकज और अमित मौजूद रहे।

## टैक्स के बचने के लिए लगाया गाड़ी पर जाली नंबर

**ललड़ी के युवक पर धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज**

**राजन पुरी**

**ऊना** :इंडस्ट्रियल एरिया टाहलीवाल के बाथड़ी में पुलिस ने जाली नंबर लगी एक गाड़ी पकड? में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस घटना को लेकर गाड़ी चालक अशोक कुमार पुत्र जसवंत राय निवासी ललड़ी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। दरअसल गाड़ी के चालक ने गाड़ी के नंबर को हरियाणा से बदलकर हिमाचल में फर्जी तरीके से तब्दील कर डाला, ताकि हिमाचल प्रदेश में प्रवेश करते वक्त वह टोल टैक्स अदा करने से बच सके।जानकारी के मुताबिक थाना टाहलीवाल की टीम बुधवार सुबह गश्त पर रवाना हुई थी। इसी दौरान औद्योगिक क्षेत्र के बाथड़ी स्थित सरिया फैक्ट्री के पास एक पिकअप गाड़ी नंबर एचपी 55 7210 फैक्ट्री के क्षेत्र से मुख्य सडक की तरफ आती दिखाई दी। लेकिन गाड़ी के चालक ने पुलिस टीम को देखकर अचानक गाड़ी को सडक के किनारे पार्क कर दिया और बिना कारण गाड़ी से निकलकर बाहर खड़ा हो गया। जिसे देखकर पुलिस कर्मचारियों को उस पर शक हुआ तो उन्होंने गाड़ी के चालक से पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस टीम ने चालक से जब गाड़ी के दस्तावेज मांगे तो वह कुछ भी प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस कर्मचारियों ने ई चालान एप पर गाड़ी का नंबर अंकित करके जब चेक किया, तो यह नंबर हमीरपुर जिला की नादौन तहसील के डगरी के तहत पड? वाले कथलानी गांव निवासी आशीष देव पुत्र विधि सिंह की बाइक का निकला। पुलिस कर्मचारियों में जब सख्ती से गाड़ी चालक से पूछताछ की तो उसने बताया कि इस गाड़ी का असल नंबर एचआर 55 7210 है। लेकिन औद्योगिक क्षेत्र में माल ढुलाई के चलते बाहरी राज्य से हिमाचल वापसी करते हुए टोल नाके पर टोल टैक्स से बचने के लिए उसने इस नंबर में यह हेरा फेरी की है। पुलिस

## नंगलकलां में अवैध लकड़ी से लदी एक पिकअप गाड़ी काबू

**राजन पुरी**

**ऊना** : हरोली उपमंडल के तहत नंगल कलां में पुलिस ने आम की अवैध लकड़ी से लदी एक पिकअप गाड़ी को पकड? में सफलता हासिल की है। पुलिस घटना के संबंध में इसी गांव के रहने वाले अरशद दिन के खिलाफ केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी की नंगल कलां की मस्जिद के पास खड़ी पिकअप गाड़ी में अवैध तरीके से लकड़ी को लोड किया गया है। सूचना पर अमल करते हुए वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और गाड़ी की जांच की। पुलिस ने गाड़ी के चालक से लकड़ी के संबंध में जब दस्तावेज दिखाने को कहा तो वह कुछ भी नहीं दिखा सका

## पावंटा साहिब-पड़ोसी द्वारा लगाई गई आग से लाखों के अखरोट की फसल स्वाह

**एसपी जैरथ**

**नाहन** : सिरमौर जिला के उपमंडल संगड़ाह के अंतर्गत आने वाले गांव भूतमड़ी में पड़ोस के 1 किसान द्वारा झाडि?ां जलाने के लिए लगाई गई आग से मंगलवार देर शाम बबलू चौहान की न केवल लाखों की अखरोट की फसल बर्बाद हो गई। बल्कि 250 में से काफी पेड़ भी सूखने का भी अंदेशा है। बबलू के अनुसार साथ लगती जमीन के मालिक ने उसके रोकने के बावजूद अपनी घासनी में झाडि?ां जलाने के लिए आग लगाई और बाद में बुझाने में मदद करने भी नहीं आया। उन्होंने बताया किए हर साल वह अच्छी फसल होने पर करीब 4 लाख के अखरोट




बेचते हैं।

इस बार पौधे झुलसने से फसल बर्बाद हो गई। पर्यावरण प्रेमी बबलू के अनुसार पुराने व बड़े पेड़ संभवतः सूखने से बच जाएं। मगर उन्नत किस्म के कुछ पौधे उन्होंने 2 पहले लगाए थे। जिनके बचने की उम्मीद नहीं है।

## भारत स्काउट एंड गाईड संस्था के पांच दिवसीय शिविर का समापन

**शिविर**

▶▶ इस शिविर में विभिन्न स्कूलों से लगभग 180 प्रतिभागियों तथा 56 गाइड कैप्टन ने हिस्सा लिया।



**राजन पुरी**

**ऊना** :अंब महाविद्यालय में चल रहे भारत स्काउट एंड गाईड संस्था के पांच दिवसीय शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में डीएसपी अम्ब बसुधा सूद ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस शिविर में विभिन्न स्कूलों से लगभग 180 प्रतिभागियों तथा 56 गाइड कैप्टन ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में डीएसपी वसुधा सूद ने कहा कि भारत स्काउट एंड गाईड बच्चों के व्यक्तित्व को निखारने में अहम् भूमिका निभाता है। उन्होंने बच्चों से इस शिविर में दी गई शिक्षा को अपने जीवन में उतारने एंव समाज को नया आयाम देने की बात कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को स्काउट एंड गाईड शिविर के माध्यम से आत्मरक्षा, संस्कार, अनुशासन, शिष्टाचार एंव देशभक्ति और शिक्षा की उपयोगिता में निखार आता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य दर्शन कुमार, राज्यमुख्यालय से एलओसी सुप्रिया कंवर, शिविर आयोजक डीओसी गाईड ऊना सोनू कुमारी, डीटीसी गाईड सुमन देवी, संतोष कुमारी, पूनम जसवाल, शिवानी देवी, अंजलि व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### तलमेहड़ा में चिकन कॉर्नर संचालक से मारपीट

**राजन पुरी**

**ऊना** :बंगाणा उपमंडल के तहत तलमेड़ा गांव में चिकन कॉर्नर संचालक के साथ मारपीट करने की घटना सामने आई है जिसमें पीड़ित व्यक्ति बुरी तरह से घायल हुआ है। पुलिस ने घायल व्यक्ति का मेडिकल करवाने के बाद इसी गांव के रहने वाले आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित विशाल साहनी पुत्र अशोक साहनी ने बताया कि वह तलमेड़ा बाजार में चिकन कॉर्नर चलता है। इसी दौरान मंगलवार रात जब मैं अपनी दुकान पर मौजूद था तो इसी गांव का रहने वाला नितिन कुमार उसकी दुकान में आया और उसके साथ अचानक मारपीट करने लगा।

## मनरेगा के पैसों का हो रहा अत्यधिक दुरुपयोग

**गोहर**

:देश के पूर्व प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की जीवन शैली में सुधार के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण योजना जिसका नाम मनरेगा यानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लागू किया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे लोगों को साल में कम से कम 100 दिन का रोजगार उपलब्ध करवाया जाए। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे गरीब लोग अपना जीवन यापन आसानी से कर सके मगर धीरे-धीरे इस योजना का लोगों ने दुरुपयोग करना शुरू कर दिया गया है। मनरेगा के तहत लोग अपने द्वारा अपने लिए सरकारी धन से अपनी जमीन का सुधार करते हैं मगर आजकल मनरेगा का जो पैसा भूमि सुधार के लिए आ रहा है उसकी बड़ी मात्रा में दुरुपयोग लोग बंजर जमीन के भूमि सुधार के लिए सरकार से पैसा लेते हैं और उसका दुरुपयोग करते हैं। इसमें लोग अपने घर के लोगों को अपने पड़ोसियों को अपने चाहनेवालों को मस्त रोल में नाम यह नहीं देखते जिसका नाम मस्टरोल में भरा जा रहा है वह कहीं वो सरकारी नौकरी तो नहीं कर रहा है कोई दुकानदार है कोई टेलर मास्टर है प्राइवेट स्कूलों में नोकरी कर रहे हैं तो कोई सरकारी स्कूलों में मिड डे मील वर्कर है। कुछ ऐसे ही मामला देखने में आया है ग्राम पंचायत खारसी वह ग्राम पंचायत नौण में। अगर विभाग द्वारा ग्राम पंचायत खारसी व ग्राम पंचायत नौण के पिछले दो-तीन महीने के मस्टरोल चेक किए जाएं तो कई ऐसे चोकाने वाले नाम सामने आएंगे। जिससे साफ पता चल जाएगा की किस प्रकार से मनरेगा के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है ।इन पंचायत में मस्टरोल में कुछ ऐसे लोगों को दर्ज कियागया है जो सरकारी नौकरी में है प्राइवेट स्कूलों में है और अपना व्यवसाय करते हैं।

## पल्लियां में जमीनी विवाद के चलते मारपीट, मामला दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊना** :पुलिस थाना बंगाणा के तहत पल्लियां में जमीनी विवाद के चलते एक युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट में घायल युवक का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में मेडिकल व उपचार करवाया गया। वहीं पुलिस ने शिकायत के आधार पर गांव के ही तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नितिन कुमार निवासी पल्लियां ने बताया कि मंगलवार देर शाम पशुओं को लेकर घर पहुंचा, तो गांव के ही सुभाष कुमार, रविंदर व गुलजारी ने जमीनी विवाद के चलते रास्ता रोक कर मारपीट शुरू की। मौके पर पहुंचे भाई सतीश कुमार ने घायल नितिन को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना पहुँचे। डीएसपी ऊना अजय ठाकुर ने बताया कि पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है।

## हमीरपुर : नृशंस हत्याकांड के विरोध में ज्ञापन सौंपा

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर** : विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा हमीरपुर में उपायुक्त हमीरपुर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को जम्मू कश्मीर मैं हुए हत्याकांड ज्ञापन सौंपा गया। जम्मू कश्मीर में वैष्णों देवी कटरा से शिव खोडी जाते समय 9 जून को हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों का कायराना हमला किया जिसमें 10 निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्री मारे गए।विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री पंकज भारतीयविश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री पंकज



भाटिया व बजरंग दल के जिला संयोजक आशीष शर्मा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने कहाँ की संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना है इस क्रूरतम दुष्कृत्य से पूरा देश आहत है और तीव्र आक्रोश में है।

भारतीय ने कहा कि काश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है, धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है, लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है, हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। उन्होंने कहा कि देश के नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य कर-के इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है। बजरंग दल इस कायराना कृत्य की तीव्र निंदा करते हुए आपसे निवेदन करता हैए इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने का केंद्र सरकार को निर्देश दें तथा इस प्रकार के तत्वों को सरंक्षण देने वाले आ आंतरिक व विदेशी तत्वों का भी कठोरता से समुचित इलाज हो ऐसा केन्द्र सरकार से सुनिश्चित कराने का आग्रह करें।

## सोलन नगर निगम की मेयर ऊषा शर्मा तथा पूर्व मेयर की सदस्यता निलंबित

**मनीष**

**सोलन** : सोलन की मेयर और पुर्व मेयर की सदस्यता निलंबन से सोलन में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। पिछले साल मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव के दौरान पार्टी के खिलाफ जाने पर कांग्रेस ने इन दोनों के अलावा दो अन्य पार्षदों की सदस्यता रद्द करने की सिफारिश की थी। जांच रिपोर्ट के बाद सरकार ने दो के खिलाफ कार्रवाई की है। इन दोनों ने इस फैसले को कोर्ट में चुनौती देने की बात कही है।

**क्या है मामला**

सोलन नगर निगम में 7 दिसंबर, 2023 को मेयर व डिप्टी मेयर के चुनाव को लेकर ड्रामा हो गया था। पार्टी संगठन ने मेयर के लिए सरदार सिंह ठाकुर का नाम आगे किया था जबकि डिप्टी मेयर के लिए संगीता ठाकुर का नाम घोषित किया थाए लेकिन कांग्रेस के दूसरे गुट ने ऊषा शर्मा को मेयर का उम्मीदवार बनाया।

चुनाव में कांग्रेस के दोनों अधिकृत उम्मीदवार हार गए जबकि उषा शर्मा मेयर और भाजपा की मीरा आनंद डिप्टी मेयर चुने गए। इस पर कांग्रेस ने पार्टी के चार पार्षदों को पार्टी व्हिप का उल्लंघन करने पर उनकी सदस्यता रद्द करने की सिफारिश की।

सरकार ने डीसी को सौंपी थी जांच इसके बाद सरकार ने निर्वाचित मेयर ऊषा समेत चारों कांग्रेस पार्षदों की सदस्यता को लेकर डीसी सोलन को जांच सौंपी। डीसी मनमोहन शर्मा ने सभी संबंधित लोगों से बयान लिए और इसके आधार पर विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजी। राज्यसभा चुनाव का घटनाक्रम होने के कारण यह मामला लटका हुआ था, लेकिन कांग्रेस का एक धड़ा सदस्यता रद्द करने को लेकर लगातार दबाव बनाए हुए रहा। इस पर अब यह कार्रवाई हुई है।

## अप्रोच रोड से शानन की खस्ता हालत सडक पर जिला परिषद विजय भाटिया ने दिया ज्ञापन

**संगराय**

**जोगिंद्रनगर** : जिला परिषद सदस्य विजय भाटिया ने शानन पावर हाउस की अप्रोच रोड-शानन-हरनाला सडक की अत्यंत खराब स्थिति को लेकर पंजाब इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड शानन पावर हाउस के अधिशासी अभियंता श्री सतीश कुमार को ज्ञापन सौंपा। शानन पावर हाउस, जो हिमाचल प्रदेश का सबसे पुराना और पहला हाइड्रो प्रोजेक्ट है, का मात्र 3 किलोमीटर का यह सडक बहुत ही खराब स्थिति में है। विजय भाटिया ने बताया कि इस सडक की खस्ता हालत के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। अप्रोच रोड सडक पर जगह-जगह पुलियां टूटी हुई हैं और सडकों में बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं, जो दुर्घटनाओं को आमंत्रण देते हैं। विजय भाटिया ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि इस सडक को फिर से नया बनाया जाए ताकि यहां के लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके।विजय भाटिया ने यह भी बताया कि शानन पावर हाउस प्रतिदिन करोड़ों रुपए की आय अर्जित करता है, लेकिन मात्र 3 किलोमीटर की इस सडक को ठीक करने में असमर्थ है। यह सडक पिछले लगभग 3 सालों से खराब हालत में है। पहले भी प्रशासन को इस बारे में सूचित किया गया था, लेकिन प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई। विजय भाटिया ने चेतावनी दी है कि यदि इस सडक की मरम्मत का कार्य जल्द शुरू नहीं किया गया, तो वे स्थानीय लोगों के साथ मिलकर विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे।

## संतोषगढ़ स्कूल में 26 कैडेटस एनसीसी में हुए भर्ती

**राजन पुरी**

**ऊना** :राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बाल संतोषगढ में कमान अधिकारी छठी हिमाचल प्रदेश एनसीसी ऊना आरके सैनी के निदेर्शानुसार एनसीसी में बच्चों की नयी भर्ती की गई। बुधवार को हुई इस भर्ती प्रक्रिया में लगभग 40 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें से 26 बच्चों को एनसीसी में शामिल किया गया।

भर्ती प्रक्रिया का संचालन लेफ्टिनेंट कर्नल आरके सैनी सेवा मेडल, प्रधानाचार्य उपेंद्र सिंह राणा व एनसीसी ऑफिसर रामपाल शर्मा




की उपस्थिति में किया गया। जिसमें हवलदार ललित मोहन व राजेश कुमार ने बच्चों का कठिन मापदंड में पूरा उतरने के बाद ही एनसीसी में नामांकित किया है। प्रधानाचार्य उपेंद्र सिंह ने बताया कि हर वर्ष एनसीसी में 25 कैडेट्स भर्ती किए जाते है। इन कैडेटस को दो साल तक एनसीसी का प्रशिक्षण दिया जाता है।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 1.30 प्रतिशत उबलकर 78.91 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 1.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 82.86 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।



## खाद्य तेलों में टिकाव; दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 67 रिंगिट चढ़कर 3998 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.35 सेंट की तेजी के साथ 44.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

## निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मंत्रालय का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** निर्मला सीतारमण ने बुधवार को केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री का कार्यभार संभाल लिया। सीतारमण को लगातार दूसरी बार केंद्रीय वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। सीतारमण अगले महीने वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट पेश करने वाली हैं। इस मौके पर वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी और मंत्रलायल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूसरे कार्यकाल 2019 में वित्त मंत्री रह चुकीं निर्मला सीतारमण को दोबारा वित्त मंत्रालय और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में वो भारत की दूसरी महिला रक्षामंत्री के तौर पर भी काम कर चुकीं है। निर्मला सीतारमण के राजनीतिक सफर पर नजर डालें तो उन्होंने 31 मई, 2019 को देश के 28वें वित्त मंत्री और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री के तौर पर शपथ ली थी। सीतारमण की स्कूली शिक्षा मद्रास और तिरुचिरापल्ली में हुई। 1980 में इकोनॉमिक्स में ग्रेजुएट होने के बाद उन्होंने जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) पहुंचीं और फिर लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से पढ़ाई पूरी की

## भारत तीन साल तक सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा: विश्व बैंक

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारत अगले तीन वर्षों में 6.7 प्रतिशत की स्थिर वृद्धि दर्ज करते हुए सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। विश्व बैंक की नवीनतम 'वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट' के मुताबिक, भारत में वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि बढ़कर 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह विश्व बैंक के जनवरी में जताए गए पिछले अनुमान से 1.9 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही विश्व बैंक ने वर्ष 2024 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि के 2.6 प्रतिशत पर स्थिर रहने का अनुमान जताया। उसने कहा कि अगले दो वर्षों में वैश्विक वृद्धि बढ़कर औसतन 2.7 प्रतिशत तक हो जाएगी।

हालांकि, यह भी कोविड-19 से पहले के दशक के 3.1 प्रतिशत से काफी कम होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, ''इस पूर्वानुमान का मतलब है कि 2024-26 के दौरान दुनिया की 80 प्रतिशत से अधिक आबादी और वैश्विक जीडीपी वाले देश कोविड-19 से पहले के दशक की तुलना में धीमी गति से बढ़ रहे होंगे।'' दक्षिण एशिया क्षेत्र में वृद्धि वर्ष 2023 में 6.6 प्रतिशत रही थी और इसके वर्ष 2024 में सुस्त पड़कर 6.2 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है। इस सुस्ती के पीछे का मुख्य कारण हाल के वर्षों में उच्च आधार से भारत की वृद्धि दर में आई नरमी होगी। हालांकि, विश्व बैंक को भारत में स्थिर वृद्धि दर के साथ 2025-26 में दक्षिण एशिया क्षेत्र की वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। इस क्षेत्र की अन्य अर्थव्यवस्थाओं में बांग्लादेश में वृद्धि पिछले वर्षों की तुलना में थोड़ी सुस्त रह सकती है जबकि पाकिस्तान और श्रीलंका में इसके मजबूत रहने की उम्मीद है।'' रिपोर्ट कहती है, ''भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना रहेगा लेकिन इसके विस्तार की रफ्तार धीमी होने की संभावना है। वित्त वर्ष 2023-24 में उच्च वृद्धि के बाद 2024-25 से शुरू होने वाले तीन वित्त वर्षों के लिए औसतन 6.7 प्रतिशत प्रति वर्ष की स्थिर वृद्धि का अनुमान है।'' इस सुस्ती के लिए मुख्य रूप से उच्च आधार से निवेश में आई मंदी जिम्मेदार है। हालांकि, निवेश वृद्धि अब भी पुराने अनुमान की तुलना में मजबूत रहने की उम्मीद है और पूर्वानुमान अवधि में मजबूत बनी रहेगी, जिसमें मजबूत सार्वजनिक निवेश के साथ निजी निवेश भी होगा।

# सरकार लोगों के 'जीवन की सुगमता' सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध : सीतारमण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लगातार दूसरी बार वित्त और कंपनी मामलों की मंत्री बनाई गई निर्मला सीतारमण ने आज यहां नॉर्थ ब्लॉक में कार्यभार ग्रहण करते हुए कहा कि सरकार अपने नागरिकों के लिए 'जीवन की सुगमता' सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस संबंध में आगे भी कदम उठाती रहेगी।

श्रीमती सीतारमण का नॉर्थ ब्लॉक स्थित कार्यालय में वित्त सचिव डॉ. टी.वी. सोमनाथन और वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के अन्य सचिवों ने स्वागत किया।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की कि उन्हें फिर से केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री के रूप में काम करने और उनके मार्गदर्शन में



भारत और इसके लोगों की सेवा करने का अवसर मिला।श्रीमती सीतारमण ने पिछले 10 वर्षों में मजबूत नेतृत्व और विकासोन्मुखी शासन को स्वीकार किया, जिसने विभिन्न क्षेत्रों में परिवर्तनकारी बदलाव किए हैं और एक मजबूत और लचीली अर्थव्यवस्था बनाई है।

कार्यभार संभालने के बाद, वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के विभिन्न विभागों के सचिवों ने मौजूदा नीतिगत मुद्दों पर केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों के मंत्री को जानकारी दी। श्रीमती सीतारमण ने यह भी कहा कि 2014 से किए गए सुधार जारी रहेंगे, जो भारत के लिए व्यापक आर्थिक स्थिरता और विकास प्रदान करेंगे। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों के बीच हाल के वर्षों में भारत की सराहनीय विकास कहानी पर भी प्रकाश डाला और कहा कि आने वाले वर्षों के लिए एक आशावादी आर्थिक दृष्टिकोण है। उन्होंने विभागों से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के विकास एजेंडे को नए जोश के साथ आगे बढ़ाने और प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए उत्तरदायी नीति निर्धारण सुनिश्चित करने का आग्रह किया। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' में विश्वास करती है और उन्होंने एक मजबूत और जीवंत अर्थव्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए उद्योग जगत के नेताओं, नियामकों और नागरिकों सहित सभी हितधारकों के निरंतर समर्थन और सहयोग का आह्वान किया।

## पावर ग्रिड सब-स्टेशन में आग से दिल्ली के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल सचिवालय और मुख्यमंत्री आवास वाले क्षेत्र सहित राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में मंगलवार दोपहर को अलग-अलग समय के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रही। उत्तर प्रदेश के मंडोला में पावर ग्रिड के सब-स्टेशन में आग लगने से आपूर्ति पर असर पड़ा। दिल्ली में बिजली वितरण करने वाली कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि बिजली आपूर्ति बाधित होने से मुख्य रूप से मध्य और पूर्वी दिल्ली के कई इलाके प्रभावित हुए। उत्तरी दिल्ली के कुछ इलाकों में भी बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली वितरण कंपनी के एक अधिकारी ने कहा, ''उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस, मॉडल टाउन, कश्मीरी गेट, गुलाबी बाग, शक्ति नगर और विजय नगर जैसे इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। हालांकि, एक घंटे के भीतर आपूर्ति बहाल कर दी गई।'' उन्होंने बताया कि उपराज्यपाल आवास और मुख्यमंत्री आवास की बिजली आपूर्ति भी कुछ समय के लिए प्रभावित रही। उन्होंने कहा कि पूर्वी, मध्य, दक्षिण और उत्तरी दिल्ली के आईटीओ, लक्ष्मी नगर, लाजपत नगर, जामिया, नरेला, मॉडल टाउन, रोहिणी, गोपालपुर, सब्जी मंडी, वजीरपुर और कश्मीरी गेट जैसे इलाकों में भी कुछ समय के लिए बिजली गुल रही। दिल्ली की बिजली मंत्री आतिशी ने इस घटना को बेहद चिंताजनक बताते हुए कहा कि वह ऐसी स्थिति की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय बिजली मंत्री और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के चेयरमैन से मुलाकात करेंगी।

## डीसीआईएल को श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह प्राधिकरण से मिला यह काम, होगा 2000 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ड्रेजिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीसीआईएल) को पश्चिम बंगाल में श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह प्राधिकरण से 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का ऑर्डर मिला है। डीसीआईएल ने एक बयान में कहा कि यह ठेका हुगली मुहाना में तलकर्षण (ड्रेजिंग) के रखरखाव के लिए है, जो मुख्य रूप से हल्दिया डॉक की ओर जाने वाले शिपिंग चैनल में है। कंपनी ने कहा कि पांच साल के अनुबंध का मूल्य 2,015.88 करोड़ रुपये है।



हुगली ज्वारनदमुख समुद्री व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण जलमार्ग है। हल्दिया डॉक से जहाजों को सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराने के लिए इसकी गहराई बनाए रखना आवश्यक है। शिपिंग चैनल के जरिए जहाजों के आने-जाने की सुगमता करो बनाए रखने के लिए रखरखाव ड्रेजिंग महत्वपूर्ण है। इससे क्षेत्र में सुचारू और कुशल समुद्री संचालन की सुविधा मिलती है।

डीसीआईएल के चेयरमैन मधैयां अंगमुथु ने कहा कि कंपनी परियोजना की कठिन जरूरतों को पूरा करेगी। विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में स्थित डीसीआई बंदरगाहों, भारतीय नौसेना, मछली पकड़ने के बंदरगाहों और अन्य समुद्री संगठनों को ड्रेजिंग और इससे जुड़ी सेवाएं उपलब्ध कराता है।

# इंडिगो के प्रवर्तकों ने बाजार में ब्लॉक सौदों के जरिए 77.2 लाख शेयर बेचे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंटरग्लोब एविएशन की प्रवर्तक इकाई इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज ने ओपन मार्केट ट्रांजैक्शन के जरिये एयरलाइन में दो प्रतिशत हिस्सेदारी 3,367 करोड़ रुपये में बेच दी है। बीएसई के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड ने 77,19,573 इक्विटी शेयर बेचे, जो इंडिगो ब्रांड एयरलाइन का संचालन करने वाली इंटरग्लोब एविएशन में 1.99 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। इन शेयरों को 4,362.04 रुपये प्रति शेयर के औसत मूल्य पर बेचा गया, जिससे ट्रांजैक्शन का मूल्य 3,367.31 करोड़ रुपये बैठता है। हिस्सेदारी बिक्री के बाद कंपनी में इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज की शेयरधारिता 37.75 प्रतिशत से घटकर 35.76 प्रतिशत रह गई। इस बीच, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स मॉरीशस ने 31.23 लाख शेयर खरीदे, जो इंटरग्लोब एविएशन में 0.81 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

**शेयर बेच रहे निवेशक**

इस डील की खबर के बीच इंडिगो के शेयर 4368.20 रुपये पर बंद हुए। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर 4.26त्न टूटकर बंद हुआ। ट्रेडिंग के दौरान शेयर करीब 5 फीसदी तक टूटकर भाव 4361 रुपये पर आ गया।

**कंपनी का डबल हुआ मुनाफा**

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन का मार्च, 2024 में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का प्रॉफिट दोगुना से अधिक होकर 1,894.8 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। एयरलाइन को एक साल पहले की समान तिमाही में 919.2 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था। पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में कंपनी कुल आय 14,600.1 करोड़ रुपये से बढ़कर 18,505.1 करोड़ रुपये हो गई।

**वाइड-बॉडी का इंडिगो का प्लान:** इस खबर के बीच, इंडिगो चौड़े आकार वाले (वाइड-बॉडी) विमानों के लिए विभिन्न वित्तपोषण विकल्पों पर विचार कर रही है। इन विमानों के 2027 में एयरलाइन के बेड़े में शामिल होने की उम्मीद है। बता दें कि अप्रैल में इंडिगो ने 30 ए350-900 विमानों के लिए पक्का ऑर्डर देने और 70 और ऐसे ही विमानों की खरीद का विकल्प रखने की घोषणा की थी। मौजूदा समय में, इंडिगो के पास तुर्की एयरलाइंस से पट्टे पर लिए गए दो बोइंग 777 विमानों के अलावा 360 से अधिक विमानों का बेड़ा है।

# कृषि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही ड्रोन की भूमिका, 2025 तक 7000 से अधिक ड्रोन्स प्रयोग होंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकार पिछले कुछ सालों से कृषि क्षेत्र में फसल के लिए जमीन की मापी, पोषक तत्व, उर्वरक और सिंचाई जैसी गतिविधियों के लिए ड्रोन को बढ़ावा दे रही है। इसलिए मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) की मांग में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। उद्योग के अनुमान के अनुसार वर्तमान में कृषि क्षेत्र में 3,000 से अधिक के ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है। वित्त वर्ष 2025 तक यह संख्या 7,000 से अधिक सकती है। जानकारों का कहना है कि इससे पानी, मिट्टी के पोषक तत्वों और फसल सुरक्षा फॉर्मूलेशन के सही इस्तेमाल से फसल की उत्पादकता को बढ़ाने में काफी सहायता होती है।

**कृषि क्षेत्र में ड्रोन्स हैं मददगार**

ड्रोन निर्माता कंपनी दक्षा अनमैंड सिस्टम्स के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025 के अंत तक सरकार के सर्मथन से ड्रोन का इस्तेमाल तेजी से बढ़ सकता है। इसके इस्तेमाल से कृषि क्षेत्र में पानी का उपयोग 70 प्रतिशत तक कम हो सकता है। साथ ही ड्रोन्स उर्वरक के उपयोग में भी 20 से 30 प्रतिशत तक की कमी लाने में मदद करेंगे। उद्योग जगत का मानना है कि वर्तमान में कृषि क्षेत्र में 3,000 से अधिक के ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है, वित्त वर्ष 2025 तक यह संख्या 7,000 से अधिक हो सकती है। ड्रोन निर्माताओं के अनुसार फिलहाल ड्रोन्स की कीमतें 6 से 7 लाख रुपये के बीच हैं। नैनो यूरिया और डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख सहकारी संस्था इफ्को ने जुलाई 2023 में नैनो मिट्टी पोषक तत्वों का छिड़काव करने के लिए 2500 ड्रोन की खरीदारी करने की घोषणा की थी। सहकारी संस्था ने जानकारी देते हुए बताया था कि इन्हें ऑपरेट करने के लिए 5000 ग्रामीण उद्यमियों को प्रशिक्षण दी जा रही है।

ड्रोन उपकरणों को संचालित करने वाली और ड्रोन पायलट्स को प्रशिक्षण देने वाली कंपनी ड्रोन डेस्टिनेशन के प्रबंध निदेशक चिराग शर्मा भी इस नए उद्योग के भविष्य को लोकर आशान्वित हैं। वे बताते हैं कि अगले कुछ सालों में कृषि के साथ अन्य उद्योगों के परिचालन में भी ड्रोन्स का इस्तेमाल बढ़ेगा। आने वाले समय में विभिन्न उद्योगों में ड्रोन्स का इस्तेमाल बढ़कर 10,000 से 15,000 तक पहुंच सकता है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए 5000 ड्रोन पायलट्स को प्रशिक्षित किया है। हम नमो ड्रोन दीदी योजना का हिस्सा हैं। इसके तहत कंपनी ने अभी तक 600 से अधिक ड्रोन दीदी को प्रशिक्षित किया है। शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में ड्रोन संचालन और रखरखाव से जुड़ी सेवाओं में भी बढ़ोतरी होगी।

**ड्रोन दीदी योजना के तहत 600 से अधिक महिलाएं की गईं प्रशिक्षित**

नमो दीदी योजना या ड्रोन दीदी योजना की शुरुआत नवबंर 2023 में हुई थी। इसके तहत सरकार महिलाओं की कृषि क्षेत्र में हिस्सेदारी को बढ़ाना चाहती है। इस योजना के अंतर्गत सरकार 1,261 करोड़ रुपये खर्च करेगी। अगले कुछ वर्षों में इस रकम को खर्च किया जाना है। इस योजना के तहत सरकार की तरफ से 15,000 महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ड्रोन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इस योजना को देश भर में कृषि विज्ञान केन्द्रों के जरिए लागू किया गया है। देश भर में लगभग 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं। इसके तहत ड्रोन डेस्टिनेशन ने अभी तक 600 से अधिक ड्रोन दीदी को प्रशिक्षित किया है। कृषि के अलावा माइनिंग, सुरक्षा, शहरी योजनाओं के मानचित्र, भूमि और संसाधन की जांच, जंगल की आग रोकथाम, बाढ़ और सूखा प्रभावित इलके, पर्यावरण निगरानी, सीमा निगरानी के अलावा कई महत्वपूर्ण जगहों पर ड्रोन का इस्तेमाल किया जाता है।

## सेज से निर्यात चार फीसदी बढ़कर 164 अरब डॉलर पहुंचा, देश के कुल एक्सपोर्ट में 3फीसदी से अधिक गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) से निर्यात 2023-24 में सालाना आधार पर 4.10 फीसदी बढ़कर 163.69 अरब डॉलर पहुंच गया। हालांकि, इस अवधि में देश के कुल निर्यात में तीन फीसदी से अधिक गिरावट दर्ज की गई। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, सेज से 2022-23 में 157.24 अरब डॉलर का निर्यात हुआ था। 2021-22 में यह आंकड़ा 133 अरब डॉलर रहा था। मंत्रालय के मुताबिक, सेज से जिन देशों को सर्वाधिक निर्यात किया गया, उनमें संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर शामिल हैं। विशेष आर्थिक क्षेत्र प्रमुख निर्यात केंद्र हैं, जिन्होंने पिछले वित्त वर्ष में देश के कुल निर्यात में एक-तिहाई से अधिक का योगदान दिया।

**इन राज्यों में सर्वाधिक सेज**

परिचालन वाले सबसे अधिक विशेष आर्थिक क्षेत्र कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, गुजरात, केरल और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में है। इन क्षेत्र की इकाइयों को तैयार माल पर वर्तमान में शुल्क के भुगतान पर डीटीए (घरेलू शुल्क क्षेत्र) में अपने उत्पाद बेचने की अनुमति है।

**30.70 लाख लोगों को मिला है रोजगार**

मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, विशेष आर्थिक क्षेत्रों में 31 दिसंबर, 2023 तक 6.92 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। इससे कुल 30.70 लाख लोगों को रोजगार मिला है।

सरकार ने ऐसे 423 विशेष आर्थिक क्षेत्र को मंजूरी दी है। इनमें से 280 इस साल 31 मार्च तक चालू हो चुके हैं। 31 दिसंबर, 2023 तक सेज में 5,711 स्वीकृत इकाइयां थीं।

## पहली बार मत्स्य उत्पादन से आगे निकली जलीय कृषि, 13.09 करोड़ टन तक हुई पैदावार

एजेंसी

**नईअदिल्ली।** वैश्विक स्तर पर पहली बार जलीय कृषि उत्पादन पारंपरिक मत्स्य पालन से आगे निकल गया है। शीर्ष 10 देशों जिनमें चीन, इंडोनेशिया, भारत, वियतनाम, बांग्लादेश, फिलीपींस, दक्षिण कोरिया, नॉर्वे, मिस्र और चिली शामिल हैं, इनका जलीय कृषि उत्पादन में लगभग 90 फीसदी योगदान है। जलीय कृषि का अर्थ मछली, मोलस्क, क्रस्टेशियंस और जलीय पौधों सहित जलीय जीवों की खेती से है।

खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की रिपोर्ट 'द स्टेट ऑफ वर्ल्ड फिशरीज एंड एक्वाकल्चर 2024' में कहा कि 2022 में जलीय कृषि उत्पादन 13.09 करोड़ टन तक पहुंच गया, जिसमें 9.44 करोड़ टन जलीय जीव थे जो कुल जलीय पशु उत्पादन का 51 फीसदी के बराबर है। जलीय कृषि उत्पादन में वृद्धि के कारण मोलस्क और क्रस्टेशियन की हिस्सेदारी में भी वृद्धि हुई है। साल 2022 में पकड़ी गई 75 प्रतिशत फिनफिश में से आधी समुद्री प्रजातियां थीं, जबकि 44 फीसदी मीठे या ताजे पानी की प्रजातियां थीं। समुद्री फिनफिश भी उत्पादित कुल जलीय जीवों का 38 फीसदी हिस्सा थीं और उसके बाद मीठे पानी की मछलियां 33 फीसदी थीं।

**लगातार बढ़ रही है मछली की खपत**

रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में मछलियों की खपत तेजी से बढ़ रही है।?1961 और 2016 के बीच 3.2 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है।?जबकि इस दौरान जनसंख्या



1.6 फीसदी की रफ्तार से बढ़ी है। रिपोर्ट के अनुसार, 2015 में विश्व स्तर पर जानवरों से मिलने वाले प्रोटीन में मछलियों की हिस्सेदारी 17 फीसदी रही। हालांकि यह सभी देशों के लिए एक बराबर नहीं। दुनिया में इनकी प्रति व्यक्ति वार्षिक खपत 1961 में 9.1 किलोग्राम थी, जो 2022 तक बढ़कर 20.7 किलोग्राम हो गई।

**दुनियाभर को भोजन उपलब्ध कराने में सक्षम**

एफएओ के सहायक महानिदेशक मैनुअल बारंगे कहते हैं कि जलीय कृषि दुनिया भर में बढ़ती जनसंख्या को भोजन उपलब्ध कराने की क्षमता रखती है। यह पिछले पांच दशकों में दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली खाद्य उत्पादन प्रणाली रही है।

जलीय कृषि उत्पादन को यूरोपीय ग्रीन डील द्वारा भोजन और चारे के लिए 'कम कार्बन' प्रोटीन के स्रोत के रूप में भी मान्यता दी गई है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनियाभर के एक तिहाई सागरों में जरूरत से ज्यादा मछलियां पकड़ी जा रही हैं और इसकी वजह मछलियों की रिकॉर्ड खपत है। सबसे ज्यादा खपत करने वाले देश चीन, म्यांमार, वियतनाम और जापान हैं।

# फिर महंगा हुआ सोना, चांदी में कुछ गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना एक बार फिर महंगा हो गया है। हालांकि आज चांदी के भाव में गिरावट दर्ज की गई है। आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,500 रुपये से लेकर 71,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,460 रुपये से लेकर 65,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी के भाव में आज कमजोरी आई है। आज की गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 90,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने



की कीमत 66,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 71,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 71,910 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 65,910 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 71,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 71,910 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 65,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 71,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 65,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## 'बीमा कंपनियां दस्तावेजों की कमी की वजह से दावों को खारिज नहीं कर सकतीं', इरडा की दो टूक

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बीमा कंपनियां को दावों को लेकर सख्त हिदायत दी है। इरडा ने कहा कि साधारण बीमा कंपनियां दस्तावेजों की कमी की वजह से दावों को खारिज नहीं कर सकतीं। इस संबंध एक मास्टर परिपत्र जारी किया गया है। यह साधारण बीमा व्यवसाय में सुधारों का हिस्सा है। माना जा रहा है कि इससे सरल और ग्राहक केंद्रित बीमा समाधानों के लिए एक नए युग की शुरुआत होगी। बतायास जा रहा है कि साधारण बीमा कारोबार पर व्यापक मास्टर परिपत्र, 13 अन्य परिपत्र को भी निरस्त करता है।

**समझ में आने वाले बीमा उत्पादों का प्रावधान**

इरडा ने कहा कि ग्राहकों की व्यक्तिगत जरूरतों को पूरा करने के लिए आसानी से समझ में आने वाले बीमा उत्पादों का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही ग्राहकों को पर्याप्त विकल्प देने का भी प्रावधान किया गया है। वहीं उनके बीमा अनुभव को बेहतर बनाना भी अब संभव हो गया है। परिपत्र में कहा गया है कि दस्तावेजों के अभाव में कोई भी दावा अस्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रस्ताव की स्वीकृति के समय जरूरी दस्तावेजों को मांगना चाहिए।

**परिपत्र में क्या खास?**

इसके मुताबिक, ग्राहकों से केवल उन दस्तावेजों को जमा करने के लिए कहा जा सकता है, जो जरूरी हैं और दावा निपटान से संबंधित हैं। इसके अलावा खुदरा ग्राहक बीमाकर्ता को सूचित करके किसी भी समय पॉलिसी रद्द कर सकते हैं। वहीं, बीमाकर्ता केवल धोखाधड़ी साबित होने के आधार पर पॉलिसी रद्द कर सकता है।

## वोडाफोन आइडिया के अभिजीत किशोर सीओएआई के चेयरपर्सन बने

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार उद्योग के निकाय सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने वोडाफोन आइडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) अभिजीत किशोर को अपना चेयरपर्सन और भारती एयरटेल के मुख्य नियामक अधिकारी राहुल वत्स को वाइस-चेयरपर्सन नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति जून, 2024 से प्रभावी होगी। यह घोषणा सीओएआई द्वारा 2023-24 के लिए अपनी वार्षिक आम सभा की बैठक समाप्त होने के बाद की गई है। किशोर भारतीय दूरसंचार उद्योग के विभिन्न कार्यों, संगठनों और भौगोलिक क्षेत्रों में तीन दशक से अधिक का व्यापक अनुभव बोर्ड में लेकर आए हैं। उन्होंने रिलायंस जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष प्रमोद के मित्तल से कार्यभार संभाला। इससे पहले दिन में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नरेन्द्र मोदी 3.0 सरकार के तहत दूरसंचार मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला और कहा कि दूरसंचार क्षेत्र और भारतीय डाक विभाग दोनों को वैश्विक और स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

# पाकिस्तान में पश्तो एक्ट्रेस की गोली मारकर हत्या

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पश्तो अभिनेत्री खुशबू खान की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के नौशेरा जिले में एक खेत में अभिनेत्री का शव पाया गया। अभिनेत्री की हत्या के आरोप में अकबरपुरा पुलिस ने दो संदिग्धों के विरुद्ध हत्या का मामला पंजीकृत किया है। दोनों संदिग्धों की पहचान शौकत और फलक नियाज के रूप में की गई है। मारी गई अभिनेत्री के भाई ने अपनी शिकायत में इन दोनों को नामजद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार करने के लिए दोनों की खोज शुरू कर दी है। इनमें से एक पहले भी अभिनय उद्योग से संबंधित एक महिला की हत्या मामले में नामजद किया जा चुका है। मृत अभिनेत्री के भाई ने एफआईआर में कहा है कि खुशबू ने दोनों का प्रस्ताव नहीं माना जिसके बाद उसकी हत्या कर दी गई। दोनों ने केवल उनके द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में ही काम करने की मांग की थी। खुशबू के नहीं मानने पर उन लोगों ने अपने स्थान पर पार्टी में बुलाया और उसकी हत्या कर दी।

# विमान हादसे में मलावी के उपराष्ट्रपति समेत 10 की मौत


**ब्लांटायर।** विमान हादसे में मलावी के उपराष्ट्रपति सोलोस चिलिमा और नौ अन्य लोगों की मौत हो गई है। देश के राष्ट्रपति लाजारस चकवेरा ने यह जानकारी दी। उपराष्ट्रपति सोलोस चिलिमा जिस सैन्य विमान में यात्रा कर रहे थे, उसका मलबा देश के उत्तर में एक पहाड़ी क्षेत्र में मिला। ज्ञात रहे कि एक दिन पहले उनका विमान लापता हो गया था, एक दिन से अधिक समय तक चली खोज के बाद विमान का मलबा मिला। राष्ट्रपति चकवेरा ने सरकारी टेलीविजन पर कहा कि इस दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है। उपराष्ट्रपति चिलिमा और आठ अन्य लोगों को लेकर विमान इस दक्षिणी अफ्रीकी देश की राजधानी लिलोंग्वे से सोमवार सुबह 9.17 बजे रवाना हुआ था और इसे करीब 45 मिनट बाद राजधानी से 370 किलोमीटर दूर मजुजु अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरना था। राष्ट्रपति ने कहा कि हवाई यातायात नियंत्रक ने खराब मौसम के कारण विमान को मजुजु हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास नहीं करने और वापस लिलोंग्वे की ओर मुड़ने के लिए कहा। इसके बाद हवाई यातायात नियंत्रक का विमान से संपर्क टूट गया और विमान रडार से गायब हो गया। विमान में सात यात्री और सैन्य चालक दल के तीन सदस्य सवार थे।

# भारत के नवनियुक्त विदेश मंत्री जयशंकर को नेपाल के विदेश मंत्री एवं पूर्व विदेश मंत्रियों ने दी बधाई

**काठमांडू।** भारत के नवनियुक्त विदेश मंत्री डा एस जयशंकर को नेपाल के उप-प्रधानमंत्री तथा विदेश मंत्री नारायणकाजी ने बधाई संदेश भेजा है। डॉ. जयशंकर को नेपाल के कई पूर्व विदेश मंत्रियों ने भी बधाई दी है। नेपाल के उप-प्रधानमंत्री तथा विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने डॉ. एस जयशंकर को विदेश मंत्री नियुक्त होने पर बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है। अपने बधाई संदेश में उप-प्रधानमंत्री श्रेष्ठ ने डॉ जयशंकर के कार्यकाल में दोनों देशों के संबंधों को और अधिक मजबूती मिलने का विश्वास व्यक्त किया है। नेपाल के पूर्व विदेश मंत्री एनपी साउद ने भी विदेश मंत्री डा जयशंकर को बधाई देते हुए ट्वीट किया है। अपने ट्विटर हैंडल पर डॉ जयशंकर को लगातार दूसरी बार विदेश मंत्री बनने पर बधाई देते हुए पूर्व विदेश मंत्री एनपी साउद ने कहा है कि पहले कार्यकाल की तरह ही उनके दूसरे कार्यकाल में भी उन्हें सफलता मिले। साउद ने कहा है कि विदेश मंत्री के रूप में डॉ. एस जयशंकर ने पूरी दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई थी उसी तरह इस बार भी वो विश्व कूटनीतिक मंच को एक नई दिशा देने में कामयाब होंगे। इसके अलावा नेपाल के पूर्व विदेश मंत्रियों डॉ. प्रकाश शरण महत, डॉ. युवराज खतिवडा, डॉ. बिमला राई पौडेल आदि ने भी डॉ. एस जयशंकर को विदेश मंत्री बनने पर बधाई दी है।

# पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने 85 अफगान नागरिकों को गिरफ्तार किया

**क्वेटा।** सुरक्षा बलों ने अवैध रूप से पाकिस्तान में प्रवेश करने के आरोप में सीमावर्ती चगाई जिले में 85 अफगान नागरिकों को गिरफ्तार किया। पाकिस्तान के समाचार पत्र डान में अधिकारियों के हवाले से छपी रिपोर्ट में कहा गया है कि इन नागरिकों के पास कोई यात्रा दस्तावेज नहीं थे। इनको बिना कानूनी यात्रा दस्तावेजों के पाकिस्तान की सीमा के अंदर दबोचा गया। रिपोर्ट के अनुसार यह सभी अफगान नागरिक यहां से ईरान में प्रवेश करने की जुगत में थे। एक



वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि अफगान नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया गया और आगे की जांच के लिए उन्हें लेवी बल को सौंप दिया गया है। लेवी अधिकारियों ने कहा कि कानूनी औपचारिकता और प्रक्रिया पूरी करने के बाद अफगान नागरिकों को पाकिस्तान-अफगान सीमा पर बाराचा क्रॉसिंग गेट के माध्यम से निर्वासित किया जाएगा।

# इस्राइल ने हमास के युद्धविराम के प्रस्ताव को ठुकराया

## गाजा में बंधकों की रिहाई पर फिर लटकी तलवार

एजेंसी

**यरूशलम।** इस्राइल ने हमास के नवीनतम प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। इसी के साथ अब गाजा में युद्ध विराम और बंधकों को रिहा करने के समझौते पर भी तलवार लटकने लगी। सूत्र के अनुसार, हमास ने कतर के मध्यस्थों के समक्ष अपना प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव में गाजा में युद्ध विराम के साथ संपूर्ण रूप से गाजा से इस्राइली सैनिकों की वापसी शामिल थी। सूत्र ने बताया कि इस मामले में समझौते की उम्मीद जताते हुए अमेरिका के साथ समन्वय में कतर और मिस्र के मध्यस्थों के माध्यम से बातचीत जारी रखने की उम्मीद है। अपना जवाब दाखिल करते हुए हमास के प्रवक्ता ओसामा हमदन ने लेबनान की मीडिया से बात



की। उन्होंने कहा, ÷हमारा जवाब गाजा में युद्धविराम और इस्राइली सेना के वापसी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की स्पष्ट पुष्टि है।

**इस्राइल ने किया हमास के प्रस्ताव को अस्वीकार**

एक इस्राइली अधिकारी ने हमास के जवाब पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे अस्वीकार कर दिया। उन्होंने कहा, इस्राइल को हमास का जवाब मिला। हमास ने बंधकों की रिहाई के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी इसे अपने भाषण में रखा था। हालांकि, हमास ने इस दावे का विरोध करते हुए इसे प्रस्ताव से पीछे हटने का इस्राइल का प्रयास बताया।

बता दें कि इस्राइल द्वारा तैयार की गई योजना को पूरी तरह से सार्वजनिक नहीं किया गया है। इस योजना में छह हफ्ते का युद्ध विराम शामिल है। इस दौरान हमास बंधकों को रिहा करेगा और इस्राइल फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इस्राइल ने कहा था कि वह औपचारिक रूप से इस योजना पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है।

इस्राइली सरकार के एक अधिकारी ने अमेरिका समर्थिक प्रस्ताव के प्रति अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा, इस्राइल अपने सभी युद्ध उद्देश्यों को प्राप्त करने से पहले युद्ध का अंत नहीं करेगा। इसमें हमास को नष्ट करना, सभी बंधकों को रिहाई और भविष्य में गाजा इस्राइल के लिए खतरा न बनें शामिल हैं। प्रस्तुत प्रस्ताव इस्राइल को इन उद्देश्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा। हालांकि, हमास पर भी अमेरिका समर्थित प्रस्ताव को स्वीकार करने का दबाव है। हमास के प्रवक्ता ने पिछले हफ्ते इस्राइल को चेतावनी दी थी कि जब तक इस्राइल युद्धविराम और गाजा से पूरी तरह से वापसी के लिए अपना रुख स्पष्ट नहीं करता, तब तक वे (हमास) किसी भी समझौते पर नहीं पहुंचने वाला।

# बांग्लादेश में केएनएफ के 30 सदस्य बंदरबन से चटगांव सेंट्रल जेल स्थानांतरित

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में प्रतिबंधित सशस्त्र उग्रवादी और अलगावादी राजनीतिक संगठन कुकी-चिन



नेशनल फ्रंट (केएनएफ) के 30 सदस्यों को बंदरबन जिला जेल से चटगांव सेंट्रल जेल स्थानांतरित किया गया है। इनको बैंक डकैती और बंदरबन के रूमा और थांची उपजिलों में 14 आग्नेयास्त्रों को लूटने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। बांग्लादेश पुलिस के अनुसार इन सबको रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) और पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच मंगलवार सुबह चटगांव सेंट्रल जेल भेजा गया। बंदरबन जिला जेल के अधिकारियों ने कहा कि जगह की कमी के कारण दोषियों को स्थानांतरित किया गया है। बंदरबन में 23 मई और 29 मई को संयुक्त बलों के साथ गोलीबारी में केएनएफ के कम से कम पांच सदस्य मारे गए थे। इससे पहले दो अप्रैल को अलगाववादी समूह ने बंदरबन की रूमा उप जिला शाखा सोनाली बैंक के प्रबंधक एमडी निजामुद्दीन का अपहरण कर 1.5 करोड़ रुपये लूटने की कोशिश की थी। तीन अप्रैल को बंदरबन के थांची उपजिला में सोनाली बैंक और कृषि बैंक में डाका डाला था।

# यूक्रेन में तैनात होगा अमेरिका का एक और पैट्रियट मिसाइल

## राष्ट्रपति जो बाइडन ने दी मंजूरी

एजेंसी

**वाशिंगटन।** यूक्रेन और रूस के बीच पिछले दो साल से अधिक समय से युद्ध जारी है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक और पैट्रियट मिसाइल प्राणली को यूक्रेन में तैनात करने के लिए मंजूरी दे दी है। बाइडन ने पिछले सप्ताह ही यह निर्णय लिया है। यूक्रेन अपने शहरों, बुनियादी ढांचों और बिजली ग्रिड पर रूसी हमलों को झेल रहा है। नई पैट्रियट मिसाइल पोलैंड से आएगी। पोलैंड में यह मिसाइल एक अमेरिकी टुकड़ी की रक्षा कर रही है। इसे अगले कुछ दिनों में यूक्रेन में तैनात किया जा सकता है।

अमेरिकी मीडिया के अनुसार, पैट्रियट मिसाइल को अमेरिका का सबसे अच्छा वायु रक्षा हथियार माना जाता है। इसमें शक्तिशाली रडार और मोबाइल लॉन्चर शामिल है। यह प्रोजेक्टाइल पर मिसाइल दागते हैं। अमेरिका के पास कितने पैट्रियट हैं, पेंटागन ने यह बताने से इनकार कर दिया लेकिन एक वरिष्ठ सैन्य



अधिकारी की मानें तो अमेरिका ने दुनिया भर में 14 जगह पैट्रियट को तैनात किया है। पैट्रियट अमेरिका के अलावा, उसके सहयोगियों के पास भी है, उनमें से दो देशों ने यूक्रेन को कुछ पैट्रियट भेजे हैं। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि यूरोपीय शक्तियां जल्द ही और पैट्रियट यूक्रेन में भेजेंगी। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और पेंटागन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने यूरोपीय देशों से यूक्रेन को मदद देने की अपील की है।

जिन दो देशों ने यूक्रेन में पैट्रियट भेजी हैं, उनमें जर्मनी और नीदरलैंड शामिल है। दोनों देश अब तक एक-एक मिसाइल भेज चुके हैं। जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज का कहना है कि जून के अंत तक दूसरा पैट्रियट वहां तैनत किया जाएगा। वहीं नीदरलैंड से दूसरे पैट्रियट के लिए बातचीत जारी है।

# गाजा में युद्धविराम प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र की मंजूरी

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र।** इजराइल पर हमास के हमले के बाद से शुरू हुए युद्ध और गाजा पर आठ महीने से जारी हमले के रुकने के आसार बढ़ गए हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को गाजा में इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम योजना का समर्थन करने वाले अपने पहले प्रस्ताव को भारी बहुमत से मंजूरी दे दी। प्रस्ताव पर सुरक्षा परिषद के 15 सदस्यों में से 14 ने पक्ष में वोट किया, जबकि रूस ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। हमास ने कहा कि वह यूएन के इस प्रस्ताव को स्वीकार करने को तैयार है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि हमास के रुख से युद्धविराम को लेकर उम्मीदें जगी हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा घोषित अमेरिका प्रायोजित प्रस्ताव की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से मंजूरी का अमेरिका ने स्वागत किया है। उसका कहना है कि इसे इजराइल भी स्वीकार कर लेगा। यूएन द्वारा मंजूर किए गए युद्धविराम प्रस्ताव में हमास द्वारा बंधकों की रिहाई के बदले युद्धविराम की योजना है। प्रस्ताव में चरमपंथी फलस्तीनी समूह हमास और



इजरायल से तीन चरण की योजना को बिना शर्त और देरी के स्वीकार करने का आह्वान किया गया है। यूएन के भारी बहुमत के इस प्रस्ताव से दोनों पक्षों पर दबाव बढ़ गया है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन सोमवार को इजरायल में थे। उन्होंने पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से युद्धविराम प्रस्ताव स्वीकार करने का अनुरोध किया और कहा कि इससे हमास पर भी अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ेगा। हालांकि, उस समय नेतन्याहू ने समझौते पर संदेह जताते हुए कहा कि इजरायल हमास को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमास ने कहा कि वह प्रस्ताव को अपनाने का स्वागत करता है और इजरायल पर दबाव डालने के लिए मध्यस्थों के साथ काम करने को तैयार है।

इस बीच, यूएन मानवाधिकार कार्यालय ने कहा है कि हमास के कब्जे से चार बंधकों की रिहाई को लेकर की गई इजरायल की कार्रवाई में नागरिकों की मौत को युद्ध अपराध माना जा सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन ने तेल अवीव में कहा कि युद्धविराम को लेकर भी वार्ता जारी रही। उम्मीद है कि अगले दो दिनों में इस पर सहमति बन जाएगी।

# यूरोपीय संघ के चुनाव में सबसे मजबूत नेता बनकर उभरीं मेलोनी, जी7 शिखर सम्मेलन की करेंगी मेजबानी

एजेंसी

**मिलान।** इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी यूरोपीय संसदीय चुनाव में यूरोपीय संघ की सबसे स्थिर नेता के तौर पर उभरी हैं। मेलोनी इस सप्ताह के सात औद्योगिक राष्ट्रों के समूह के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगी। जर्मन और फ्रांसीसी समकक्षों को यूरोपीय संसदीय चुनावों से झटका लगा है जबकि मेलोनी के दक्षिणपंथी पार्टी ब्रदर्स ऑफ इटली को इटली मजबूत होकर उभरी हैं। इससे वह यूरोप में भी एक मजबूत नेता के तौर पर उभरी हैं।

मेलोनी के ठोस नतीजों ने इतालवी राजनीति में एक स्थिरता पैदा की है। मेलोनी ने सोमवार को समर्थकों से कहा, मुझे गर्व है कि इटली को जी7 में और यूरोप में सबसे मज़बूत सरकार के रूप में खुद को पेश करते हुए एक बड़ी ज़िम्मेदारी भी है। मेलोनी इस सप्ताह अपनी भूमिका को और मजबूत करेंगी, जब वह 13-15 जून को दक्षिणी पुगलिया क्षेत्र में जी7 बैठक का नेतृत्व करेंगी। इस बैठक में वैश्विक संघर्षों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रसार और अफ्रीका पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इटली में दो दिनों के मतदान में ब्रदर्स ऑफ इटली ने 28.8 प्रतिशत इतालवी वोट प्राप्त किये। वहीं फोर्जा इटालिया ने 9.6 प्रतिशत वोट और लेगा को 9.1 प्रतिशत वोट मिले। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी भी मजबूत हुई और उसे 24 प्रतिशत वोट मिले। परिणाम ने डेमोक्रेटिक पार्टी को मुख्य विपक्षी पार्टी के रूप में फिर से स्थापित किया है।

# ड्रग और अवैध हथियार मामले में हंटर बाइडन दोषी, जो बाइडन बोले- हम फैसले को स्वीकार करते हैं

**विलमिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे हंटर बाइडन को अवैध रूप से बंदूक खरीदने और ड्रग्स का इस्तेमाल के बारे में झूठ बोलने का दोषी ठहराया गया है। डेलावेयर के संघीय न्यायालय में 12 सदस्यीय जूरी ने हंटर को लाइसेंसधारी बंदूक विक्रेता से झूठ बोलने, आवेदन में यह झूठा दावा करने कि वह ड्रग्स का इस्तेमाल नहीं करते तथा 11 दिनों तक अवैध रूप से बंदूक रखने का दोषी पाया। अमेरिका में कानून है कि ड्रग्स का सेवन करने वाला बंदूक या हथियार नहीं रख सकता। हंटर किसी वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति की पहली संतान हैं, जिन्हें किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया। जो बाइडन ने बयान जारी कर कहा कि वे फैसले को स्वीकार करते हैं तथा न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करेंगे।

# डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो की पहली महिला प्रधानमंत्री ने शपथ ली

एजेंसी

**किंशासा।** सुश्री जूडिथ सुमिनवा तुलुका ने बुधवार को डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) की पहली महिला प्रधान मंत्री के रूप में शपथ ली। सुश्री तुलुका ने अपाने बयान में कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने वाली पहली कांगो महिला प्रधानमंत्री बनने पर गर्व है।

उन्होंने कहा, यह पद ग्रहण कर मैं इस क्षण के ऐतिहासिक महत्व से पूरी तरह अवगत हूं। मुझे अपने ऊपर जिम्मेदारी का भार और गणतंत्र के भीतर प्रतिनिधित्व करने के विचार पर अत्यधिक गर्व महसूस हो रहा है।

उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक विविधीकरण, बुनियादी ढांचे की कनेक्टिविटी, सार्वजनिक सेवाओं और जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई करते हुए, किंशासा में लगभग 2.6 लाख नौकरियां, गणित और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की एक अकादमी बनाकर उभरते कांगो के लिए आधार तैयार करने का वादा किया।

उल्लेखनीय है कि सुश्री तुलुका को मार्च 2023 में योजना के लिए



राज्य मंत्री नियुक्त किया गया था। वर्ष 2020 से 2023 तक उन्होंने राष्ट्रपति कार्यालय में प्रेसिडेंशियल स्ट्रैटेजिक मॉनिटरिंग काउंसिल के उप समन्वयक के रूप में भी काम किया है।

गौरतलब है कि 29 मई को बनी नयी सरकार में प्रधान मंत्री, छह उप प्रधानमंत्रियों और 10 राज्य मंत्रियों सहित 55 सदस्य शामिल हैं, जबकि मार्च 2023 के फेरबदल में 57 सदस्य शामिल थे।

# नेपाल के गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ दायर रिट सुप्रीम कोर्ट ने तलब की

**काठमांडू।** नेपाल के उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ सहकारी ठगी मामले में जिला अदालत में दायर रिट को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए तलब किया है। सुप्रीम कोर्ट ने लामिछाने को पदमुक्त करते हुए जांच का आदेश देने की मांग पर यह आदेश दिया है। वैसे सरकारी वकील की सिफारिश पर महान्यायाधिवक्ता के कार्यालय ने लामिछाने के खिलाफ किसी भी प्रकार की याचिका दायर करने से इनकार कर दिया था। बाद में अदालत के हस्तक्षेप के बाद अब ना सिर्फ यह मुकदमा दायर हुआ है बल्कि अगले हफ्ते से इस मामले की नियमित सुनवाई शुरू होनी है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश मनोज कुमार शर्मा और तिल प्रसाद श्रेष्ठ की बेंच ने लामिछाने के खिलाफ दायर सभी केस और सभी एफआईआर की कॉपी 18 जून से पहले तलब की है।

# चीनी पीएम ने पीएम मोदी को नये कार्यकाल के लिए दी बधाई, कहा- चीन संबंधों को 'सही दिशा' में विकसित करने के लिए इच्छुक

एजेंसी

**बीजिंग।** चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार पुनः निर्वाचित होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि बीजिंग 'द्विपक्षीय संबंधों को सही दिशा में आगे बढ़ाने' के लिए भारत के साथ काम करने को तैयार है।

सरकारी समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ली ने एक संदेश में कहा कि चीन-भारत संबंधों का सुदृढ़ और स्थिर विकास न केवल दोनों देशों के लोगों की भलाई के लिए अनुकूल है, बल्कि यह क्षेत्र और विश्व में स्थिरता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है।

ली ने कहा कि चीन द्विपक्षीय संबंधों को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने को तैयार है।मोदी ने रविवार को रिकॉर्ड तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार का नेतृत्व किया।

चीनी विदेश मंत्रालय ने 5 जून को आम चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की जीत पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देते हुए कहा कि दोनों देशों को चार साल पहले गलवान की घटना के बाद से रुके हुए द्विपक्षीय संबंधों को स्वस्थ और स्थिर रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिए भविष्य की ओर देखना चाहिए।

5 मई, 2020 को गलवान के पास पैंगोंग त्सो (झील) क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध शुरू होने के बाद से दोनों देशों के बीच संबंध व्यापार को छोड़कर निचले स्तर पर पहुंच गए थे।चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने यहां मीडिया ब्रीफिंग में कहा, हमने भारत के आम चुनाव के परिणामों पर गौर किया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत पर बधाई देते हैं।

माओ ने मोदी की जीत पर चीन की टिप्पणी जानने के लिए आधिकारिक मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि स्वस्थ और स्थिर चीन-भारत संबंध दोनों देशों के हित में है तथा इस क्षेत्र और इससे आगे शांति और विकास के लिए अनुकूल है। उन्होंने कहा कि चीन दोनों देशों के लोगों के मौलिक हितों को ध्यान में रखते हुए भारत के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है, हमारे संबंधों के समग्र हित को ध्यान में रखेगा, भविष्य की ओर देखेगा और द्विपक्षीय संबंधों को स्वस्थ और स्थिर रास्ते पर आगे बढ़ाएगा।इसके एक दिन बाद चीन ने प्रधानमंत्री मोदी की इस टिप्पणी पर विरोध जताया कि वह ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए तत्पर हैं।

मोदी की यह टिप्पणी ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते द्वारा उनकी चुनावी जीत पर दिए गए बधाई संदेश के जवाब में आई। चीन ताइवान को एक विद्रोही प्रांत के रूप में देखता है जिसे बलपूर्वक भी मुख्य भूमि के साथ फिर से एकीकृत किया जाना चाहिए। भारत पीपुल्स लिबरेशन आर्मी पर देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों से हटने का दबाव बना रहा है और उसका कहना है कि जब तक सीमा पर स्थिति असामान्य बनी रहेगी, तब तक चीन के साथ उसके संबंधों में सामान्य स्थिति बहाल नहीं हो सकती।वहीं दूसरी ओर, चीन का यह कहना है कि सीमा का प्रश्न चीन-भारत संबंधों की सम्पूर्णता का प्रतिनिधित्व नहीं करता है, तथा इसे द्विपक्षीय संबंधों में उचित रूप से रखा जाना चाहिए तथा उचित ढंग से प्रबंधित किया जाना चाहिए। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत होने पर, संबंधों को पुनर्जीवित करने के लिए देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों में सैनिकों की वापसी पर गतिरोध को हल करने के लिए कोर कमांडर स्तर की 22वें दौर की वार्ता पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है।

# मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बदले सुर, अब भारत के साथ संबंधों को सुधारने में जुटे

एजेंसी

**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू हाल में भारत के साथ संबंधों में आई खटास को दूर करने के प्रयास में लगे हैं। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि भारत की पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुइज्जू ने भारत से द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चार्चा की। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने दीर्घकालिक और बहुआयामी संबंधों पर जोर दिया।

**मालदीव लौट चुके मुइज्जू**

चीन समर्थक माने जाने वाले राष्ट्रपति मुइज्जू रविवार को आयोजित नरेन्द्र मोदी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने भारत पहुंचे थे। मुइज्जू भारत की यात्रा पूरी कर मंगलवार को मालदीव वापस पहुंच गए हैं। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रपति मुइज्जू ने पीएम मोदी के निमंत्रण पर शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा की। यात्रा के दौरान मुइज्जू ने अतिथियों के सम्मान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा आयोजित भोज में भी भाग लिया।

**दोनों देशों के बीच मजबूत होंगे संबंध:** दोनों राष्ट्रपतियों ने एक बैठक में भारत-मालदीव के संबंधों को मजबूत



बनाने को लेकर चर्चा की। भारत के राष्ट्रपति सचिवालय के एक बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति मुर्मु ने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में भारत और मालदीव के बीच संबंध और मजबूत होंगे।

**मिलकर काम करने की उम्मीद: जयशंकर**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नई दिल्ली में मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू से मुलाकात करके खुशी हुई। भारत और मालदीव के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद है। बता दें कि मुइज्जू ने मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद भारत से अपने सैनिकों को वापस बुलाने की मांग की थीं। इसके बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में दरार आ गई थी। मुइज्जू ने अपनी पहली आधिकारिक यात्रा में चीन का दौरा किया था।

## पाकिस्तान की सात विकेट से जीत

एजेंसी
**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्व कप 2024 का 22वां मुकाबला पाकिस्तान ने कनाडा के खिलाफ सात विकेट से जीतकर खुद को सुपर-8 की दौड़ में बरकरार रखा है। इस जीत के साथ बाबर आजम की टीम के नेट रनरेट में सुधार हुआ है। अब उनका नेट रनरेट +0.191 हो गया है। वहीं, टीम दो अंकों के साथ तीसरे पायदान पर पहुंच गई है। पाकिस्तान को अपना अगला मैच आयरलैंड के खिलाफ खेलना है। 16 जून को यह मुकाबला लॉडरहिल में खेला जाएगा जिसमें पाकिस्तान को बड़े अंतर से हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। अंक तालिका में शीर्ष पर चार अंकों के साथ भारत बना हुआ है। वहीं, अमेरिका चार अंकों के साथ दूसरे पायदान पर है। दोनों टीमें 12 जून को भिड़ेंगी। न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में कनाडा ने आरोन जोन्स की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में सात विकेट पर 106 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान ने मोहम्मद रिजवान की 53 रनों की नाबाद पारी की बदौलत 17.3 ओवर में तीन विकेट पर 107 रन बनाए। पाकिस्तान की यह मौजूदा टूर्नामेंट में पहली जीत है।

## यानिक सिनर एटीपी रैंकिंग में जोकोविच को हटाकर पहली बार शीर्ष पर, ज्वेरेव चौथे स्थान पर

**पेरिस।** इटली के यानिक सिनर ने जारी एटीपी रैंकिंग में चोटिल नोवाक जोकोविच को हटाकर पहली बार शीर्ष स्थान हासिल किया। सिनर एक पायदान के फायदे से पहले नंबर पर पहुंचे। इस तरह 22 साल के सिनर 1973 में शुरू हुई कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग के बाद पहले नंबर पर काबिज होने वाले इटली के पहले खिलाड़ी हैं। उन्हें एक जुलाई से शुरू होने वाले विम्बलडन में शीर्ष वरीयता मिलेगी। सिनर ने इस सत्र में तीन खिताब जीते जिसमें जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब भी शामिल है। कार्लोस अल्काराज तीसरे ग्रैंडस्लैम की बदौलत रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचे जबकि जोकोविच तीसरे और एलेक्जैंडर ज्वेरेव चौथे स्थान पर हैं। अल्काराज ने ज्वेरेव को हराकर फ्रेंच ओपन खिताब जीता था। महिलाओं के वर्ग में इगा स्वियातेक रोलां गैरों पर लगातार तीसरी ट्राफी (पांच मेजर खिताब) की बदौलत डब्ल्यूटीए रैंकिंग में पहले स्थान पर अपनी बढ़त बढ़ाने में सफल रहीं। अमेरिका की 20 वर्षीय कोको गॉफ तीसरे नंबर से दूसरे नंबर पर पहुंची जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। वह फ्रेंच ओपन एकल के सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन स्वियातेक से हार गयीं। गॉफ ने कैटरीना सिनियाकोवा के साथ मिलकर पहला ग्रैंडस्लैम युगल खिताब अपने नाम किया। दो बार की आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन आर्यना सबालेंका दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गयीं। 2022 विम्बलडन विजेता एलीना रिबाकिना चौथे स्थान पर हैं।

## आईओए का बड़ा फैसला, ओलंपिक जाने वाले पहलवानों को देगा सहयोग, विनेश की मांग भी स्वीकारी

**नई दिल्ली।** ओलंपिक जाने वाले देश के छह पहलवानों को सहायता देने पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बड़ा बयान जारी किया है। बताया जा रहा है कि संघ पहलवानों की मदद करेगा। इसके अलावा राष्ट्रीय ओलंपिक समिति और डब्ल्यूएफआई (भारतीय कुश्ती महासंघ) ने शीर्ष पहलवान विनेश फोगाट की ट्रेनिंग के लिए और अधिक मदद के अनुरोध को भी स्वीकार कर लिया है। छह भारतीय पहलवानों में महिला वर्ग में विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंतिम पंघाल (53 किग्रा), अंशु मलिक (57 किग्रा), निशा दहिया (68 किग्रा) और रीतिका हुड्डा (76 किग्रा) तथा पुरुष वर्ग में अमन सहरावत (57 किग्रा) ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया है। आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि इस कदम का उद्देश्य पहलवानों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे पहलवानों को सर्वश्रेष्ठ संसाधन की मदद मिले जिससे वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। यह फैसला हमारी ऐसे माहौल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है जिसमें खिलाड़ी आगे बढ़ सकें।आईओए और डब्ल्यूएफआई पहलवानों के लिए ओलंपिक तक एक ऐसी सहयोगी टीम बनाने की योजना बना रहे हैं जिसमें कोच, फिजियोथेरेपिस्ट, पोषण विशेषज्ञ, मेंटल कंडिशनिंग कोच और अन्य जरूरी स्टाफ शामिल हों।

## अकादमी को एआईएफएफ का सर्वश्रेष्ठ ग्रासरूट सेंटर पुरस्कार मिला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल की फुटबॉल अकादमी Academy के युवा प्रतिभाओं को निखारने और केंद्र शासित प्रदेश में जमीनी स्तर पर फुटबॉल के विकास को बढ़ावा देने के असाधारण प्रयासों और समर्पण को मान्यता देते हुए, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने अकादमी को 2023-24 के लिए सर्वश्रेष्ठ ग्रासरूट सेंटर का पुरस्कार दिया है।एआईएफएफ ने प्रतिष्ठित एआईएफएफ ब्लू क्यूब्स डेवलपमेंट सेंटर पहल के लिए जेकेएससी की फुटबॉल अकादमी का भी चयन किया है, जो जमीनी स्तर पर फुटबॉल प्रतिभाओं को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए अकादमी की गतिविधियों और उपलब्धियों को और सुव्यवस्थित करेगा।विशेष रूप से, एआईएफएफ ब्लू क्यूब्स डेवलपमेंट सेंटर पहल युवा फुटबॉलरों को निखारने, उन्हें कम उम्र से ही पेशेवर प्रशिक्षण और अनुभव प्रदान करने का प्रयास करती है।

# टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 विकेट लेने वाले दूसरे पाकिस्तानी गेंदबाज बने हारिस राउफ

एजेंसी
**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तानी तेज गेंदबाज हारिस राउफ ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 100 विकेट पूरे कर लिये हैं। उन्होंने यह उपलब्धि नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे विश्व कप के ग्रुप ए मुकाबले में कनाडा के खिलाफ हासिल की। कनाडा के खिलाफ मैच में राउफ ने अपने चार ओवर के स्पेल में 26 रन देकर 2 विकेट लिये। जिससे उनके कुल 71 मैचों में 101 विकेट हो गए। श्रेयस मोव्वा क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में उनका 100वां विकेट था, जबकि रविंदरपाल सिंह उनके 101वें शिकार बने। वह तीन अंकों की उपलब्धि हासिल करने वाले सिर्फ दूसरे पाकिस्तानी खिलाड़ी बने। ऑलराउंडर शादाब खान यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी थे। उन्होंने मेन इन ग्रीन के लिए 103 मैचों में 107 विकेट लिए उनसे आगे केवल अफगानिस्तान और श्रीलंका के कप्तान राशिद खान और वानिंदु हसरंगा हैं। राशिद ने 53



हैं। कुल मिलाकर, राउफ 100 विकेट के मील के पत्थर तक पहुंचने वाले तीसरे सबसे तेज खिलाड़ी हैं। मैचों में यह उपलब्धि हासिल की, जबकि हसरंगा ने 63 मैचों में 100 विकेट का आंकड़ा छुआ।

# पेरिस ओलंपिक टेनिस: रोहन बोपन्ना, सुमित नागल ने भारत के लिए कोटा हासिल किया

एजेंसी
**नई दिल्ली।** टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और सुमित नागल ने क्रमशः युगल और एकल प्रतियोगिता में एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल्स (एटीपी) रैंकिंग के जरिए भारत के लिए पेरिस ओलंपिक 2024 कोटा हासिल कर लिया है।टेनिस के लिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन विंडो सोमवार को समाप्त हो गई और दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी बोपन्ना ने आराम से अपना कोटा हासिल कर लिया, जो पिछले साल नवंबर से युगल प्रतियोगिता के शीर्ष 10 में शामिल हैं। पिछले हफ्ते एकल रैंकिंग में 18 स्थानों की छलांग लगाने के बाद नागल ने भी कोटा हासिल किया। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, रविवार को जर्मनी के हीलब्रॉन नेकरकप में एटीपी चैलेंजर खिताब जीतने के बाद नागल 95वें स्थान से करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 77वें स्थान पर पहुंच गए। पेरिस 2024 में पुरुष और महिला एकल



स्पर्धा में 64-64 खिलाड़ी भाग लेंगे। 10 जून को जारी एटीपी रैंकिंग के अनुसार पुरुष एकल स्पर्धा के शीर्ष 56 खिलाड़ियों को अपने कोटा मिल गए हैं। प्रत्येक देश अधिकतम चार कोटा हासिल कर सकता है। फ्रांस के पास मेजबान देश के तौर पर एक कोटा स्थान आरक्षित था, ताकि अगर उनका कोई भी खिलाड़ी रैंकिंग के ज़रिए ओलंपिक में सीधे स्थान हासिल न कर पाए तो उसे यह स्थान मिल सके। लेकिन चूंकि फ्रांस ने अपनी रैंकिंग के ज़रिए सभी चार पुरुष एकल कोटा हासिल कर लिए थे, इसलिए मेजबान देश के कोटे को पूल में वापस जोड़ दिया गया और कट-ऑफ 56 से बढ़कर 57 खिलाड़ी हो गया।

# टी-20 विश्व कप: श्रीलंका-नेपाल मैच बारिश के कारण रद्द, दक्षिण अफ्रीका सुपर 8 में

एजेंसी
**फ्लोरिडा।** बुधवार को फ्लोरिडा के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में श्रीलंका और नेपाल के बीच टी 20 विश्व कप 2024 मैच में बारिश के कारण बिना टॉस के रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों को इस मैच से एक-एक अंक मिला। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका सुपर 8 चरण के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई है।

**श्रीलंका के सुपर 8 की संभावनाओं को लगा झटका**

इस बारिश से श्रीलंका को सबसे ज्यादा नुकसान होगा क्योंकि उनके सुपर आठ क्वालीफिकेशन की संभावनाएँ खतरे में हैं। श्रीलंका अपने पहले दो मैच हारने और इस मैच के रद्द होने के बाद ग्रुप डी अंक तालिका में सबसे नीचे है, जबकि




नेपाल केवल एक मैच हारने के कारण चौथे स्थान पर है।श्रीलंका को अब नीदरलैंड के खिलाफ अपना अंतिम मैच जीतना होगा। लेकिन, उनकी किस्मत उनके हाथ में नहीं है क्योंकि अब बांग्लादेश को नेपाल और नीदरलैंड दोनों से हारना होगा।

जब नेपाल के लिए क्वालीफिकेशन परिदृश्य की बात आती है, तो उन्हें दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश दोनों को हराना होगा और उम्मीद करनी होगी कि नीदरलैंड अपने अगले दो मैच हार जाए। इन दोनों टीमों के लिए आगे की राह कठिन है।

**फ्लोरिडा में होने वाले अन्य मैचों पर भी है बारिश का खतरा**

फ्लोरिडा में तीन और मैच होने हैं, लेकिन उनके लिए भी स्थिति अच्छी नहीं लग रही है। फ्लोरिडा में पूरे सप्ताह बारिश और आंधी-तूफान की भविष्यवाणी की गई है। यूएसए शुक्रवार को इस मैदान पर आयरलैंड की मेज़बानी करेगा और उसके बाद 15 तारीख को भारत बनाम कनाडा और 16 तारीख को पाकिस्तान बनाम आयरलैंड का मैच होगा।

## खो-खो में जोन गुंडना ने अस्सर को हराया; बट्यास कबड्डी टीम ने ठाठरी को हराया

एजेंसी
**डोडा।** स्पोर्ट्स स्टेडियम डोडा में आयोजित जिला स्तरीय अंतर क्षेत्रीय टूर्नामेंट के चौथे दिन विभिन्न जोन की टीमों ने कबड्डी, खो-खो और अन्य खेलों में कड़ी प्रतिस्पर्धा की।

इस आयोजन में जिला डोडा के 10 विभिन्न जोन के 320 से अधिक उत्साही छात्र-छात्राओं और खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिन्होंने एथलेटिक्स और टीम वर्क का शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-14 गर्ल्स खो-खो में फाइनल मैच में जोन गुंडना और अस्सर के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। जोन गुंडना ने असाधारण कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए अस्सर को 2 अंकों के करीबी अंतर से हराया। कबड्डी के फाइनल मैच में भट्यास और ठाठरी की टीमें भिड़ीं जिसमें दोनों पक्षों ने जोरदार मुकाबला किया। हालांकि भट्यास की टीम ने अपनी ताकत और रणनीतिक खेल का प्रदर्शन करते हुए ठाठरी पर 13 अंकों की उल्लेखनीय बढ़त से निर्णायक जीत हासिल की।

इन मैचों में कड़ी प्रतिस्पर्धा, असाधारण खेल भावना और प्रतिभागियों तथा दर्शकों दोनों से ही उत्साहपूर्ण समर्थन देखने को मिला। प्रत्येक टीम ने सराहनीय समर्पण, कौशल और टीम वर्क का प्रदर्शन किया जिससे यह आयोजन खेल भावना और एथलेटिक उत्कृष्टता का एक यादगार उत्सव बन गया।

# भारत फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफिकेशन दौड़ से बाहर, कतर ने 2-1 से हराया

एजेंसी
**दोहा।** फीफा विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफिकेशन में भारत का अभियान विवादास्पद तरीके से समाप्त हो गया, जब कतर ने मंगलवार रात दोहा के जसीम बिन हमद स्टेडियम में विश्व कप क्वालीफायर दूसरे दौर के ग्रुप ए मुकाबले में 2-1 से जीत हासिल की। भारत ने खेल के 72वें मिनट तक बढ़त बनाए रखी, लेकिन कतर ने यूसुफ अयमन के विवादास्पद गोल की बदौलत बराबरी हासिल कर ली। बासम अल-रवी ने खेल के अंतिम मिनटों में एक और गोल करके अपनी टीम को 2-1 से जीत दिला दी और क्वालीफिकेशन की दौड़ में इगोर स्टिमक की टीम का सफर खत्म कर दिया। कतर ने भारत के डिफेंसिव बॉक्स में शुरुआती बढ़त हासिल की, लेकिन राहुल भेके ने खतरे का अनुमान लगाया और कॉर्नर के लिए गेंद को क्लीयर किया। कॉर्नर किक के नज़दीक पोस्ट की ओर डिलीवर होने के बाद मोहियालदीन ने गेंद को फ्लिक किया



लेकिन कप्तान गुरप्रीत ने उसे बचा लिया। भारतीय टीम को गेंद पर कब्ज़ा बनाए रखने में संघर्ष करना पड़ा, खासकर मिडफ़ील्ड क्षेत्र में। गतिरोध को तोड़ने का कतर के लिए सुनहरा मौका 12वें मिनट में आया जब गौडा ने दाएं फ्लैंक पर एक बेहतरीन टच बनाया और जय गुप्ता को दूर धकेल दिया। उन्होंने बॉक्स के अंदर अपना रास्ता बनाया और कटबैक पास हासिल किया। अलरावी ने पहली बार शॉट लिया लेकिन मेहताब सिंह ने शानदार बचाव कर कतर का यह प्रयास असफल कर दिया। मैच के 37वें मिनट में लालियांज़ुआला छांगटे ने गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले हॉफ की समाप्ति पर भारत 1-0 से आगे रहा। दूसरे हाफ की शुरुआत में भारत ने मैदान पर थोड़ी लापरवाही बरती। हाफ की शुरुआत में ही उन्होंने दो बार गेंद खो दी, जिससे कतर को खेल को बराबर करने का मौका मिल गया। खेल खत्म होने में लगभग 20 मिनट बचे थे, लेकिन भारत ने अपनी बढ़त को बढ़ाने के बजाय उसे बचाने की कोशिश की। कतर ने विवादास्पद गोल के बाद खेल को बराबर कर दिया। यूसुफ अयमन ने 75वें मिनट में नेट के पीछे से गोल मारा। गुरप्रीत द्वारा अयमन के हेडर को बचाए जाने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को लगा कि गेंद खेल से बाहर चली गई है।

रेफरी की सीटी नहीं बजी और भारतीय खिलाड़ियों ने विरोध करना शुरू कर दिया। वीडियो असिस्टेंट रेफरी की अनुपस्थिति में रेफरी ने असिस्टेंट रेफरी से सलाह ली। गोल तो दे दिया गया लेकिन रीप्ले में साफ दिख रहा था कि गेंद खेल से बाहर चली गई थी। भारत की रात तब और खराब हो गई जब 85वें मिनट में बासम अल-रवी ने गुरप्रीत को छकाते हुए गोल किया और कतर को 2-1 की बढ़त दिला दी।

## एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी करेगा भारत

एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारत दिसंबर 2025 में होने वाले पहले जूनियर हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के कार्यकारी बोर्ड ने भारत को जूनियर हॉकी विश्व कप के मेजबान के रूप में नामित किया। यह पहली बार होगा जब एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप में 24 टीमें शामिल होंगी। हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति के अनुसार, एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने कहा, अधिक संख्या में राष्ट्रीय संघों को खेलने के अधिक अवसर देना हमारी सशक्तिकरण और जुड़ाव रणनीति के प्रमुख स्तंभों में से एक है। हमने इस साल ओमान में एफआईएच हॉकी विश्व कप में देखा कि कैसे अधिक विविधता हमारे आयोजनों में एक बड़ा अतिरिक्त मूल्य लाती है। इकराम ने कहा, इसलिए, मुझे बहुत खुशी है कि हमने एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप के लिए भाग लेने वाली टीमों की संख्या बढ़ा दी है और मैं अगले साल हमारे खेल के भविष्य का प्रतिनिधित्व करने वाली इन 24 युवा टीमों को देखने के लिए उत्सुक हूं! इस स्तर पर, मैं एक और शानदार आयोजन आयोजित करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए हॉकी इंडिया के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं! हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, हमें खुशी है कि अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी के लिए भारत को चुना है। हम इस टूर्नामेंट की जिम्मेदारी हमें सौंपने के लिए एफआईएच और एफआईएच अध्यक्ष दातो तैयब इकराम को अपना हार्दिक धन्यवाद देना चाहते हैं। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में भारत के बढ़ते महत्व को दर्शाता है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए खेल को विकसित करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम भारत के समृद्ध हॉकी इतिहास को साझा करने और युवा प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, और हम एफआईएच के हम पर भरोसे की सराहना करते हैं।

# बंगाल प्रो टी20 लीग: सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने जीत के साथ की अपने अभियान की शुरुआत

एजेंसी
**कोलकाता।** बंगाल प्रो टी 20 लीग के उद्घाटन मुकाबले में देर रात सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने एक लो स्कोरिंग मुकाबले में हार्बर डायमंड्स को 8 रन से हराकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्ट्राइकर्स की टीम 20 ओवरों में महज 141 रन ही बना सकी, जवाब में डायमंड्स की टीम बादल सिंह बलियान की 22 गेंदों में 37 रनों की पारी के बावजूद टीम महज 133 रन ही बना सकी।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सिलीगुड़ी टीम की शुरुआत काफी खराब रही और उसने दूसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज अभिषेक रमन का विकेट खो दिया। जिसके बाद अंकुर पाल और विशाल भाटी ने 38 रनों की साझेदारी करके पारी को संभाला, लेकिन पावरप्ले खत्म होते होते टीम ने अपना दूसरा सलामी बल्लेबाज भी खो दिया। एक समय टीम का स्कोर 11 ओवर में 81 रन पर 5 विकेट था। यहां से विकास सिंह और शांतनु ने एक संभली हुई पारी खेलते हुए स्कोर को 100 रन के पार पहुंचाया। आकाश दीप भी कुछ खास कमाल नहीं कर



पाए और टीम 19.3 में ओवरों में 141 रन ही बना सकी। 142 रनों का पीछा करने उतरी हार्बर डायमंड्स को पहला झटका दूसरे ओवर में सायन मंडल के रूप में लगा जो सिर्फ 4 रन ही बना सके। टीम ने चौथे ओवर में अपना दूसरा विकेट भी खो दिया।डायमंड्स की शुरुआत काफी धीमी रही और वह पहले 10 ओवर में सिर्फ 64 रन ही बना सकी। टीम की स्थिति तब और खराब हो गई जब 13वें और 14वें ओवर में उन्हें लगातार 2 और विकेट खो दिये। हालांकि बादल एक छोर पर मजबूती के साथ मुस्तैद थे।कप्तान मनोज तिवारी भी कुछ खास कमाल नहीं कर पाए और 13 गेंदों में मात्र 4 रन ही बना सके। आखिरी ओवर में डायमंड्स को 6 गेंदों में 17 रनों की जरूरत थी और जैसे ही बादल ने गेंद को सीमा रेखा पार कराने की कोशिश की वो अपना विकेट दे बैठे और टीम लक्ष्य से 9 रन पीछे रह गई।

# चेन्नईयिन एफसी ने कोलंबियाई स्ट्राइकर विल्मार जॉर्डन गिल के साथ किया करार

एजेंसी
**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने 2024-25 सीज़न से पहले कोलंबियाई स्ट्राइकर विल्मर जॉर्डन गिल के साथ करार किया है। विल्मर ने 2022 में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के साथ आईएसएल में पदार्पण किया। इसके बाद उन्होंने अगले सीजन में आईएसएल में पदार्पण करने वाले पंजाब एफसी के साथ अपना शानदार सफर जारी रखा, जिसमें उन्होंने 15 मैचों में आठ गोल किए।

दो बार के आईएसएल विजेता चेन्नईयिन में शामिल होने पर जॉर्डन ने कहा, मैं इस बेहतरीन क्लब और टीम का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं और मुझे दिए गए इस शानदार अवसर के लिए निर्देशकों और कोच का बहुत आभारी हूं। मैंने हमेशा चेन्नई में खेलने का सपना देखा है और अब मुझे यह खूबसूरत मौका मिला है। बहुत मेहनत, विनम्रता और त्याग के साथ, हम अपने लिए निर्धारित सभी उद्देश्यों को पूरा कर सकते हैं और खिताब जीत सकते हैं। चेन्नईयिन के साथ एक साल के करार पर जुड़े जॉर्डन के आने से क्लब की 2024-25 सत्र के लिए पांचवीं साइनिंग और एल्सिन्हो डायस और चीमा चुक्वू के बाद उनका तीसरा विदेशी




अधिग्रहण हुआ है। क्लब ने पहले कप्तान रयान एडवर्ड्स के करार विस्तार की घोषणा की थी। करार पर कोच ओवेन कॉयल ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, विल्मर का करियर शानदार रहा है और उन्होंने हर जगह गोल किए हैं। नॉर्थईस्ट और पंजाब के बीच 33 मैचों में 24 गोल करना एक स्ट्राइकर के लिए शानदार अनुपात है। हम अपने अटैक में इस तरह की ताकत जोड़कर खुश हैं। अपने पूरे करियर के दौरान, विल्मर ने घरेलू लीग और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने वेनेजुएला में मोनागास के साथ अपने वरिष्ठ करियर की शुरुआत की, जहाँ उन्होंने 35 मैच खेले और 20 गोल के साथ शीर्ष स्कोरर के रूप में उभरे।

## पेरिस ओलंपिक के लिए 15 सदस्यीय भारतीय राइफल और पिस्टल टीम घोषित

एजेंसी
**नई दिल्ली।** सीनियर चयन समिति की वर्चुअल बैठक के बाद नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने पेरिस ओलंपिक के लिए 15 सदस्यीय भारतीय राइफल और पिस्टल टीम की घोषणा कर दी। महिला पिस्टल दिग्गज और अब दूसरी बार ओलंपिक में भाग लेने वालीं मनु भाकर एकमात्र निशानेबाज़ होंगी जो एक से अधिक व्यक्तिगत स्पर्धाओं, महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में भाग लेंगी। टीम में राइफल स्पर्धा में आठ और पिस्टल स्पर्धा में सात निशानेबाज हैं। कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ टीम के सभी सदस्य इस समय फ्रांस के वोल्मेरेंज-लेस-माइंस में एक शिविर में हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य घर वापस आने के पश्चात दो सप्ताह का ब्रेक लेने से पहले अनुकूलन और कठिन प्रशिक्षण करना है। टीम चयन पर एनआरएआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, चयन समिति ने बैठक की और विस्तार से विचार-विमर्श किया। विस्तार से विचार-विमर्श करने के बाद, हमें लगता है कि हमने योग्यता के अनुसार और नीति पर कायम रहते हुए मौजूदा फॉर्म में सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन किया है। हमें विश्वास है कि टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए सब कुछ तैयार कर लिया गया है। राइफल और पिस्टल में हमारी गहराई को देखते हुए, कुछ बहुत अच्छे निशानेबाज टीम का हिस्सा नहीं हैं। हालांकि, उनके पास वापसी का मौका रहेगा। हम टीम को शुभकामनाएं देते हैं। भारत ने आगामी पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के लिए निशानेबाजी में 21 कोटा अर्जित किए हैं, जो एक रिकॉर्ड है। पदक के सभी 16 संभावित शॉट्स के अलावा, आठ व्यक्तिगत राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं में, भारत के पास चार व्यक्तिगत शॉटगन स्पर्धाओं में रिकॉर्ड पांच कोटा हैं। इसके अलावा, भारत पांच मिश्रित टीमें भी उतारेगा, जिसमें राइफल और पिस्टल में दो-दो और शॉटगन में एक टीम होगी। मौजूदा लोनाटो इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप के तुरंत बाद शॉटगन टीम की भी घोषणा की जाएगी। एनआरएआई आईएसएसएफ नियमों के अनुसार उचित रूप से मनु के दो आयोजनों में जगह बनाने के कारण खाली हुए अतिरिक्त कोटा स्थान का आदान-प्रदान करने पर भी विचार कर रहा है।

**पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय राइफल और पिस्टल टीम:**

**राइफल**
संदीप सिंह, अर्जुन बबूटा (10 मीटर एयर राइफल पुरुष)
एलावेनिल वलारिवन, रमिता (10 मीटर एयर राइफल महिला)
सिफ्त कौर समरा, अंजुम मौदगिल (50 मीटर राइफल 3 पोजीशन महिला)
ऐश्वर्या तोमर, स्वप्निल कुसाले (50 मीटर राइफल 3 पोजीशन पुरुष)।

**पिस्टल**
सरबजोत सिंह, अर्जुन चीमा (10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष)
मनु भाकर, रिदम सांगवान (10 मीटर एयर पिस्टल महिला)
अनीश भनवाल, विजयवीर सिद्धू (25 मीटर आरएफपी पुरुष)
मनु भाकर, ईशा सिंह (25 मीटर पिस्टल महिला)।

# ऑस्ट्रेलिया ने जीत की हैट्रिक के साथ सुपर-8 में की धांसू एंट्री

एजेंसी
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के 24वें मैच में नामीबिया को एकतरफा अंदाज में 9 विकेट से रौंद दिया। इसी के साथ मिचेल मार्श के नेतृत्व वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में जीत की हैट्रिक लगाई और सुपर-8 राउंड में क्वालीफाई किया। ऑस्ट्रेलियाई टीम दक्षिण अफ्रीका के बाद सुपर-8 राउंड में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनी। एंटीगा के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में नामीबिया ने पहले बल्लेबाजी की और पूरी टीम 17 ओवर में 72 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने महज 5.4 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। कंगारू टीम ने 86 गेंदें शेष रहते हुए 9 विकेट से मैच जीता। ऑस्ट्रेलिया की यह मौजूदा टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत है। इससे पहले उसने ओमान और इंग्लैंड को शिकस्त दी थी।

**34 गेंदों में जीत गया ऑस्ट्रेलिया**

73 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को डेविड वॉर्नर (20) और ट्रेविस हेड (18*) ने तूफानी शुरुआत दिलाई। वॉर्नर को डेविड वीज ने ट्रंपलमैन के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन लौटाया। वॉर्नर के आउट होने के बाद ट्रेविस हेड ने अपना आक्रामक रुख अख्तियार किया और 17 गेंदों में पांच चौके व दो छक्के की मदद से नाबाद 34 रन बनाए। कप्तान मिचेल मार्श ने 9 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 18 रन बनाए।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 13 जून 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## उ. रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में नया रिकॉर्ड बनाया

**मुरादाबाद:** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने बताया कि उत्तर रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में एक नया रिकॉर्ड बनाया है । 11.06.2024 को नीलामी बंद होने तक, उत्तर रेलवे चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 101.11 करोड़ रुपये के स्क्रैप का निपटान करके भारतीय रेलवे की सभी क्षेत्रीय रेलवे और उत्पादन इकाइयों के बीच स्क्रैप बिक्री में नंबर 1 पर है। उत्तर रेलवे चालू वित्त वर्ष में 100 करोड़ रुपये की स्क्रैप बिक्री में मील का पत्थर हासिल करने वाला पहला क्षेत्रीय रेलवे भी है। इस प्रक्रिया में, उत्तर रेलवे ने बिक्री हासिल करने में सबसे कम समय में 71 नीलामियों में 528 लॉट्स बेचे हैं। स्क्रैप का निपटान एक महत्वपूर्ण कार्य है । स्क्रैप से राजस्व अर्जित किये जाने के साथ-साथ, यह रेल परिसरों को साफ-सुथरा बनाए रखने में भी मदद करता है । रेल पटरियों के टुकड़े, स्लीपर, टाई-बार इत्यादि स्क्रैप को एकत्रित कर इसकी बिक्री से संरक्षा बढ़ाने में मदद मिलती है । उत्तर रेलवे ने स्टाफ क्वार्टरों, केबिनों, शेडों, वाटर टैंकों इत्यादि परित्यक्त ढांचों के निपटान के कार्य को मिशन मोड में शुरू किया है । इससे न केवल राजस्व अर्जन में मदद मिली है बल्कि बहुमूल्य स्थान की उपलब्धता भी सुनिश्चित हुई है । इससे शरारती तत्वों द्वारा पुराने ढांचों के दुरुपयोग की संभावना भी समाप्त होती है । इनका त्वरित निपटान सदैव ही रेलवे की प्राथमिकता सूची में रहा है तथा इसकी निगरानी भी उच्च स्तर पर की जाती है । उत्तर रेलवे पर बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए स्क्रैप पीएससी स्लीपरों का निपटान भी त्वरित रूप से किया जा रहा है ताकि राजस्व अर्जित करने के साथ-साथ बहुमूल्य भूमि को रेल गतिविधियों के लिए खाली रखा जा सके । जीएम ने कहा कि उत्तर रेलवे जीरो स्क्रैप स्टेटस हासिल करने और इस वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक स्क्रैप बिक्री रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए मिशन मोड में कार्य करते हुए अपने परिसरों को स्वच्छ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## उत्तर प्रदेश में लू से अभी राहत नहीं

**कानपुर:** बंगाल की खाड़ी से मानसून आगे बढ़ रहा है जिसका असर उत्तर प्रदेश में भी पड़ रहा है। इससे उत्तर प्रदेश में बादलों की आसमान में आवाजाही तो बनी है पर तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं। ऐसे में फिलहाल मानसून आने तक उत्तर प्रदेश में लू का कहर बरकरार रहेगा। हालांकि बीच-बीच में स्थानीय स्तर पर तेज धूल भरी आंधी के साथ मेघ गर्जन की भी संभावना है। अगले 24 घंटों के दौरान महाराष्ट्र, तटीय और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक और तेलंगाना में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश संभव है।

# यूपी में नौकरियों की आएगी बहार...

### यूपी में रिक्त पदों पर जल्द शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया, योगी सरकार ने दिये पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग में भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश

भर्ती प्रक्रिया

▸▸ विभाग में पदोन्नति के लम्बित पदों पर यथाशीघ्र पदोन्नतियां करने के निर्देश भी दिये गये हैं



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: योगी सरकार प्रदेश** के पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग में रिक्त पदों पर जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इसके लिए सरकार की ओर से विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके अलावा विभाग में पदोन्नति के लम्बित पदों पर यथाशीघ्र पदोन्नतियां करने के निर्देश भी दिये गये हैं। उल्लेखनीय है कि पशुधन विभाग में पशु चिकित्सा सेवा के 424 तथा पशुधन प्रसार अधिकारी के 1083 पद रिक्त हैं। दुग्ध विकास विभाग में मुख्य दुग्धशाला विकास अधिकारी के 2, दुग्धशाला विकास अधिकारी के 3, वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक के 26 तथा राजकीय दुग्ध परिवेक्षक के 209 पद रिक्त हैं। सरकार इसके अलावा विभाग में आवश्यता अनुरूप समूह घ के पदों पर आउटसोर्स के माध्यम से भी कार्य लेगी।

**योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि यथाशीघ्र जारी की जाए:** सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को रिक्तियों एवं विभागीय बजट की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय बजट की समीक्षा करते हुए कहा कि योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि यथाशीघ्र जारी की जाए और लक्ष्य बनाकर बजट का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए।

## रानीपुर टाइगर रिजर्व को 'ईको टूरिज्म' का हब बनाएगी योगी सरकार

वैश्विक स्तर पर

▸▸ रानीपुर टाइगर रिजर्व को 'ईको टूरिज्म अट्रैक्शन' के तौर पर विकसित करने की दिशा में बढ़ाए कदम

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के समेकित विकास की पटकथा लिख रही योगी सरकार प्रदेश की अनुपम प्राकृतिक छटा को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए भी लगातार प्रयासरत है। प्रदेश के वन्य क्षेत्रों, अभ्यारण्यों व रिजर्व सैंक्चुरीज के विकास के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार अब चित्रकूट के रानीपुर टाइगर रिजर्व को 'ईको टूरिज्म अट्रैक्शन' के तौर पर विकसित करने जा रही है। रानीपुर टाइगर रिजर्व को 'ईको टूरिज्म' का हब बनाने के लिए सीएम योगी की मंशा अनुरूप विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी जिसको क्रियान्वित करते हुए वन विभाग ने परियोजना पर कार्य शुरू कर दिया है। रानीपुर टाइगर रिजर्व में पर्यटक सुविधाओं के विकास और बफर जोन रीजन में अन्य अवसंरचनात्मक कार्यों की पूर्ति के लिए 38 लाख रुपये के अनुमानित व्यय से विकास की परियोजनाओं को पूर्ण किए जाने का खाका खींचा गया है। इन प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के लिए कार्यालय उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व/ प्रभागीय अधिकारी, चित्रकूट द्वारा आदेश जारी किया गया है।

**कई मायनों में विशिष्ट है रानीपुर टाइगर रिजर्व:** 230 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र प्रसार वाला रानीपुर टाइगर रिजर्व प्रदेश का चौथा तथा देश का 53वां टाइगर रिजर्व है। यह टाइगर रिजर्व मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व से मात्र 150 किमी की दूरी पर स्थित है। यहां बाघ के अतिरिक्त तेंदुआ, भालू, सांभर, हिरण, चिंकारा समेत तमाम प्रकार के वन्य जीवों व प्रजातियों का बसेरा है। यही कारण है कि योगी सरकार ने इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावना को देखते हुए क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दी है। पर्यावरण संरक्षण के सिद्धांतों का पालन करते हुए इस क्षेत्र का मानकों के अनुरूप विकास किया जा रहा है।

**लग्जरी टेंट एरिया समेत तमाम सुविधाओं का होगा विकास :** रानीपुर टाइगर रिजर्व में फिलहाल जिन टूरिस्ट सेंट्रिक एमिनिटीज का विकास किया जा रहा है, उनमें लग्जरी टेंट एरिया मुख्य है। यहां पर लग्जरी टेंट स्टे एरिया का विकास किया जाएगा जिससे यहां आकर रुकने वाले पर्यटकों को प्रकृति की अनुपम छटा निहारने का मौका मिलेगा। उन्हें जंगल में उत्तम नागरिक सुविधाएं तो मिलेंगी ही, साथ ही लॉन एरिया तथा पार्किंग के लिए लैंडस्केप जैसी सुविधाओं का भी विकास किया जाएगा। इतना ही नहीं, केन बेंच इंस्टॉलेशन तथा इंटरप्रिटेशन सेंटर के जरिए निगरानी प्रणाली को भी सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी।

## केंद्र में सरकार बनती तो जनता को नया जरूर देखने को मिलता: अखिलेश



**टीम एक्शन इंडिया**

**इटावा:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि केंद्र में एनडीए की सरकार जरूर बन गई है, लेकिन उनके चेहरों पर खुशी दिखाई नहीं दे रही है। जिन लोगों ने शपथ ली, वे भी खुश नहीं हैं। जनता में भी खुशी का अहसास नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि अगर आईएनडीआई गठबंधन की सरकार बनती तो जनता को कुछ नया जरूर देखने को मिलता। एनडीए सरकार से कुछ नया मिलने वाला नहीं है। अखिलेश ने कहा कि योगी सरकार ने सरकारी नौकरियां निकालनी शुरू कर दी हैं, यह अच्छा हुआ कि सरकार जनता के लिए कुछ काम शुरू कर रही है। अच्छा यह भी होता कि केंद्र सरकार अग्निवीर योजना को समाप्त कर देती।

## बिहार: सभी जिलों में प्रभारी मंत्री नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने बिहार में प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति कर दी है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पटना और विजय कुमार सिन्हा को मुजफ्फरपुर, भोजपुर का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। वहीं सीएम नीतीश कुमार के करीबी मंत्री विजय कुमार चौधरी को पूर्णिया, नालंदा और मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव को वैशाली का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के बेटे संतोष कुमार सुमन को औरंगाबाद और मंत्री सुमित कुमार संह सारण का मंत्री बनाया गया है।



**नीतीश मिश्रा को अररिया और गया का प्रभारी मंत्री बनाया गया:** वहीं बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार को नवादा, श्रवण कुमार को समस्तीपुर और मधेपुरा, पूर्व उपमुख्यंत्री रेणु देवी को सीवान, मंत्री मंगल पांडेय को दरभंगा और बेगूसराय, नीरज कुमार सिंह को कटिहार, मंत्री अशोक चौधरी को सीतामढ़ी और जहानाबाद, लेशी सिंह को मधबुनी, मदन सहनी को सुपौल, मंत्री नीतीश मिश्रा को अररिया और गया का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। जमा खान को किशनगंज और शिवहर, रत्नेश सदा को जमुई, केदार प्रसाद गुप्ता को मुंगेर, सुदेश मेहता को बांका और संतोष कुमार सिंह भागलपुर का प्रभारी मंत्री बनाया गया है

जिम्मेवारी

▸▸ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पटना और विजय कुमार सिन्हा को मुजफ्फरपुर, भोजपुर का प्रभारी मंत्री बनाया गया

## हिंदू तीर्थयात्रियों पर हुए हमले पर जताया आक्रोश

**टीम एक्श इंडिया**

**लखीमपुर खीरी:** जम्मू कश्मीर के शिव खोड़ी में हिंदू श्रद्धालुओं की बस पर हुए आतंकी हमले के विरोध में बजरंग दल व विहिप के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट गेट पर आतंकियों का पुतला फूंका और राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन डीएम महेंद्र बहादुर सिंह को सौंपा। बजरंग दल के जिला संयोजक आनंद दीक्षित ने इस दौरान बताया कि जम्मू कश्मीर में वैष्णों देवी कटरा से शिव खोड़ी जाते समय 9 जून को हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों का कायराना हमला किया।



नई दिल्ली में केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने पदभार ग्रहण किया और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने सम्मानित करते हुए।

## वंदे भारत एक्सप्रेस पर फिर पथराव

**टीम एक्शन इंडिया**

**कपूरथला:** पंजाब के फगवाड़ा में बुधवार सुबह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर फेंकने का मामला सामने आया है। पत्थरबाजी के बाद ट्रेन यात्रियों में दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार ट्रेन के सी-3 कोच पर पथराव किया गया है जिसमें दो विंडोपैन के शीशे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए है। ट्रेन के सी 3 कोच में यात्रा कर रही गुरुग्राम की रहने वाली पूनम कालड़ा और डाली ठुकराल ने बताया कि वे फगवाड़ा से दिल्ली के लिए वंदे भारत ट्रेन एक्सप्रेस में बैठी तो उनके पास वाली सीट के पास जोरदार आवाज सुनाई दी।

## उदयपुर सांसद को जान से मारने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**

उदयपुर: उदयपुर लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर सांसद बने मन्नालाल रावत को एक शख्स ने सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी दी है। इस संबंध में सांसद रावत ने पुलिस को सूचित कर मामला दर्ज करवा दिया है, जिसके बाद से ही साइबर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। बता दें कि कुछ दिन पहले सांसद ने एक मीडिया संस्थान को इंटरव्यू दिया था। जब इस इंटरव्यू की वीडियो क्लिप सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर की गई तो कुछ लोगों को पंसद नहीं आई। इसी के चलते कुछ लोगों ने वीडियो पोस्ट पर ही कमेंट करते हुए सांसद को धमकी दे डाली। जैसे ही ये धमकियां सांसद ने देखी तो उन्होंने बिना देरी पुलिस को इस बारे में सूचित किया और उनसे कार्रवाई करने के लिए कहा। बताते चलें, कानूराम मीणा के नाम से बनाई गई एक प्रोफाइल के जरिए वीडियो पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा गया है, बहुत जल्द उदयपुर में भी रगड़ा निकाल दिया जाएगा। याद रखना मन्नालाल बहुत जल्द तुम्हारी वाडीया उठने वाली है। जय जोहार जिंदाबाद। इससे एक दिन पहले इसी शख्स ने एक अन्य कमेंट में लिखा था, कंगना रनौत की तरह इसका भी गेम बजाना पड़ रहा है। इसको सांसद बना के जनता ने गलत कर दिया। बीजेपी ने उदयपुर लोकसभा सीट पर अर्जुनलाल मीणा का टिकट काटकर मन्नालाल रावत पर बड़ा दांव खेला था। इस परीक्षा में वे पास भी हो गए। मन्नालाल रावत ने कांग्रेस के ताराचंद मीणा को दो लाख 61 हजार वोटों से हरा दिया।



जांच जारी

▸▸ धमकीबाज ने कंगना रनौत की तरह गेम बजाने की बात लिखी हैं, पुलिस कर रही मामले की जांच

## बसपा नेता को हिरासत में लेने पर बवाल...



**टीम एक्शन इंडिया**

**हरदोई: हरदोई** जिले के पाली में युवराज हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होने के बाद भी राजनीति चमकाने की कोशिश करने वालों के साथ पुलिस सख्ती से पेश आई। पाली के निजामपुर में बसपा नेता को हिरासत में लिए जाने के विरोध में उनके निजी सुरक्षा कर्मियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस ने जमकर लाठियां चलाईं और महज 10 मिनट में ही स्थिति काबू में कर ली। उधर, दूसरी ओर पाली जा रहे करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पुलिस ने धारा 144 लागू होने का हवाला देते हुए मल्लावां में ही रोक लिया। देर शाम वह वापस चले गए। बीती 30 मई को पाली थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर निवासी युवराज सिंह (17) की किशोरी को लेकर हुए विवाद में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में युवराज के ताऊ की तहरीर पर तीन किशोरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज हुआ था। 30 मई की रात ही पुलिस ने मुठभेड़ के बाद हत्यारोपी तीन किशोरों और उनके दो साथियों को पकड़ लिया था।

नामजद किशोरों की मदद करने वाले युवक कामरान को पुलिस की गोली भी लगी थी और वह घायल हो गया था। बाद में मामले को राजनीतिक रंग दे दिया गया। बीती दो जून को करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह वीरू बसपा नेता राजवर्धन सिंह के साथ इस्माइलपुर पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने हत्यारोपियों के मकान पर बुलडोजर चलवाने की मांग की थी। को वह फिर से पाली जा रहे थे।

पथराव

▸▸ ासपा नेता को हिरासत में लिए जाने के विरोध में उनके निजी सुरक्षा कर्मियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया

## कतर: विवादास्पद हार के खिलाफ अपील करेगा एआईएफएफ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कतर के खिलाफ भारत की विवादास्पद हार के बाद, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने एक बयान जारी कर पुष्टि की है कि वे मैच के दौरान हुई गंभीर पर्यवेक्षण त्रुटि के खिलाफ अपील करेंगे, जिसके कारण भारत को फीफा विश्व कप क्वालीफायर राउंड 3 में जगह बनाने से हाथ धोना पड़ा। 2026 फीफा विश्व कप में जगह बनाने का भारत का सपना मंगलवार रात दोहा में कतर से 1-2 से हार के साथ टूट गया।

एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने एक आधिकारिक बयान में कहा, "मंगलवार रात फीफा 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 के प्रारंभिक संयुक्त योग्यता राउंड 2 के समापन मैच में कतर के खिलाफ हार पूरे भारतीय फुटबॉल जगत के लिए एक बड़ी निराशा थी। हालांकि जीत और हार खेल का एक अभिन्न अंग हैं, और हमने इसे विनम्रता से स्वीकार करना सीख लिया है, लेकिन कल रात भारत के खिलाफ किए गए दो गोलों में से एक ने कुछ सवालों को अनुत्तरित छोड़ दिया।"





मैच के 37वें मिनट में लालियांजुआला छांगटे ने गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले हॉफ की समाप्ति पर भारत 1-0 से आगे रहा। दूसरे हाफ में मैच के 75वें मिनट में कतर के लिए यूसुफ अयमन ने नेट के पीछे से गोल मारा। गुरप्रीत द्वारा अयमन के हेडर को बचाए जाने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को लगा कि गेंद खेल से बाहर चली गई है। रेफरी की सीटी नहीं बजी और भारतीय खिलाड़ियों ने विरोध करना शुरू कर दिया। वीडियो असिस्टेंट रेफरी की अनुपस्थिति में रेफरी ने असिस्टेंट रेफरी से सलाह ली।

शिकायत

▸▸ पर्यवेक्षण त्रुटि के खिलाफ अपील करेंगे, भारत को क्वालीफायर राउंड 3 में जगह बनाने से हाथ धोना पड़ा

## चंडीगढ़: इंस्टीट्यूट-एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** चंडीगढ़ के गवर्नमेंट मेडिकल रिसर्च अस्पताल सेक्टर-32 के मेंटल हेल्थ इंस्टीट्यूट और एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ईमेल के जरिए धमकी दी गई है। धमकी मिलते ही अस्पताल के प्रशासनिक व सिक्योरिटी अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सूचना पाते ही चंडीगढ़ पुलिस, बम स्क्वायड, क्राइम ब्रांच सहित अन्य कई जांच टीमें अस्पताल में पहुंच गई है। इंस्टीट्यूट में करीब 15 मरीज और अन्य स्टाफ था लेकिन धमकी आने के बाद पूरे संस्थान को खाली करवा दिया गया है। इंस्टीट्यूट में भर्ती मरीजों को सेक्टर 48 के अस्पताल में शिफ्ट किया जा रहा है। मौके पर काफी संख्या में पुलिस बल सहित पुलिस के कई बड़े अधिकारी भी मौजूद हैं। वहीं मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने दावा किया है कि पूरे इंस्टीट्यूट की तलाशी ले ली गई है लेकिन यहां कुछ भी संदिग्ध बम जैसा नहीं मिला है। हालांकि अब बम स्कवाड की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। धमकी भरी ईमेल कहां से आई थी, इसकी जांच अभी की जा रही है। डीएसपी दलबीर सिंह ने कहा कि तलाशी अभियान के दौरान कुछ नहीं मिला है।

**एयरलिफ्ट** चुनावी मशीनरी को दूरस्थ स्थानों तक ले जाने के लिए किया एयरलिफ्ट, सेना और बीएसएफ के हेलीकॉप्टरों को भी उड़ानों में शामिल किया गया

## लोकसभा चुनावों के दौरान वायु सेना के हवाई बेड़े ने निभाई अहम भूमिका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनावों के दौरान भारतीय वायु सेना की भी अहम भूमिका रही है। युद्ध और शांति काल में विभिन्न कार्य करने वाले वायु सेना के परिवहन और हेलीकॉप्टर बेड़े को चुनावों के बीच प्रशासनिक मशीनरी को एयरलिफ्ट करने के लिए तैनात किया गया था। वायु सेना के मीडियम लिफ्ट हेलीकॉप्टरों (एमआई-17 वेरिएंट), लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टरों (चेतक) और स्वदेशी रूप से निर्मित एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव ने इस दौरान पर्याप्त उड़ान भरकर पोलिंग पार्टी को दूरस्थ स्थानों तक पहुंचाने और वापस लाने का कार्य किया है। वायु सेना का हवाई बेड़ा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय अभ्यासों के दौरान लड़ाकू सैनिकों को हवाई मार्ग से ले जाने और शांतिकालीन भूमिका के अलावा राष्ट्र निर्माण की दिशा में कई कार्य करता है। नागरिक शक्ति की सहायता में भारतीय वायुसेना विशेष रूप से सबसे आगे रही है।



हाल ही में हुए लोकसभा आम चुनाव के दौरान मीडियम लिफ्ट हेलीकॉप्टरों (एमआई-17 वेरिएंट), लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टरों (चेतक) और स्वदेशी रूप से निर्मित एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव ने पर्याप्त उड़ान भरी हैं। वायु सेना इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को पोलिंग पार्टी के साथ एयरलिफ्ट करने और चुनाव ड्यूटी पर भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के कर्मियों को तैनात करने के कार्य में सक्रिय रूप से शामिल रही है। आम चुनावों के दौरान भारतीय वायु सेना ने देश के दूरदराज के इलाकों तक चुनाव कर्मियों की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां सड़क मार्ग से आवाजाही एक सुरक्षा चिंता का विषय थी।

सहयोग

▸▸ परिवहन और हेलीकॉप्टर बेड़े को चुनावों के बीच मशीनरी को एयरलिफ्ट करने के लिए तैनात किया गया

## इलाज के लिए अभिषेक बनर्जी ले रहे हैं राजनीति से 'छोटा ब्रेक'

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी चिकित्सा उपचार के लिए राजनीति से 'छोटा ब्रेक' ले रहे हैं। अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को खुद सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही अभिषेक ने लिखा, 'केंद्र-राज्य संघर्ष' में बंगाल के लोग आवास अधिकार से वंचित हैं। तृणमूल ने वादा किया है कि दिसंबर तक इसे पूरा किया जाएगा। अभिषेक ने पोस्ट में बताया कि इसे सुनिश्चित करने का अनुरोध उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से किया है। अभिषेक ने लिखा, "मैं इलाज के लिए संगठन से एक छोटा सा ब्रेक लूंगा। इस दौरान मुझे आम लोगों की जरूरतों को बेहतर ढंग से समझने का अवसर मिलेगा। मुझे विश्वास है कि राज्य सरकार लोगों की समस्याओं का शीघ्र और अच्छे से समाधान करेगी और यह भी सुनिश्चित करेगी कि लोगों को न्याय मिले।"



सेहत पर ध्यान

▸▸ 'केंद्र-राज्य संघर्ष' में बंगाल के लोग आवास अधिकार से वंचित हैं। दिसंबर तक इसे पूरा किया जाएगा